@Qpatrika  @qaumipatrika hindi  instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
रविवार, 11 मई 2025

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 18 अंक 180 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

# पाकिस्तान ने संघर्ष विराम का घोर उल्लंघन किया, सेना को सख्ती से निपटने के आदेश

**सिम्मी कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 10 मई। पाकिस्तान अपनी कायराना हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। संघर्ष विराम को कुछ घंटों के अंदर ही पाकिस्तान की ओर जम्मू कश्मीर और राजस्थान में कई जगहों पर संघर्ष विराम का उल्लंघन हुआ है। इसको लेकर विदेश मंत्रालय ने रात करीब 11 बजे एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने देर रात प्रेस वार्ता में पाकिस्तान से इस तरह के उल्लंघन से बचने के लिए उचित कदम उठाने तथा स्थिति से गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ निपटने का आह्वान किया। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने बताया कि भारत और पाकिस्तान के डीजीएमओ के बीच पिछले कुछ दिनों से चल रही कार्रवाई को रोकने का समझौता शनिवार शाम हुआ था। पिछले कुछ घंटों से इस समझौते का पाकिस्तान की ओर से घोर उल्लंघन हो रहा है। भारतीय सेना जवाबी कार्रवाई कर रही है और इस सीमा अतिक्रमण से निपट रही है। विदेश सचिव ने कहा कि यह अतिक्रमण अत्यंत निंदनीय है और पाकिस्तान इसके लिए जिम्मेदार है। पाकिस्तान इस स्थिति को ठीक से समझे और इसे रोकने के लिए तुरंत कार्रवाई करे। सेना ने इस पर कड़ी नजर रखी हुई है और उसे किसी भी अतिक्रमण से निपटने के लिए ठोस और सख्त कदम उठाने के आदेश दे दिए गए हैं। मिस्त्री ने कहा, शस्त्र बल स्थिति पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं। उन्हें अंतरराष्ट्रीय सीमा के साथ-साथ नियंत्रण रेखा पर सीमा उल्लंघन की किसी भी घटना की पुनरावृत्ति होने पर सख्ती से निपटने के निर्देश दिए गए हैं। इससे पहले भारत पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम की पुष्टि विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने की। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने कहा, %पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशक (डीजीएमओ) ने आज दोपहर 3=35 बजे भारतीय डीजीएमओ को फोन किया। उनके बीच यह सहमति बनी कि दोनों पक्ष भारतीय मानक समयानुसार 1700 बजे से ज़मीन, हवा और समुद्र में सभी तरह की गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद कर देंगे। आज दोनों पक्षों को इस सहमति को



लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। सैन्य संचालन महानिदेशक 12 मई को 1200 बजे फिर से बात करेंगे। विदेश सचिव की यह संक्षिप्त घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के यह कहने के तुरंत बाद आई कि भारत और पाकिस्तान अमेरिका की मध्यस्थता में वार्ता के बाद पूर्ण और तत्काल युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं। इससे पहले अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत विदेश मंत्री एस. जयशंकर और पाकिस्तानी उप-प्रधानमंत्री व विदेश मंत्री इशाक डार के साथ अलग-अलग बात की थी। विदेश विभाग के प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने शनिवार की सुबह एक बयान में यह जानकारी दी थी। दरअसल, 7 मई को पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर भारत के ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद पाकिस्तान की ओर से 15 भारतीय शहरों को निशाना बनाए जाने के बाद दोनों के बीच तनाव काफी बढ़ गया था।

## पूर्व रक्षा मंत्री ने सशस्त्र बलों के एक्शन का किया समर्थन: एके एंटनी

**नसीरउद्दीन**

नई दिल्ली, 10 मई। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व रक्षा मंत्री एके एंटनी ने पाकिस्तान के खिलाफ जारी संघर्ष में भारतीय सशस्त्र बलों का पूरा समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने सुरक्षा बलों को पूरी छूट दे दी है और उनका पूरा समर्थन किया है। गौरतलब है कि भारत और पाकिस्तान के बीच पहलगाम आतंकी हमले के बाद से ही तनाव शुरू हो गया था। जिसने बीते बुधवार को संघर्ष का रूप ले लिया, जब भारत ने पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों पर हमला बोला और कई आतंकियों को ढेर कर दिया। इसके जवाब में पाकिस्तान ने भारत के कई शहरों पर हमले की कोशिश की, लेकिन भारत के सशस्त्र बलों ने उसके हमले को नाकाम कर दिया। कर्नल सोफिया कुरैशी ने शनिवार को विदेश मंत्रालय की प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि पाकिस्तान ने पूरी पश्चिमी सीमा पर लड़ाकू विमानों, लॉन्ग रेंज म्यूनिशन और ड्रोन्स से हमला किया। पाकिस्तान ने 26 से अधिक स्थानों पर घुसपैठ की कोशिश की गई, भारतीय सेना ने अधिकतर को ध्वस्त कर दिया। पाकिस्तान ने सुबह हाई स्पीड मिसाइल का इस्तेमाल करके पंजाब के एयरबेस स्टेशन पर हमले की कोशिश की। पाकिस्तान द्वारा नागरिक ठिकानों पर हमले की कोशिश की गई। पाकिस्तान द्वारा सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश के बाद भारत ने पाकिस्तान के हथियार भंडार और सैन्य ठिकानों पर जवाबी कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान ने नागरिक विमानों की आड़ लेकर हमला किया। ऐसे में भारत ने नागरिक सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए सटीकता से कार्रवाई की। पाकिस्तान ने भारत के सैन्य ठिकानों को तबाह करने के झूठे दावे फैलाए।

## दिल्ली विधानसभा में आप पेश करेगी दो महत्वपूर्ण प्रस्ताव: आतिशी

**संजय कुमार**

दिल्ली, 10 मई। दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने एक्स पर पोस्ट साझा कर एक अहम जानकारी साझा की है। आतिशी ने एक्स पर लिखा कि 13 मई से शुरू हो रहे दिल्ली विधानसभा के सत्र में आप विधायक दल दो महत्वपूर्ण प्रस्ताव ला रहा है। आगे लिखा कि पहला निंदा प्रस्ताव है। जिसमें हम जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर हुए कायराना आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हैं। हम चाहते है कि मानवता के खिलाफ हुए इस हमले की दिल्ली विधानसभा कड़े शब्दों में निंदा करे। आतिशी ने आगे लिखा कि दूसरा धन्यवाद प्रस्ताव है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत



आतंकवाद और उसके समर्थकों के खिलाफ भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा छेड़ी गई मुहिम के सम्मान में लाया जा रहा है। हम भारतीय सेना के साहस और उनके परिवारों के त्याग को नमन करते हुए दिल्ली विधानसभा से उन्हें धन्यवाद देने का अनुरोध करते हैं। दिल्ली सचिवालय में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में भाजपा विधायक दल की अहम बैठक बीते रविवार को हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 13 और 14 मई को दिल्ली विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया जाएगा। जिसमें प्राइवेट स्कूल फीस नियंत्रण से संबंधित बिल को पेश किया जाएगा।

## पंजाब के इन जिलों में फिर हुआ ब्लैकआउट

नई दिल्ली = पाकिस्तान ने युद्ध विराम की घोषणा के बाद एक बार फिर से जम्मू में सीमा से सटे इलाकों में फायरिंग शुरू कर दी है जिसके बाद फिर से पंजाब के कुछ जिलों में ब्लैकआउट कर दिया गया है।

भारत पाकिस्तान के बीच पूर्ण युद्ध विराम की घोषणा हो गई थी लेकिन पाकिस्तान ने युद्ध विराम की घोषणा के बाद एक बार फिर से सीमा से सटे इलाकों में फायरिंग शुरू कर दी है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक बारामूला और छंब में भारी गोलीबारी हुई है। पाकिस्तान की इस हिमाकत का भारतीय जवान माकूल जवाब दे रहे हैं।

वहीं कुछ इलाकों में ड्रोन उड़ते हुए भी दिखाई दिए हैं जिसके बाद पंजाब में विभिन्न जिलों में पहले ब्लैकआउट को खत्म कर दिया गया था लेकिन अब एक बार फिर ब्लैकआउट के आदेश दिए गए हैं।

बरनाला, बठिंडा, संगरूर, बटाला, गुरदासपुर, फिरजोपुर, फाजिल्का, होशियारपुर, पठानकोट और लुधियाना में ब्लैक आउट करने के आदेश संबंधित जिलों के डीसी ने दिए हैं। पठानकोट के सरहदी इलाकों में एक बार फिर ड्रोन मूवमेंट हुई है जिस कारण पूरे पठानकोट में ब्लैकआउट है। बता दें कि युद्ध विराम के बाद भी भारतीय सेना अलर्ट पर थी।

## ननकाना साहिब पर भारत द्वारा हमला करने का दावा पूरी तरह फर्जी

नई दिल्ली, 10 मई। पाकिस्तान लगातार भारत पर हमले की कोशिश में लगा हुआ है। भारत हर हमले को नाकाम करने के साथ ही उचित जवाबी कार्रवाई भी कर रहा है। सैन्य कार्रवाई के बीच पाकिस्तान लगातार झूठी खबरें फैलाने की कोशिश में भी लगा हुआ। उसकी ओर से हर दिन प्रोपेगेंडा फैलाने की कोशिश हो रही है। ताजा मामले में पाकिस्तान की तरफ से दावा किया जा रहा है कि भारत ने पाकिस्तान में ननकाना साहिब गुरुद्वारे पर ड्रोन हमला किया है। अमर उजाला ने अपनी पड़ताल में इस दावे को गलत पाया है। भारत सरकार की तरफ से दावे का पूरी तरह से खंडन किया है। पड़ताल में यह दावा पूरी तरह से फर्जी निकला है। भारत ने इससे पाकिस्तान की तरफ से भारत में सांप्रदायिक नफरत पैदा करने की कोशिश बताया गया है। पाकिस्तानी के इनफॉरमेशन विंग इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के डायरेक्टर जनरल अहमद शरीफ चौधरी के बयान का हवाला देकर सोशल मीडिया पर एक बयान शेयर किया जा रहा है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि भारत ने पाकिस्तान में ननकाना साहिब गुरुद्वारे पर ड्रोन हमला किया। इस दावे की पड़ताल करने के लिए हमें सबसे पहले भारतीय न्यूज एजेंसी पीटीआई की खबर मिली। इस खबर में पीआईबी का हवाला देते हुए इस दावे का खंडन किया गया था। खबर में बताया गया कि भारत की तरफ से इस तरह का कोई हमला किसी भी धार्मिक स्थान पर नहीं किया गया है। वायरल किया जा रहा दावा पूरी तरह से फर्जी है। खबर का स्क्रीनशॉट आप नीचे देख सकते हैं। इस खबर से जानकारी लेने के बाद हमने पीआईबी की पोस्ट को देखा।

# चीन के विदेश मंत्री और एनएसए अजीत डोभाल के बीच हुई बातचीत

**सौरभ शर्मा**

नई दिल्ली, 10 मई। सीजफायर पर सहमति जताने के बाद भी पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज आता नहीं दिख रहा है। कल शाम ही पाकिस्तान ने सीजफायर पर सहमति जताई थी और अब एक बार फिर भारत के जम्मू-कश्मीर से लेकर पंजाब और राजस्थान तक कई जगहों पर सीजफायर का उल्लंघन किया है। चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने एनएसए अजीत डोभाल से फोन पर बातचीत की। चीनी विदेश मंत्रालय के अनुसार, डोभाल ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले में कई भारतीय पर्यटकों की जान गई और भारत को आतंकवाद विरोधी कार्रवाई करने की जरूरत है। युद्ध भारत की पसंद नहीं है और यह किसी भी पक्ष के हित में नहीं है। भारत और पाकिस्तान युद्ध विराम के लिए प्रतिबद्ध होंगे और जल्द से जल्द क्षेत्रीय शांति और स्थिरता बहाल करने की उम्मीद करेंगे। वांग यी ने कहा कि चीन पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा करता है और आतंकवाद के सभी





रूपों का विरोध करता है। वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय स्थिति अशांत और आपस में जुड़ी हुई है। एशियाई क्षेत्र में शांति और स्थिरता को हासिल करना मुश्किल है और इसे संजोकर रखना चाहिए। भारत और पाकिस्तान ऐसे पड़ोसी हैं जिन्हें दूर नहीं किया जा सकता है और दोनों चीन के पड़ोसी हैं। चीन आपके इस कथन की सराहना करता है कि युद्ध भारत की पसंद नहीं है और ईमानदारी से उम्मीद करता है कि भारत और पाकिस्तान शांत और संयमित रहेंगे, बातचीत और परामर्श के माध्यम से मतभेदों को ठीक से संभालेंगे और स्थिति को बढ़ने से रोकेंगे। चीन भारत और पाकिस्तान से परामर्श के माध्यम से एक व्यापक और स्थायी युद्ध विराम हासिल करने का समर्थन करता है और उम्मीद करता है। यह भारत और पाकिस्तान के मौलिक हित में है और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की भी साझा इच्छा है।

## बच्चों में पैदा करें नेशन फर्स्ट की भावना: सीएम योगी

लखनऊ, 10 मई। शनिवार को सीएम योगी आदित्यनाथ लखनऊ के एक स्कूल में आयोजित शिक्षक आभार समारोह में शामिल हुए। यहां उन्होंने शिक्षकों से छात्रों में नेशन फर्स्ट की भावना पैदा करने की अपील की। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा, प्रत्येक नागरिक का लक्ष्य राष्ट्र प्रथम होना चाहिए। यह केवल देश के नेतृत्व, सुरक्षा बलों या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है। आदित्यनाथ ने कहा कि शिक्षकों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे विद्यार्थियों को राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ पढ़ाएं।

# राज्य को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लिए बाध्य नहीं कर सकते: सुप्रीम कोर्ट

**नरेश मल्होत्रा**

नई दिल्ली, 10 मई। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 द्वारा प्रस्तावित तीन-भाषा फॉर्मूले को तमिलनाडु, केरल और बंगाल में लागू करने की मांग वाली जनहित याचिका खारिज कर दी। जस्टिस जेबी पारदीवाला की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिका पर विचार करने से इन्कार करते हुए कहा कि अदालत किसी राज्य को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 जैसी नीति अपनाने के लिए सीधे तौर पर बाध्य नहीं कर सकती। हालांकि, अगर राष्ट्रीय शिक्षा नीति से संबंधित राज्य की कार्रवाई या निष्क्रियता किसी मौलिक अधिकार का उल्लंघन करती है तो अदालत हस्तक्षेप कर सकती है। हम इस रिट याचिका में इस मुद्दे की जांच करने का प्रस्ताव नहीं रखते हैं। यह याचिका भाजपा के वकील जीएस मणि ने दायर की थी, जिसमें कहा गया था कि केंद्र सरकार की राष्ट्रीय शैक्षिक नीति को लागू करने या समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने से राज्य सरकार का इन्कार जनहित को नुकसान पहुंचा सकती है या नागरिकों के अधिकारों का उल्लंघन कर सकती है। याचिका में राज्य सरकारों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने और एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के लिए निर्देश देने की मांग की गई थी, जिसमें मौलिक लोक कल्याण और शिक्षा के अधिकार, सांविधानिक अधिकार, या सरकारी दायित्वों को नजरअंदाज किया जा रहा है या उनका उल्लंघन किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने देश में पांच वर्षीय विधि पाठ्यक्रमों की समीक्षा के लिए विधि शिक्षा आयोग या विशेषज्ञ समिति के गठन के अनुरोध से संबंधित जनहित याचिका को लंबित याचिका के साथ जोड़ने का आदेश दिया। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने नोटिस जारी करने से इन्कार करते हुए एक याचिका के साथ सुनवाई पर सहमति जताई। पीठ ने कहा हम इस याचिका को दूसरी याचिका से जोड़ेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने हत्या के मामले में मृतक पिता के बेटे समेत 87 में से 71 गवाहों के मुकर जाने पर छह हत्यारोपियों को बरी कर दिया। शीर्ष अदालत कर्नाटक हाईकोर्ट के 27 सितंबर, 2023 के आदेश को रद्द कर दिया। हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को खारिज करते हुए इस मामले में छह आरोपियों को दोषी ठहराया था। जस्टिस सुधांशु धूलिया व जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने 49 पन्नों के फैसले में कहा, अनसुलझे अपराध के लिए भारी मन से, लेकिन आरोपियों के खिलाफ सबूतों की कमी के मुद्दे पर संदेह नहीं होने के कारण, हम आरोपियों को बरी करते हैं। हम हाईकोर्ट का फैसला पलटते हुए ट्रायल कोर्ट के निर्णय को बहाल करते हैं। पीठ ने गवाहों के मुकर जाने और अति उत्साही जांच पर अफसोस जताया। पीठ ने कहा कि जांच में आपराधिक कानून के बुनियादी सिद्धांतों की पूरी तरह अनदेखी की गई। ऐसी अनदेखी अक्सर मजाक बनकर रह जाता है। पीठ ने कहा, यह एक क्लासिक मामला है। गवाह पिछले बयानों से मुकर जाते हैं, बरामदगी से इन्कार करते हैं और चश्मदीद गवाह अंधे हो जाते हैं। कुल 87 में से 71 गवाह मुकर गए। इससे अभियोजन पक्ष को पुलिस और सरकारी गवाहों की गवाही पर ही टिके रहना पड़ा। यहां तक कि एक युवक, जो महत्वपूर्ण चश्मदीद गवाह है। जिसने अपने पिता को मौत के घाट उतारते हुए देखा, हमलावरों की पहचान करने में विफल रहा। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को केंद्र को आईआरसीटीसी तत्काल बुकिंग सिस्टम की गहन जांच करने का निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से इन्कार कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता अपनी शिकायत के साथ अधिकार क्षेत्र वाले हाईकोर्ट में जा सकते हैं। पीठ ने कहा कि




# आतंकवाद के लिए इस्लाम का इस्तेमाल कर रहा है पाकिस्तान: ओवैसी

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

हैदराबाद, 10 मई। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने शनिवार को पाकिस्तान पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इस्लाम का इस्तेमाल सिर्फ दिखावे के लिए करता है, असल में उसका मकसद आतंकवाद को बढ़ावा देना है और भारत में धार्मिक नफरत फैलाना है। ओवैसी ने साफ कहा कि पाकिस्तान की हरकतें धार्मिक नहीं बल्कि राजनीतिक और रणनीतिक फायदे के लिए होती हैं। ओवैसी ने कहा, पाकिस्तान का डीप स्टेट यानी उसकी सेना और खुफिया एजेंसी आईएसआई, इस्लाम का मुखौटा पहनकर अपने गैरकानूनी कामों और आतंकवाद को छिपाती है। उन्होंने कहा कि भारत के मुसलमानों ने मोहम्मद अली जिन्ना की दो-राष्ट्र सिद्धांत को पहले ही खारिज कर दिया है और वे लोकतांत्रिक भारत में ही रहना पसंद करते हैं। ओवैसी ने पाकिस्तान की दोहरी नीति पर सवाल उठाते हुए कहा, अगर पाकिस्तान सच में मुसलमानों का हितैषी है तो वह अफगानिस्तान, ईरान और बलूचिस्तान में मुसलमानों पर बमबारी क्यों करता है? बलोच, अफगान और ईरानी भी मुसलमान हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पिछले 75 सालों से धर्म का गलत इस्तेमाल कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा, भारत में 23 करोड़ से ज्यादा मुसलमान हैं, जिनके पूर्वजों ने जिन्ना का सिद्धांत ठुकरा दिया था। पाकिस्तान चाहता है कि भारत में हिंदू-मुस्लिम के बीच दरार बढ़े, लेकिन हम ऐसा



कभी नहीं होने देंगे। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा, जब भारत ने बहावलपुर में आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया था, तो वहां मारे गए आतंकियों की अंतिम नमाज एक ऐसे व्यक्ति ने पढ़ाई, जिसे अमेरिका ने भी आतंकी घोषित किया हुआ है - हाफिज अब्दुर रऊफ। और उस जनाजे में लोग पाकिस्तानी सेना की वर्दी पहनकर शामिल हुए थे। क्या दुनिया इसे नहीं देख रही? ओवैसी ने कहा कि पाकिस्तान की तरफ से प्रायोजित आतंकवाद अब और सहन नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा, पाकिस्तान से आए आतंकवादियों ने पहलगाम में लोगों को मारने से पहले उनसे कलमा पढ़ने को कहा। जो नहीं पढ़ पाए, उन्हें गोली मार दी गई। क्या कोई सोच सकता है कि उन परिवारों पर क्या बीती होगी? अब वक्त आ गया है कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का हमेशा के लिए अंत किया जाए। इस बीच भारत सरकार ने भी साफ कर दिया है कि अब कोई भी आतंकी हमला युद्ध के बराबर माना जाएगा और उसका जवाब उसी स्तर पर दिया जाएगा। शनिवार सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ और सेना के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ दिल्ली में उच्चस्तरीय बैठक की। इस बैठक के बाद भारत ने पाकिस्तान के चार एयरबेस पर जवाबी हमला किया। भारतीय वायुसेना ने रफीकी, मुरिद, चकलाला, रहीम यार खान, सुक्कुर और चुनीयन में पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। इसके अलावा पासरूर और सियालकोट के रडार ठिकानों पर भी हमले किए गए। भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया कि यह सभी हमले बहुत सटीक थे और पाकिस्तान की सैन्य क्षमता को नुकसान पहुंचाया गया है।

## हूती ने इजरायली हवाई अड्डे पर मिसाइल दागी

**सना/यरूशलम।** यमन के हूती समूह ने दावा ने कहा है उसने इजरायल के तेल अवीव शहर के पास स्थित बेन गुरियन हवाई अड्डे पर मिसाइल दागी है। इस बीच इज़रायली सेना ने बताया कि उसने यमन से दागी गई एक मिसाइल को निष्क्रिय कर दिया है। मिसाइल के कारण तेल अवीव महानगरीय क्षेत्र सहित पूरे मध्य इज़रायल में हवाई हमले के सायरन बजने लगे, जिससे निवासियों को आश्रय की तलाश करनी पड़ी।इज़रायल की राष्ट्रीय आपातकालीन सेवा ने कहा कि 55 वर्षीय एक महिला राजमार्ग इंटरचेंज के पास आश्रय की ओर जाते समय गिरने से मामूली रूप से घायल हो गई। इज़राइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा, मानक प्रोटोकॉल के अनुसार अलर्ट सिस्टम सक्रिय किया गया था, और मिसाइल को सफलतापूर्वक निष्क्रिय कर दिया गया। इजरायली मीडिया के अनुसार, 18 मार्च को गाजा में हमास पर फिर से हमले शुरू करने के बाद से हूती समूह ने इज़रायल पर लगभग 28 बैलिस्टिक मिसाइलें और कई ड्रोन दागे हैं। यह हमले इजरायली वायुसेना द्वारा हूती नियंत्रण वाले सना एयरपोर्ट और रेड सी स्थित होदेदाह बंदरगाह पर जानलेवा हमलों के कुछ दिन बाद हुए। अमेरिका और हूती समूह ने मंगलवार को ओमान की मध्यस्थता में हमले रोकने पर सहमति जताई, लेकिन हूती समूह ने कहा कि जब तक गाजा पर हमला और फिलिस्तीनियों पर नाकाबंदी खत्म नहीं होती, वह इजरायल पर हमले जारी रखेगा।

## माल्टा बना यूरोप का सबसे बड़ा जहाज रजिस्ट्री स्थल

**वैलेटा।** माल्टा की जहाज रजिस्ट्री में वर्ष की पहली तिमाही के अंत तक 10,000 से अधिक जहाज पंजीकृत हो चुके हैं, जिससे यह यूरोप में सबसे बड़ी और दुनिया में छठी सबसे बड़ी जहाज रजिस्ट्री बन गई है। माल्टा के परिवहन मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि जब सुपरयॉट की बात आती है, तो माल्टा विश्व स्तर पर शीर्ष स्थान पर है। मंत्रालय के अनुसार माल्टा जल्द ही डिजिटल प्रणाली की शुरुआत के माध्यम से पंजीकरण प्रक्रिया को बेहतर बनाने और सुव्यवस्थित करने के लिए एक और कदम आगे बढ़ाएगा। परिवहन माल्टा माल्टीज़ ध्वज के तहत पंजीकृत जहाजों और नौकाओं के मालिकों को एक जून से इलेक्ट्रॉनिक प्रमाणपत्र (ई-प्रमाणपत्र) देना शुरू कर देगा। परिवहन, बुनियादी ढाँचा और लोक निर्माण मंत्री क्रिस बोनेट ने कहा कि यह पहल माल्टा को समुद्री उद्योग में अधिक प्रतिस्पर्धी बनाएगी, जो तेजी से अधिक दक्षता, पारदर्शिता और पहुंच की मांग कर रहा है। ट्रांसपोर्ट माल्टा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कर्ट फर्रुगिया ने कहा कि यह परियोजना 2021 में नाविकों के लिए ई-प्रमाणपत्र की शुरूआत का विस्तार है। आज तक 93,000 से अधिक डिजिटल दस्तावेज जारी किए जा चुके हैं।

## चीन का भारत-पाकिस्तान से शांति,संयम बरतने का आग्रह

**बीजिंग।** चीन ने भारत और पाकिस्तान से शांति और स्थिरता के व्यापक हित में कार्य करने तथा शांति और संयम बरतने का शनिवार को आग्रह किया। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने आज यह बात की। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, प्रवक्ता ने यह टिप्पणी भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव पर टिप्पणी करने के लिए कहे जाने पर की। प्रवक्ता ने कहा कि चीन भारत और पाकिस्तान की स्थिति पर करीबी नजर रख रहा है और तनाव बढ़ने से बेहद चिंतित है। उन्होंने कहा कि चीन दोनों पक्षों से शांति और स्थिरता के व्यापक हित में कार्य करने, शांति और संयम बरतने, शांतिपूर्ण तरीकों से राजनीतिक समाधान के रास्ते पर लौटने और ऐसी किसी भी कार्रवाई से बचने का पुरजोर आग्रह करता है, जिससे तनाव और बढ़ सकता है। प्रवक्ता ने कहा, यह भारत और पाकिस्तान दोनों के मौलिक हितों के लिए तथा एक स्थिर और शांतिपूर्ण क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण होगा। अंतरराष्ट्रीय समुदाय भी यही चाहता है। उन्होंने कहा कि चीन इस दिशा में रचनात्मक भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

## ट्रम्प ने रूस-यूक्रेन के बीच 30 दिन के बिना शर्त युद्धविराम का किया आह्वान

**वाशिंगटन/मॉस्को।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूक्रेन में 30-दिवसीय बिना शर्त युद्ध विराम का आह्वान किया है। श्री ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिका अभी भी मॉस्को और कीव के साथ चर्चा में लगा हुआ है, और यूक्रेन में 30-दिवसीय बिना शर्त युद्ध विराम का आह्वान किया है तथा चेतावनी दी है कि यदि युद्ध विराम को बरकरार नहीं रखा जाता है तो नए प्रतिबंध लगाए जाएंगे। श्री ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पोस्ट में लिखा,÷रूस/यूक्रेन के साथ बातचीत जारी है। अमेरिका आदर्श रूप से 30-दिवसीय बिना शर्त युद्ध विराम का आह्वान करता है। उम्मीद है कि एक स्वीकार्य युद्ध विराम का पालन किया जाएगा, और दोनों देशों को इन प्रत्यक्ष वार्ताओं की पवित्रता का सम्मान करने के लिए जवाबदेह ठहराया जाएगा। यदि युद्ध विराम का सम्मान नहीं किया जाता है, तो अमेरिका और उसके सहयोगी और अधिक प्रतिबंध लगाएंगे। अपने पोस्ट में,श्री ट्रम्प ने यूरोपीय भागीदारों के सहयोग से रूस और यूक्रेन के बीच शांति प्राप्त करने की अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया, संघर्ष के स्थायी समाधान की आशा व्यक्त की। श्री ट्रम्प ने कहा,इस युद्ध विराम को अंततः एक शांति समझौते की ओर ले जाना चाहिए। यह सब बहुत जल्दी किया जा सकता है, और अगर मेरी सेवाओं की आवश्यकता होगी तो मैं एक पल की सूचना पर उपलब्ध रहूंगा।

# ट्रंप की छंटनी योजना पर अदालत ने लगाई अस्थाई रोक

**एजेंसी**
**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के कैलिफोर्निया की एक संघीय न्यायाधीश ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हालिया छंटनी प्रस्ताव पर दो सप्ताह के लिए अस्थाई रोक लगा दी। राष्ट्रपति के इस आशय के प्रस्ताव को कई संघीय अदालतों में चुनौती दी गई है। संघीय न्यायाधीश के इस आदेश का ट्रंप प्रशासन के छंटनी प्रस्तावों पर व्यापक प्रभाव पड़ सकता है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, ट्रंप प्रशासन ने दो दर्जन एजेंसियों में छंटनी की योजना तैयार की है। कैलिफोर्निया के उत्तरी जिले के संघीय जिला न्यायालय की न्यायाधीश संघीय न्यायाधीश सुसान इल्स्टन के इस आदेश से प्रशासन को तगड़ा झटका लगा है। न्यायाधीश ने ऐसे प्रस्ताव को अवैध बताया। इस आदेश पर राष्ट्रपति ट्रंप के शीर्ष सहयोगी स्टीफन मिलर ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि अदालतों को बेवजह दखल नहीं देना चाहिए। ट्रंप प्रशासन ने एक एजेंसी के तीन डेमोक्रेटिक सदस्यों को भी बर्खास्त करने का प्रस्ताव तैयार किया है।




न्यायाधीश ने आपातकालीन सुनवाई के कुछ ही घंटों बाद फैसला सुनाया। न्यायाधीश सुसान ने प्रशासन को बड़े पैमाने पर छंटनी के साथ-साथ कार्यालयों और कार्यक्रमों को बंद करने के प्रयासों को रोकने का आदेश दिया। कांग्रेस ने संघीय सरकार को खुद को पुनर्गठित करने के लिए एक विशिष्ट प्रक्रिया स्थापित की। मुकदमे के पीछे यूनियनों और संगठनों ने तर्क दिया है कि राष्ट्रपति के पास विधायी शाखा के बिना उन निर्णयों को लेने का अधिकार नहीं है।

न्यायाधीश इल्स्टन ने 42 पृष्ठ के आदेश में लिखा, नई नीति में प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाना और संघीय सरकार पर अपनी छाप छोड़ना राष्ट्रपति का विशेषाधिकार है। लेकिन संघीय एजेंसियों के बड़े पैमाने पर बदलाव करने के लिए किसी भी राष्ट्रपति को अपनी समान शाखा और भागीदार, कांग्रेस की मदद लेनी चाहिए।

## पाकिस्तान में 4.0 तीव्रता का भूकंप, डोली धरती-कांपे लोग

**एजेंसी**
**इस्लामाबाद।** भारत के पहलगाम में आतंकवादियों से खूनखराबा करवाने के बाद बिगड़े हालात को युद्ध में तब्दील करने पर आमादा पाकिस्तान पर कुदरत ने भी आंखें तरेरी हैं। मुल्क में रात लगभग 01.44 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। यह जानकारी भारत के राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने दी। भारतीय राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, आधी रात गुजरने के बाद एक बजकर चवालीस मिनट पर आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.0 मापी गई। भूकंप के झटकों से लोगों में दहशत फैल गई। हालांकि, इस भूकंप के किसी तरह के जानमाल के नुकसान की कोई सूचनी नहीं है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि भूकंप के झटके महसूस होते ही सो रहे लोग आधी रात को उठ गए और अपने घर से




बाहर निकल आए। इसका सबसे अधिक प्रभाव नौशकी शहर रहा। भगर्भीय हलचल जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई पर शुरू हुई।

## भारत-नेपाल खुली अंतरराष्ट्रीय सीमा पर चौकसी कड़ी की गई

**एजेंसी**
**काठमांडू।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव और सीमा पर युद्ध जैसे हालात को लेकर दोपहर को नेपाल और भारत के सुरक्षा अधिकारियों की बैठक में संयुक्त सुरक्षा रणनीति पर चर्चा हुई। बैठक के बाद भारत-नेपाल खुली अंतरराष्ट्रीय सीमा पर चौकसी कड़ी कर दी गई है। नेपाल स्थित कोसी बराज पर नेपाल और भारत के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच समन्वय बैठक में दोनों देशों के अधिकारियों ने सीमा की सुरक्षा और अवांछित गतिविधियों को रोकने को लेकर कई रणनीतियां साझा की। बैठक के बाद नेपाल के सुनसरी जिले के प्रमुख जिला अधिकारी ने बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच जो घटनाक्रम तेज़ी से विकसित हो रहे हैं, जिसे ध्यान में रखते हुए नेपाल और भारत के प्रशासनिक अधिकारियों ने मिलकर सीमा की सुरक्षा को लेकर विस्तृत चर्चा की है। उन्होंने आगे कहा कि हम यह सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह सतर्क हैं कि नेपाल की भूमि का उपयोग किसी भी तरह की अवांछित या देशविरोधी गतिविधि के लिए न हो। सीमा पर निगरानी बढ़ा दी गई है और हर आने-जाने वाले व्यक्ति की पहचान पत्र के साथ गहन जांच की जा रही है। दोनों देशों के प्रशासन ने यह स्पष्ट किया है कि सीमावर्ती इलाकों में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए लगातार सहयोग और संवाद जारी रहेगा। भारत-नेपाल की खुली सीमा पर फिलहाल हाई अलर्ट है और दोनों देशों की सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सक्रिय हैं, ताकि किसी भी असामाजिक तत्व को सीमा पार करने या किसी भी तरह की गतिविधि को अंजाम देने से रोका जा सके।



## भारत-पाकिस्तान तनाव पर अमेरिका की चिंता, ट्रंप ने जताई शांति की उम्मीद

**एजेंसी**
**वॉशिंगटन।** भारत और पाकिस्तान के बीच लगातार बढ़ रहे तनाव को लेकर अमेरिका ने गहरी चिंता जताई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दोनों देशों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द शांति की राह अपनाएं और सीमा पर बढ़ते तनाव को कम करें।

व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरोलिन लेविट ने एक प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि राष्ट्रपति ट्रंप इस मुद्दे को लेकर बेहद सजग हैं और चाहते हैं कि परमाणु शक्ति संपन्न ये दोनों पड़ोसी देश तनाव को जल्द से जल्द समाप्त करें। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति ट्रंप चाहते हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच जारी संघर्ष कम हो और क्षेत्र में स्थिरता बहाल हो।प्रवक्ता कैरोलिन यह तब कहा जब उनसे अमेरिका की संभावित मध्यस्थता को लेकर सवाल पूछा गया। हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि अमेरिका इस मामले में कोई औपचारिक भूमिका निभाने जा रहा है या नहीं, लेकिन यह जरूर कहा कि अमेरिका हालात पर करीबी नजर बनाए हुए है। उल्लेखनीय है कि हाल के दिनों में भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर गोलीबारी और राजनीतिक बयानबाज़ी तेज़ हो गई है, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंता का माहौल बन गया है। अमेरिका के इस बयान को दोनों देशों के बीच कूटनीतिक संतुलन साधने की एक पहल के रूप में देखा जा रहा है।



# चीन ने अपने नागरिकों को नेपाल-भारत सीमावर्ती क्षेत्रों में न जाने की सलाह दी

**एजेंसी**
**काठमांडू।** चीन ने अपने आधिकारिक वीचैट चैनल पर ट्रैवल एडवाइजरी जारी करते हुए अपने नागरिकों से नेपाल-भारत सीमावर्ती क्षेत्रों से बचने और अनजाने में भारत में प्रवेश नहीं करने का आग्रह किया है। नेपाल स्थित चीनी दूतावास ने सीमा की बढ़ती निगरानी को देखते हुए अपने नागरिकों को यह सलाह दी है। नेपाल और भारत के बीच पारस्परिक वीजा-मुक्त नीति है, जो दोनों देशों के नागरिकों को स्वतंत्र रूप से यात्रा करने की अनुमति देती है, लेकिन चीनी नागरिकों सहित तीसरे देश के नागरिकों को नेपाल के माध्यम से भारत में प्रवेश करने के लिए वीजा में छूट नहीं है। चीनी दूतावास ने कहा है कि नेपाल में चीनी नागरिकों को इसे गंभीरता से लेना चाहिए और स्थानीय गाइडों का आंख मूंदकर पालन करने से बचना चाहिए। दूतावास ने ट्रैवल एडवाइजरी में अपने नागरिकों को वैध भारतीय वीजा के बिना भारत में प्रवेश नहीं करने के निर्देशों का सख्ती से पालन करने को कहा है। नेपाल के बीरगंज से होते हुए रक्सौल के रास्ते भारत में प्रवेश करने वाली एक महिला सहित चार चीनी नागरिकों की गिरफ्तारी के बाद यह एडवाइजरी जारी की गई है।




दूतावास ने चीनी नागरिकों को सलाह दी है कि वे पहले से ही भारतीय वीजा प्राप्त करें और सड़क मार्ग के बदले विमानों से भारत में प्रवेश करें। यदि नेपाल से भारत की यात्रा आवश्यक है, तो भारतीय अप्रवासन चौकी पर वीजा सत्यापन करें। यह भी सलाह दी गई है कि नेपाल और भारत के प्रवेश और निकास नियमों का सख्ती से पालन करें और अनावश्यक परेशानी से बचने के लिए भारतीय सीमा क्षेत्रों, वाहनों आदि की तस्वीरें लेने से बचें।

## मार्को रुबियो ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर से की बात, तनाव कम करने पर दिया जोर

**एजेंसी**
**वाशिंगटन ।** भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव लगातार बढ़ता ही जा रहा है। इस बीच, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर से बात की। उन्होंने तनाव कम करने का आग्रह किया। अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने एक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। बताया कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर से बात की। इस दौरान उन्होंने दोनों पक्षों से तनाव कम करने के तरीके खोजने का आग्रह किया और भविष्य में संघर्ष टालने के लिए रचनात्मक वार्ता शुरू करने में अमेरिका की सहायता की पेशकश की। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने असीम मुनीर से ऐसे समय में बात की है, जब पाकिस्तान की ओर से भारतीय क्षेत्रों पर लगातार ड्रोन से हमला किया जा रहा है, जिसका भारतीय सेना करारा जवाब दे रही है। इससे पहले, व्हाइट हाउस ने बताया था कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चाहते हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव जल्द से जल्द कम हो। यह संदेश विदेश मंत्री मार्को रुबियो द्वारा दोनों पक्षों को दिया गया है, जो अस्थायी रूप से राष्ट्रपति के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के रूप में भी काम कर रहे हैं। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरोलिन लेविट ने नियमित ब्रीफिंग में कहा, राष्ट्रपति ने कहा है कि वह इस तनाव को जल्द से जल्द कम होते देखना चाहते हैं।

## अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 'न्यूनतम' 10 प्रतिशत बेसलाइन टैरिफ की पुष्टि की

**एजेंसी**
**वाशिंगटन ।** अमेरिका आयायित वस्तुओं पर कम से कम 10 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने प्रशासन के 'न्यूनतम' 10 प्रतिशत बेसलाइन टैरिफ की पुष्टि की है। हालांकि, यह कुछ देशों के लिए अपवाद की स्थिति भी हो सकती है। दक्षिण कोरिया और दूसरे देश नए अमेरिकी शुल्कों के प्रभाव से बचने या उसे कम करने का प्रयास कर रहे हैं। ट्रंप की यह टिप्पणी उस सवाल के जवाब में देखी जा रही है, जिसमें ट्रंप से पूछा गया था कि क्या अमेरिकी निर्यात पर शून्य टैरिफ की पेशकश करने वाले देशों पर भी बेसलाइन टैरिफ प्रभावी रहेगा। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर करने के बाद ट्रंप ने व्हाइट हाउस में संवाददाताओं




से कहा, आपके पास हमेशा एक बेसलाइन होगी। हालांकि, किसी बिंदु पर अपवाद हो सकता है। हम देखेंगे कि कोई हमारे लिए कुछ असाधारण करता है या नहीं। उन्होंने कहा, ÷यह हमेशा संभव है, लेकिन मूल रूप से, आपके पास न्यूनतम 10 प्रतिशत की बेसलाइन है और उनमें से कुछ बहुत अधिक होंगी - 40 प्रतिशत, 50 प्रतिशत और 60 प्रतिशत, जैसा कि वे वर्षों से हमारे साथ कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि चार-पांच और इससे ज्यादा व्यापार सौदे ÷तुरंत होने वाले हैं÷, लेकिन उन्होंने यह निर्दिष्ट नहीं किया कि कौन से देश अमेरिका के साथ उन सौदों को तय करने जा रहे हैं। बेसलाइन टैरिफ 5 अप्रैल को प्रभावी हो गया, जबकि ट्रंप ने टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाओं और दूसरे संबंधित मुद्दों पर बातचीत करने की अनुमति देने के लिए दक्षिण कोरिया पर 25 प्रतिशत शुल्क सहित हाईर कंट्री-स्पेसिफिक रेसिप्रोकल टैरिफ को 8 जुलाई तक रोक दिया। इस बीच, अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता ने कहा कि चीन और रूस के बीच निरंतर सहयोग संयुक्त राज्य अमेरिका और दूसरे देशों को कम सुरक्षित बना देगा, क्योंकि दोनों देशों के लीडर्स ने उत्तर कोरिया का बचाव करते हुए एक संयुक्त बयान जारी किया था।

चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को संयुक्त बयान जारी किया, जिसमें उन्होंने उत्तर कोरिया के खिलाफ एकतरफा उपाय और सैन्य दबाव की नीति को छोड़ने के लिए संबंधित राज्यों का आह्वान किया।

## पाकिस्तान में रहने वाले नेपाली नागरिकों को तत्काल दूतावास से संपर्क करने की अपील

**एजेंसी**
**काठमांडू।** नेपाल सरकार ने पाकिस्तान में रहने वाले नेपाली नागरिकों से सुरक्षित स्थान पर रहने और तत्काल अपनी स्थिति के बारे में दूतावास को जानकारी देने की अपील की है। विदेश मंत्रालय की तरफ से एक बयान जारी करके पाकिस्तान में रहने वाले नेपाली नागरिकों को बदलते हालात के कारण अपने निवास में सुरक्षित रहने, बिना कारण घर से बाहर नहीं निकलने और अपने बारे में तत्काल इस्लामाबाद स्थित नेपाली दूतावास से संपर्क करने के लिए बोला गया है। विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान में रहने वाले नेपाली नागरिकों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी करके तत्काल संपर्क करने को कहा गया है। पाकिस्तान में पढ़ने वाले नेपाली छात्रों के अभिभावकों से किसी भी संबंध में जानकारी लेने के लिए दूतावास के हेल्पलाइन नंबर पर ही संपर्क करने को कहा गया है। पाकिस्तान में मेडिकल की पढ़ाई करने के लिए कई छात्र वहां रह रहे हैं।



Government of Nepal
MINISTRY OF FOREIGN AFFAIRS
Kathmandu, Nepal

Press Release

The Government of Nepal is deeply concerned about the escalating tensions between India and Pakistan, following the terrorist attack on innocent tourists in Pahalgam, India on 22 April 2025 in which a Nepali national also had lost his precious life. During this tragic period, Nepal and India stood in solidarity, united in shared grief and suffering.

It may be recalled that Nepal had immediately and unequivocally condemned the barbaric terrorist attack, consistent with its resolute stance against all forms of terrorism. Nepal stands together with all in the fight against terrorism. In line with its principled position, Nepal shall not allow any inimical forces to use its soil against its neighbouring countries.

Nepal hopes for de-escalation of tension and affirms its commitment to lasting peace and stability in the region.

Ministry of Foreign Affairs
Government of Nepal
8 May 2025

## बंगलादेश में चरमपंथियों ने 200 साल पुराने बरगद के पेड़ को काट डाला

**एजेंसी**
**ढाका।** बंगलादेश में चरमपंथियों ने मदारीपुर में कुमार नदी के तट पर 200 वर्ष पुराने बरगद के पेड़ को काट डाला है जिसके नीचे स्थानीय लोग मिट्टी के दीये जलाने और प्रार्थना करने जैसे अनुष्ठान कर रहे थे। स्थानीय लोगों का मानना है कि इस पेड़ में 'रहस्यमय शक्तियां' हैं, जिसके कारण लोग इसके नीचे मोमबत्तियां जलाते हैं और मन्नतें मांगते हैं। इस प्रथा को गैर-इस्लामी मानते हुए चरमपंथियों ने 'बिद-अह'(नवाचार) का हवाला देते हुए पेड़ को काट डाला।

# यूक्रेन के खिलाफ जंग में रूस की ओर से उत्तर कोरियाई सैनिकों की तैनाती सही : किम जोंग

**एजेंसी**
**सियोल ।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन ने कहा कि रूस को यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में समर्थन देने के लिए उत्तर कोरियाई सैनिकों की तैनाती उचित थी। उन्होंने अपनी सेना की भागीदारी को देश के संप्रभु अधिकारों के इस्तेमाल के रूप में बचाव किया। प्योंगयांग की सरकारी मीडिया ने शनिवार को यह जानकारी दी। किम ने यह टिप्पणी प्योंगयांग में रूसी दूतावास के दौरे के दौरान की, जहां वे द्वितीय विश्व युद्ध में सोवियत संघ की नाजी जर्मनी पर जीत की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर गए थे, जिसे विजय दिवस के रूप में जाना जाता है। योनहाप ने सरकारी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के हवाले से यह जानकारी दी है।

पिछले साल रूस संग हुई रक्षा संधि का हवाला देते हुए किम ने कहा कि उन्होंने कुर्स्क फ्रंट-लाइन क्षेत्र को मुक्त करने के लिए उत्तर कोरियाई सैनिकों को रूस भेजने का आदेश दिया था, क्योंकि वे इस संधि को पूरी तरह लागू करने पर अडिग थे। किम ने अपने भाषण में कहा, 'हमारी युद्ध में भागीदारी उचित थी और यह हमारे संप्रभु अधिकारों के उपयोग के दायरे में है। उन्होंने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में शामिल उत्तर कोरियाई सैनिकों को हीरो बताया।



पिछले महीने, उत्तर कोरिया ने पहली बार स्वीकार किया कि उसने रूस के साथ मिलकर यूक्रेन के खिलाफ लड़ने के लिए सैनिक भेजे थे। सियोल की जासूसी एजेंसी के अनुसार, उत्तर कोरिया ने अब तक रूस को लगभग 15,000 सैनिक भेजे हैं और इसमें 4,700 से अधिक हताहत हुए हैं, जिनमें करीब 600 की मौत हुई है। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन ने दावा किया कि यूक्रेन ने रूस के क्षेत्र पर हमला किया है।

उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका और उसके सहयोगी देश रूस के खिलाफ कोई और हमला करने की कोशिश करेंगे, तो वह उत्तर कोरिया की सैन्य ताकत का इस्तेमाल करने में संकोच नहीं करेंगे। किम ने कहा, अगर हम यूक्रेन की कठपुतली सेना के रूस जैसे परमाणु शक्ति वाले देश के क्षेत्र पर सैन्य कार्रवाई की अनदेखी करेंगे, तो वे और अधिक बेपरवाह हो जाएंगे।

इससे सियोल की सेना, जो अमेरिका की सबसे बड़ी कठपुतली है, वे भी अपनी बेपरवाह हिम्मत दिखाएगी। रूस ने विजय दिवस की 80वीं वर्षगांठ सैन्य परेड के साथ मनाई, जिसमें चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग सहित विदेशी नेता शामिल हुए। किम के इस समारोह में शामिल होने की उम्मीद थी, लेकिन सुरक्षा और लॉजिस्टिक कारणों से वे मॉस्को नहीं गए।

**कौमी पत्रिका**
**संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर**
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002
फोन : 011-41509689, 23315814
**मोबाइल नंबर** : 9312262300

**E - mail address :**
qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No.**
**UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## जी7 ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की, भारत-पाकिस्तान से संयम बरतने की अपील

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** जी7 के देशों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। 22 अप्रैल को हुए इस हमले में कई लोगों की जान गई थी। जी7 विदेश मंत्रियों ने इस हमले को %घोर आतंकवादी हमला' बताया है। कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ के उच्च प्रतिनिधियों ने एक संयुक्त बयान में कहा कि भारत और पाकिस्तान को अधिकतम संयम बरतना चाहिए। बयान में कहा गया है कि अगर दोनों देशों के बीच सैन्य तनाव बढ़ा तो इससे पूरे क्षेत्र की स्थिरता को खतरा हो सकता है। जी7 ने अपील की कि दोनों देश सीधे संवाद में शामिल हों और तनाव घटाने की दिशा में कदम उठाएं।

## गृह मंत्रालय ने राज्यों को आपातकालीन शक्तियों का इस्तेमाल करने का निर्देश दिया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और प्रशासकों को पत्र लिखा है। एमएचए ने पत्र में मुख्य सचिव और प्रशासकों को युद्ध या युद्ध जैसे हालात की स्थिति में आवश्यक एहतियाती उपायों के कुशल कार्यान्वयन के लिए नागरिक सुरक्षा नियमों के तहत आपातकालीन शक्तियों का इस्तेमाल करने का निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने 26 निर्दोष लोगों की हत्या कर दी थी। इस पर भारतीय सशस्त्र बलों ने पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में नौ आतंकवादी शिविरों को निशाना बनाकर नष्ट कर दिया। भारत की इस कार्रवाई से पाकिस्तान बौखला गया है और नियंत्रण रेखा पर बार-बार संघर्ष विराम का उल्लंघन कर रहा है, जिससे युद्ध जैसे हालात पैदा हो गए हैं।

## सदर बाजार में लगी आग में फटा छोटा घरेलू सिलेंडर

**नई दिल्ली।** उत्तरी जिले के सदर बाजार इलाके में मामूली आग की चपेट में आने से छोटा घरेलू सिलेंडर फट गया। सूचना पर पहुंची दमकल की तीन गाड़ियों ने कुछ ही मिनटों में आग पर काबू पा लिया। गनीमत रही कि हादसे में किसी के हताहत या घायल की सूचना नहीं है। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग के मुताबिक, शाम करीब 6:55 मिनट पर सदर बाजार की प्रताप मार्केट में चौथी मंजिल की छत पर बने कच्चे मकान में अचानक लग गई। धीरे-धीरे बढ़ती आग की चपेट में छोटा घरेलू सिलेंडर आ गया और उसमें तेज विस्फोट हुआ। सूचना पर दमकल की तीन गाड़ियों ने पहुंचकर करीब 15 मिनट में आग पर काबू पा लिया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## सवा करोड़ रुपये की चोरी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिम जिले की स्पेशल स्टाफ पुलिस ने शालीमार बाग इलाके में एक कारोबारी के घर हुई करीब सवा करोड़ रुपये की चोरी की गुत्थी सुलझा ली है। वारदात को कारोबारी के नौकर ने ही अंजाम दिया था। डीसीपी भीष्म सिंह ने बताया कि स्पेशल सेल क इंचार्ज इंस्पेक्टर सोमवीर सिंह की टीम ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपित घरेलू नौकर अनिल कुमार उर्फ करण (21) है। वह कारोबारी के घर से 1.25 करोड़ रुपये चुराकर फरार हो गया था। पुलिस ने वारदात में इसके सहयोगी दीपक कुमार (26) को भी पकड़ लिया है। पुलिस ने इनके पास से एक करोड छह लाख 50 हजार रुपये केश बरामद कर लिए हैं। फिलहाल पुलिस इनसे पूछताछ कर आगे की जांच कर रही है। डीसीपी ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि गत छह मई को शालीमार बाग थाने में कारोबारी संजय अग्रवाल ने घर में चोरी की शिकायत दी थी। उन्होंने पुलिस का बताया कि घर की अलमारी से करीब सवा करोड़ रुपए गायब हैं। इस घटना के बाद से उनका घरेलू नौकर अनिल भी लापता है। उसका फोन भी बंद है। उन्होंने करीब एक माह पहले ही उसे नौकरी पर रखा था। इस बाबत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई।

## कुख्यात लुटेरे को पुलिस ने दबोचा

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्व जिले की स्पेशल टास्क फोर्स ने एक कुख्यात लुटेरे और झपटमार अमन उर्फ अमान उर्फ लंबू को गिरफ्तार किया है। आरोपित के कब्जे से एक देसी कट्टा और चार जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। साथ ही आरोपित की गिरफ्तारी से पुलिस ने चार आपराधिक मामलों को सुलझाने का दावा किया है। दक्षिण-पूर्व जिले के डीसीपी रवि कुमार सिंह ने बताया कि पकड़ा गया आरोपित अमन दक्षिण, दक्षिण-पूर्व, दक्षिण-पश्चिम और नई दिल्ली जिलों में सक्रिय था और केटीएम ड्यूक बाइक पर सवार होकर झपटमारी और लूट की घटनाओं को अंजाम देता था। वह थाना अमर कॉलोनी में दर्ज एक लूट के मामले में वांछित था। डीसीपी के अनुसार आरोपी को पुलिस टीम ने एक सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपित ने कबूल किया कि वह लंबे समय से झपटमारी और लूट की घटनाओं में शामिल रहा है।

# एआईसीटीई ने लॉन्च किया 500 ऑनलाइन अटल फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 500 ऑनलाइन अटल फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) लॉन्च किए हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन एआईसीटीई के अध्यक्ष प्रो. टीजी सीताराम ने नई दिल्ली स्थित एआईसीटीई मुख्यालय में किया। इस अवसर पर परिषद के उपाध्यक्ष डॉ. अभय जेरे और सदस्य सचिव प्रो. राजीव कुमार भी उपस्थित रहे। परिषद ने वर्ष 2025-26 के लिए 500 ऑफलाइन एफडीपी पहले ही लॉन्च कर दिए हैं। प्रो. सीताराम ने संकाय सदस्यों, स्नातकोत्तर छात्रों और शोधार्थियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करने में एफडीपी के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने इंडस्ट्री कनेक्शन के साथ वास्तविक जीवन परिदृश्यों में लागू करने के लिए संबंधित क्षेत्र में ज्ञान और प्रासंगिक कौशल सेट प्राप्त करने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह पहल भारत में तकनीकी



शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने और सतत व्यावसायिक विकास को बढ़ावा देने के लिए एआईसीटीई की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। डॉ. अभय जेरे ने कहा कि चूंकि हमारे पास एफडीपी के दौरान उभरते क्षेत्रों के विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान हैं, इसलिए हमें अपनी वेबसाइट पर कुछ बेहतरीन व्याख्यानों का संग्रह बनाना चाहिए ताकि अन्य लोग भी उनसे लाभ उठा सकें। ऑनलाइन एफडीपी का उद्देश्य सतत व्यावसायिक विकास की संस्कृति को बढ़ावा देना है। इस वर्ष 500 कार्यक्रम आयोजित करने का प्रस्ताव है। प्रत्येक कार्यक्रम छह दिवसीय ऑनलाइन पाठ्यक्रम होगा जिसमें एडवांस्ड मैटेरियल, सेमीकंडक्टर, अंतरिक्ष और रक्षा, ब्लू इकोनॉमी सहित विभिन्न उभरते क्षेत्रों को शामिल किया जाएगा। सभी उच्च शिक्षा संस्थान ऑनलाइन अटल एफडीपी के लिए आवेदन करने के पात्र हैं।

एआईसीटीई प्रति एफडीपी के लिए प्रतिपूर्ति के आधार पर एक लाख रुपये का अनुदान प्रदान करेगा। ये कार्यक्रम संकाय सदस्यों को उनके ज्ञान और कौशल को बढ़ाकर लाभान्वित करेंगे, जिसे वे अपने छात्रों को आगे प्रदान कर सकते हैं। आवेदन पोर्टल 10 मई, 2025 को खुलेगा। इच्छुक संस्थान एक जून तक अपने आवेदन जमा कर सकते हैं।

## जेपी नड्डा ने की सभी स्वास्थ्य केन्द्रों, स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा




**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच राजधानी नई दिल्ली में आज एक के बाद एक कई बैठकों का दौर जारी है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने देश के सभी स्वास्थ्य केंद्रों और स्वास्थ्य बुनियादी सुविधाओं की समीक्षा की। निर्माण भवन में आयोजित बैठक में स्वास्थ्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में पूरी जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि कंट्रोल सेंटर से पूरी निगरानी की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि देश के अस्पताल किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उल्लेखनीय है कि भारत के ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान बौखला गया है। पाकिस्तान ने गुरुवार रात लगातार भारत के अलग-अलग शहरों में ड्रोन, मिसाइल, हवाई हमले किए, लेकिन भारत ने उसकी हर कोशिश नाकाम कर दी।

## सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार से रहें सावधान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने नागरिकों से इस समय सोशल मीडिया पर हो रहे दुष्प्रचार से सावधान रहने की अपील की है। सरकार ने भारत-पाकिस्तान युद्ध के तेज होने पर भारतीय सैनिकों के रोने और चौकियां छोड़ने की सोशल मीडिया पोस्ट को फर्जी बताते हुए खारिज कर दिया। सरकार ने कहा कि श्रीनगर हवाई अड्डे के आसपास करीब 10 विस्फोट होने और जयपुर एयरपोर्ट पर विस्फोट की आवाज सुने जाने के दावे पूरी तरह फर्जी हैं। एक भारतीय पोस्ट को नष्ट करने का दावा भी निराधार है। इसके अलावा दिल्ली-मुंबई एयरलाइन मार्ग पर सेवाएं अस्थायी रूप से बंद होने का दावा असत्य है। दिल्ली और मुंबई एयरपोर्ट के कुछ हिस्सों को बंद करने की अवधि बढ़ाने की बात पूरी तरह बेबुनियाद है। भारत सरकार के पत्र एवं सूचना कार्यालय (पीआईबी) की फैक्ट चेक शाखा ने सोशल मीडियो पर प्रसारित इस सामग्री की जांच की। पीआईबी की पड़ताल में ऐसे दावे फर्जी पाए गए। पीआईबी ने सैनिकों के रोने वाले पुराने वीडियो पर अलर्ट जारी किया गया है। इसमें




दावा किया जा रहा है कि भारत-पाकिस्तान युद्ध के तेज होने पर भारतीय सैनिक रो रहे हैं और अपनी चौकियां छोड़ रहे हैं। पीआईबी की फैक्ट चेक शाखा ने कहा कि यह वीडियो 27 अप्रैल को इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया गया और इसका भारतीय सेना से कोई संबंध नहीं है। सच यह है कि वीडियो में एक निजी रक्षा कोचिंग संस्थान के छात्र भारतीय सेना में अपने चयन का जश्न मनाते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में दिख रहे युवा अपनी सफल भर्ती की खबर पाकर खुशी से भावुक हो गए।

पीआईबी की फैक्ट चेक शाखा ने कहा कि 'एजेइंग्लिश' ने दावा किया कि ने दावा किया है कि जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर हवाई अड्डे के आसपास करीब 10 विस्फोट हुए हैं। यह दावा फर्जी है। प्रामाणिक जानकारी के लिए केवल आधिकारिक स्रोतों पर ही भरोसा करें। भ्रामक और भ्रम पैदा करने के इरादे से किए गए इन झूठे दावों के झांसे में न आएं। पीआईबी के अनुसार ऐसा ही एक दावा जयपुर एयरपोर्ट के बारे में किया गया। जयपुर एयरपोर्ट पूरी तरह सुरक्षित है। वहां कोई विस्फोट नहीं हुआ।

## भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के मद्देनजर गाजियाबाद पुलिस हाई अलर्ट पर

**एजेंसी**

**गाजियाबाद।** भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी से सटे गाजियाबाद में पुलिस सुरक्षा बंदोबस्त बढ़ा दिए गए हैं। साथ ही एडीसीपी कानून व्यवस्था आलोक प्रियदर्शी ने 25 मई मध्यरात्रि तक के लिए धारा-163 लागू कर दी है। नौ थाना क्षेत्र को अस्थाई रेड जोन घोषित करते हुए उड़ने वाली वस्तुओं के इस्तेमाल पर पूरी तरह प्रतिबंधित लगा दिया गया है। इस अवधि के दौरान यदि किसी कार्यक्रम का आयोजनकर्ता, मीडियाकर्मी या अन्य कोई व्यक्ति या संगठन नो-ड्रोन जोन में उड़ने वाली वस्तुओं का इस्तेमाल करना चाहता है तो उसे स्थानीय थाने को ड्रोन तथा उसके ऑपरेटर की जानकारी देनी होगी। उसे संबंधित डीसीपी से अनुमति प्राप्त करने के बाद उड़ने वाली वस्तुओं का इस्तेमाल कर सकेंगे। उधर एडीसीपी (कानून व्यवस्था) आलोक प्रियदर्शी, डीसीपी सिटी धवल जायसवाल, डीसीपी ग्रामीण एसएन तिवारी तथा डीसीपी ट्रांस हिंडन




निमिष दशरथ पाटिल ने भारी पुलिस बल के साथ पैदल गस्त करते हुए मुख्य बाजारों, भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा सम्बन्धित को भ्रमणशील रहते हुए संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये एससीपी आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि भारत-पाक के बीच चल रहे तनाव के चलते विभिन्न उग्रवादी, आतंकवादी और अवांछित संगठनों द्वारा ड्रोन, पैराग्लाइडर, हॉट बैलून जैसी उड़ने वाली वस्तुओं का इस्तेमाल संभावित है। ऐसे में सुरक्षा कारणों से इन वस्तुओं पर प्रभावी अंकुश लगाना जरूरी है। इसी क्रम में गाजियाबाद कमिश्नरेट की सीमा में धारा-163 लागू की गई है। उन्होंने बताया कि नगर कोतवाली, कविनगर, लिंक रोड, साहिबाबाद, टीलामोड, ट्रॉनिका सिटी, लोनी, मोदीनगर और मुरादनगर थानाक्षेत्र को नो-ड्रोन जोन और अस्थाई रेड जोन घोषित किया गया है। इन थानाक्षेत्र में किसी भी तरह के ड्रोन, यूएवी, पैराग्लाइडर, हॉट बैलून तथा अन्य उड़ने वाली वस्तुओं का संचालन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा।

# उत्तरी, पश्चिमी और पूर्वी कमान में प्रादेशिक सेना की 14 इन्फैंट्री बटालियनों को किया गया सक्रिय

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच सेना प्रमुख को प्रादेशिक सेना संगठित करने के लिए अधिकार बढ़ा दिए हैं। प्रादेशिक सेना नियम 1948 के नियम 33 के तहत सेना प्रमुख अब प्रादेशिक सेना के सभी अधिकारियों और नामांकित कार्मिकों को आवश्यक सुरक्षा प्रदान करने या नियमित सैन्य अभियानों में सहायता करने के लिए बुला सकते हैं। सरकार के इस फैसले के तहत उत्तरी, पश्चिमी और पूर्वी कमान में प्रादेशिक सेना की 14 इन्फैंट्री बटालियनों को सक्रिय किया गया है।

केंद्र सरकार ने जारी आदेश में सेना प्रमुख को प्रादेशिक सेना के प्रत्येक अधिकारी और प्रत्येक भर्ती व्यक्ति को आवश्यक सुरक्षा प्रदान करने या नियमित सेना को सहायता या पूरक प्रदान करने के उद्देश्य से




तैनात करने के लिए शक्तियों का प्रयोग करने का अधिकार दिया है। रक्षा मंत्रालय के परिपत्र में कहा गया है, प्रादेशिक सेना नियम 1948 के नियम 33 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्र सरकार सेना प्रमुख को उस नियम के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रादेशिक सेना के प्रत्येक अधिकारी और प्रत्येक भर्ती व्यक्ति को आवश्यक सुरक्षा प्रदान करने या नियमित सेना को सहायता या पूरक प्रदान करने के उद्देश्य से तैनात करने के लिए बुलाने का अधिकार देती है। परिपत्र के अनुसार मौजूदा 32 इन्फैंट्री बटालियन (प्रादेशिक सेना) में से 14 इन्फैंट्री बटालियन (प्रादेशिक सेना) दक्षिणी कमान, पूर्वी कमान, पश्चिमी कमान, मध्य कमान, उत्तरी कमान, दक्षिण पश्चिमी कमान, अंडमान और निकोबार कमान और सेना प्रशिक्षण कमान (एआरटीआरएसी) के क्षेत्रों में तैनाती के लिए बनाई गई हैं। इस तरह की बटालियनों का निर्माण तभी किया जाएगा, जब बजट में फंड उपलब्ध हो या आंतरिक बचत के जरिए बजट उपलब्ध कराया गया हो। रक्षा मंत्रालय के अलावा अन्य मंत्रालयों के आदेश पर बनाई गई इकाइयों के लिए लागत संबंधित मंत्रालयों के खाते में चली जाएगी और इसे रक्षा मंत्रालय के बजट आवंटन में शामिल नहीं किया जाएगा। सरकार का यह फैसला भारतीय सशस्त्र बलों के 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद हुआ है, जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए थे। भारत की कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर मिसाइलों और ड्रोनों को लॉन्च किया, जिन्हें सेना की वायु रक्षा प्रणालियों ने रोक दिया।

## 'विक्टरी डे' की 80वीं वर्षगांठ पर विदेश मंत्री ने आतंकवाद को बताया साझा वैश्विक खतरा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** रूसी दूतावास में द्वितीय विश्व युद्ध में फासीवाद पर विजय दिवस यानी 'विक्टरी डे' की 80वीं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इस दिन को स्मरण, आशा और वैश्विक सहयोग का प्रतीक बताया। साथ ही, उन्होंने आतंकवाद पर भारत के स्पष्ट और दृढ़ रुख को अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने रखा और कहा कि यह साझा वैश्विक खतरा है।

विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, ÷हम ऐसे समय में मिल रहे हैं जब भारत आतंकवाद की चुनौती का सामना कर रहा है- यह एक साझा वैश्विक खतरा है। हम उन सभी का धन्यवाद करते हैं जिन्होंने भारत के साथ एकजुटता प्रकट की है और हमारी सख्त प्रतिक्रिया को समझा है। उनका यह बयान पहलगाम हमले और भारत की जवाबी कार्रवाई की पृष्ठभूमि में अहम है।

उन्होंने यह भी कहा कि जिस प्रकार द्वितीय विश्व युद्ध के समय वैश्विक शक्तियां एकजुट हुई थीं, उसी भावना को आज पुनः जागृत करने की आवश्यकता है। आज का दिन सिर्फ विजय का नहीं, सहयोग और साझा जिम्मेदारी की भावना को दोहराने का दिन है। अपने संबोधन में विदेश मंत्री ने भारत के ऐतिहासिक योगदान का भी उल्लेख किया, जिसमें भारतीय सैनिकों की भूमिकाएं बर्मा, उत्तरी अफ्रीका, इटली और पर्शियन कॉरिडोर तक फैली थीं। उन्होंने रूसी दूतावास द्वारा उस योगदान को मान्यता देने के लिए लगाए गए स्मृति पट्ट को सराहा।

## उल्लू एप के प्रबंधन से महिला आयोग ने पूछा सवाल, क्या होगा अगर ऐसी सामग्री आपके बच्चों तक पहुंचे

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अश्लील सामग्री परोसने वाले उल्लू एप के सीईओ अविनाश दुगर और संचालन प्रमुख प्रियंका चौरसिया राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर के समक्ष पेश हुए। आयोग की अध्यक्ष ने उन्हें सामग्री निर्माता के रूप में उनकी नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी की याद दिलाते हुए कहा कि क्या होगा अगर ऐसी अश्लील सामग्री आपके अपने बच्चों तक पहुंचेगी? आयोग के मुख्यालय में सुनवाई के दौरान अध्यक्ष विजया रहाटकर ने कहा कि मनोरंजन और शोषण के बीच एक धुंधली रेखा है और हाउस अरेस्ट इसका एक स्पष्ट उदाहरण है। मनोरंजन की आड़ में महिलाओं के शोषण को बढ़ावा दे रहा है। आयोग ने एप की सामान्य सामग्री प्रोफ़ाइल पर गहरी चिंता व्यक्त की, जो अनाचार, महिलाओं के वस्तुकरण और सॉफ्ट पोर्नोग्राफ़ी का महिमामंडन करती प्रतीत होती है, जिनमें से सभी युवा, संवेदनशील दिमाग पर विनाशकारी मनोवैज्ञानिक प्रभाव डाल सकते हैं। यह देखा गया कि न केवल हाउस अरेस्ट बल्कि उल्लू एप पर कई अन्य कार्यक्रम बेहद परेशान करने वाले और अपमानजनक कंटेंट प्रदर्शित करते हैं, जिससे आयोग को गंभीर विनियामक कार्रवाई पर विचार करने के लिए प्रेरित किया गया, जिसमें



प्लेटफ़ॉर्म को पूरी तरह से प्रतिबंधित करने की सिफारिश भी शामिल है।

आयोग ने यह भी कहा कि यह प्लेटफॉर्म कानूनी प्रावधानों का घोर उल्लंघन कर सकता है, क्योंकि इसने अपने डिजिटल वितरण के माध्यम से अश्लील और कामुक सामग्री जानबूझकर प्रसारित की है। अध्यक्ष ने प्लेटफ़ॉर्म को ऐसी सामग्री के सामाजिक निहितार्थों पर एक व्यापक प्रभाव आकलन रिपोर्ट प्रस्तुत करने और यौन रूप से स्पष्ट, शोषणकारी सामग्री के प्रसार को रोकने के लिए सुधारात्मक उपायों की रूपरेखा तैयार करने का निर्देश दिया। समन किए जाने के बावजूद, एजाज खान आयोग के समक्ष उपस्थित नहीं हुए। इस बात को गंभीरता से लेते हुए आयोग ने दूसरा नोटिस जारी किया है, जिसे अब पुलिस अधिकारियों के माध्यम से भेजा जाएगा। उल्लेखनीय है कि महिला आयोग ने महिलाओं को लक्षित करने वाली अत्यधिक अश्लील और अपमानजनक सामग्री के मद्देनजर ओटीटी प्लेटफ़ॉर्म उल्लू ऐप के प्रबंधन और इसके कार्यक्रम हाउस अरेस्ट के होस्ट एजाज खान को नोटिस जारी किया था। आयोग ने संज्ञान लेते हुए महिलाओं को वस्तु के रूप में परोसने और मनोरंजन के रूप में डिजिटल मीडिया में महिला विरोधी कथाओं की बढ़ती संस्कृति पर गंभीर चिंता जताई।

## प्रधानमंत्री आवास पर उच्चस्तरीय सुरक्षा बैठक, सैन्य प्रमुख और वरिष्ठ अधिकारी हुए शामिल



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने आवास पर एक उच्चस्तरीय सुरक्षा बैठक बुलाई, जिसमें देश की सुरक्षा स्थिति की गहन समीक्षा की गई। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल तथा थल, जल और वायु सेना प्रमुख उपस्थित हैं। बैठक पाकिस्तान की ओर से मिसाइल हमलों, एलओसी पर बढ़ती गोलीबारी के बीच हो रही है। प्रधानमंत्री ने सुरक्षा बलों की तैयारियों की जानकारी ली और आवश्यक रणनीतिक निर्देश दिए।

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में सशस्त्र बलों के पूर्व सैनिकों के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की, जिसमें वायु सेना, थल सेना और नौसेना के पूर्व प्रमुखों सहित कई वरिष्ठ सैन्य दिग्गज शामिल थे।

## वैश्विक क्षेत्र में अंतरिक्ष शक्ति के रूप में उभरा भारतः जितेन्द्र सिंह

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत वैश्विक क्षेत्र में अंतरिक्ष शक्ति के रूप में उभरा है। भारत मंडपम में आयोजित वैश्विक अंतरिक्ष अन्वेषण सम्मेलन (जीएलईएक्स 2025) को संबोधित करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि भारत अब अंतरिक्ष में अग्रणी कुछ देशों के साथ बराबर के भागीदार के रूप में सहयोग कर रहा है। यह हमारी वैज्ञानिक क्षमता, दूरदर्शी नेतृत्व और शांतिपूर्ण अंतरिक्ष सहयोग के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। भारत की अंतरिक्ष यात्रा विकासशील देशों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है। तीन दिवसीय जीएलईएक्स सम्मेलन के आखिरी दिन में डॉ. सिंह ने कहा कि अंतरिक्ष अनुप्रयोगों के माध्यम से हम लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में सक्षम हैं। भारत विश्वसनीय वैश्विक भागीदार जो वर्चस्व के लिए नहीं बल्कि सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अंतरिक्ष क्षेत्र को लोकतांत्रिक बनाने, निजी उद्यम और सार्वजनिक-निजी भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार की पहलों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा,




भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र के नवाचार में उछाल आया है, पिछले दो वर्षों में ही 190 से अधिक स्टार्टअप शुरू हुए हैं। इस अवसर पर उपस्थित अंतरराष्ट्रीय गणमान्य व्यक्तियों में जोसेफ एशबैकर (यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी), काजुयोशी कावासाकी (जापान), जिल स्मिथ (अमेरिका), वू वीरेन (चीन) और सलेम अल मर्री (यूएई) शामिल थे। इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने अंतरग्रहीय अन्वेषण को आगे बढ़ाने और सामाजिक लाभ के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी को सुलभ बनाने के संगठन के दृष्टिकोण को दोहराया। उल्लेखनीय है कि अंतरिक्ष अन्वेषण पुनर्जागरण थीम पर आयोजित तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन में दुनिया भर के अंतरिक्ष नेता, अंतरिक्ष यात्री और वैज्ञानिक एक साथ आए। इसमें 35 से अधिक देशों और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों ने हिस्सा लिया। इस सम्मेलन ने अंतरिक्ष कूटनीति और नवाचार में भारत की अग्रणी भूमिका को और मजबूत किया। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष यात्री महासंघ, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन और एस्ट्रोनॉटिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस शिखर सम्मेलन में 15 महत्वपूर्ण विषयगत क्षेत्रों में 10 समानांतर तकनीकी सत्रों में 240 से अधिक इंटरैक्टिव प्रस्तुतियां दी गई। इस कार्यक्रम में मंत्री डॉ. सिंह द्वारा एक गतिशील अंतरिक्ष प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया गया।

# युद्ध और संघर्ष किसी के हित में नहीं : सआदतुल्लाह हुसैनी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** जमाअत-ए-इस्लामी हिंद के अध्यक्ष सैयद सआदतुल्लाह हुसैनी ने भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव, गोलाबारी और हमले पर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने भारत की उस घोषणा की सराहना की, जिसमें कहा गया है कि संघर्ष को बढ़ाने का हमारा कोई इरादा नहीं है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि जल्द ही स्थाई शांति की दिशा में ठोस प्रगति होगी। उन्होंने कहा किदोनों देश गरीबी और अभाव को दूर करने और अपने लोगों की समृद्धि और प्रगति के लिए काम कर रहे हैं और दोनों परमाणु शक्तियां हैं। ऐसी स्थिति में युद्ध और अशांति किसी के हित में नहीं है और यह दोनों देशों की गरीब आबादी को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाएगी। हमें उम्मीद है कि दोनों देशों का राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व अब स्थाई शांति की दिशा में तेजी से और ठोस क़दम उठाएगा।

जमाअत-ए-इस्लामी के अध्यक्ष ने कहा किसीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले आम भारतीय नागरिकों की मौतों की लगातार खबरें आ रही हैं। निर्दोष नागरिकों के सामने आने वाले ख़तरों पर हमें तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। हम मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं और मांग करते हैं कि सरकार इन परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर सभी आवश्यक सहायता और सुरक्षा प्रदान करे।उन्होंने आगे कहा कि मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सीमा के दूसरी ओर भी कई नागरिक मारे गए हैं। सभी पक्षों की यह सामूहिक ज़िम्मेदारी है कि वह हर परिस्थिति में निर्दोष लोगों की जान की रक्षा सुनिश्चित करें।

## देश की सेना के जवानों ने पाकिस्तान को दिया मुंहतोड़ जवाब, पहलगाम का लिया बदला : सजन लावट

**नूंह।** देश की सेना के जवानों ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है। पहलगाम हमले में निहत्थे लोगों पर गोलियां चलाकर मारने वाले आतंकियों को हमारी सेना ने घर में घुसकर सबक सिखाने का काम किया है। उक्त बातें अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ के राष्ट्रीय चेयरमैन सजन लावट ने कहीं। इससे पहले कस्बा पिनगंवा में पहुंचने पर अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ के राष्ट्रीय चेयरमैन सजन लावट का पिनगंवा स्वर्णकार संघ सदस्यों द्वारा चांदी का मुकुट पहनाकर व पगड़ी भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर समाज के बुजुर्ग नत्थीमल सोनी के नेतृत्व में समाज के लिए सजन लावट द्वारा देश के अंदर कराए जा रहे बेहतर कार्यों के लिए भी जमकर सराहना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश के कई राज्यों में जहां स्वर्णकार संघ के राष्ट्रीय चेयरमैन सजन लावट द्वारा धार्मिक स्थलों पर भव्य धर्मशालाएं बनाई जा रही हैं। वहीं समाज के उत्थान के लिए भी बेहतर कार्य किए जा रहे हैं। इस दौरान अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ के राष्ट्रीय चेयरमैन सजन लावट ने कहा कि आज देश में स्वर्णकार समाज काफी उन्नति और तरक्की कर रहा है। उन्हें खुशी है कि उनका समाज अपने हर एक व्यक्ति के उत्थान और उनकी मदद के लिए आगे रहता है। समाज के किसी व्यक्ति को जब भी कोई जरूरत पड़ी है तो समाज के हर व्यक्ति ने उसकी मदद करने का काम किया है।

## पीएम सूर्य घर योजना के तहत सोलर पैनल अपनाने के लिए जिला के पांच गांवों में होगी प्रतिस्पर्धा

**गुरुग्राम।** जिला प्रशासन द्वारा 'प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' के सफल क्रियान्वयन की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया है। कार्यवाहक एडीसी जगनिवास ने बताया कि इस योजना के तहत जिले के पाँच गांवों में सोलर पैनल को अपनाने के लिए एक विशेष प्रतिस्पर्धा आयोजित की जाएगी। एडीसी ने बताया कि 24 अक्टूबर तक आयोजित की जा रही इस प्रतिस्पर्धा का उद्देश्य है ऐसे गांवों की पहचान करना जो सौर ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सकें और अन्य गांवों के लिए एक प्रेरणा स्रोत बनें। उन्होंने बताया कि जिले में वर्ष 2011 की जनगणना अनुसार जिन गांवो की जनसंख्या 5000 से अधिक है उन गांवो में ऊपरोक्त योजना के अंतगर्त ज्यादा से ज्यादा सौलर अपनाने के लिए प्रतिस्पर्धा की जानी है। इस प्रतिस्पर्धा में जिला के बहोड़ा कला, सिधरावली, पथरेड़ी, खेड़ला व टीकली को शामिल किया गया है। प्रतिस्पर्धा के अंत में जो भी ग्राम पंचायत ज्यादा से ज्यादा सौलर सिस्टम जैसे सोलर वाटर पंम्पिग सिस्टम, सोलर पावर प्लांट, सोलर स्ट्रीट लाईट, सोलर होम लाईट सिस्टम इत्यादि लगवाएगा। उसको बतौर मॉडल सौलर गांव घोषित किया जाएगा व केंद्र सरकार की ओर से ?1 करोड़ तक की वित्तीय सहायता दी जाएगी, जिसका उपयोग ग्रामीण क्षेत्र में सोलर स्ट्रीट लाइट्स, घरेलू सोलर संयंत्र, कृषि पंप आदि के लिए किया जाएगा। एडीसी ने बताया कि प्रत्येक गांव को अपनी सौर ऊर्जा क्षमता को बढ़ाने और नवाचारों को अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा।

## जला में आज होने वाली राष्टीय लोक अदालत स्थगित

**गुरुग्राम।** आज शनिवार को जिला न्यायालय परिसर में आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को स्थगित कर दिया गया है। इस बारे में जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गुरुग्राम के सचिव रमेश चंद्र ने बताया कि यह फैसला राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली से 9 मई को भेजे गए पत्र के आधार पर लिया गया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार नई तिथि की घोषणा शीघ्र ही की जाएगी।

## चोरी करने के मामले में महिला गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** मकान से चोरी करने के मामले में पुलिस ने एक महिला आरोपी को काबू किया है, जिसके कब्जे से एक गोल्ड चेन, एक जोड़ी सोने की बालियां, एक जोड़ी गोल्ड ब्रेसलेट, 4 सिल्वर-ट्रे, 20 सिल्वर कॉइन, 10 सिल्वर बिस्कीट व एक जोड़ी सिल्वर एंकलेट बरामद किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 13 अप्रैल को जिले के थाना फर्रुखनगर में एक महिला ने शिकायत दी कि 12 अप्रैल को ताजनगर स्थित उसके मकान से किसी अज्ञात ने आभूषण चोरी कर लिए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी महिला गीता को गुरुग्राम से काबू कर लिया।

## अवैध शराब सहित 2 युवक गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम पुलिस ने कार्यवाही कर 2 युवकों को अवैध शराब सहित काबू किया है, जिनके कब्जे से 196 पव्वे अवैध देशी शराब बरामद किए गए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी चरणजीत सिंह सैनी को थाना सैक्टर-9ए की टीम ने नजदीक सूर्य विहार रोड से 52 पव्वे अवैध देशी शराब व आरोपी प्रतीक को फिरोजगांधी कॉलोनी से कुल 144 पव्वे अवैध देशी शराब सहित काबू किया है।

## हमें और पूरे देश के लोगों को भारतीय सेनाओं पर गर्व है : रामपाल माजरा

### बीबीएमबी के चेयरमैन को बंधक बना कर पंजाब सरकार ने कानून की अवहेलना की है

एजेंसी

**चंडीगढ़।** इनेलो के प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनावपूर्ण माहौल और बॉर्डर पर युद्ध जैसे हालात पर कहा कि हमारे देश की सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर के द्वारा अपने अद्भुत शौर्य और पराक्रम का परिचय देते हुए बेहद सटीकता, सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई की है और पाकिस्तान को ऐसा जवाब दिया है कि वो इसे सदा याद रखेगा। इससे पहले की लड़ाइयों में भी हमारी सेनाओं ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देकर विजय प्राप्त की थी। भारतीय सेना ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि भारतीय सेनाएं हर चुनौती का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। हमें और पूरे देश के लोगों को भारतीय सेनाओं पर गर्व है। इनेलो पार्टी ऐसे मौके पर



भारत सरकार के निर्णयों के साथ है। माजरा ने कहा कि पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने पंजाब को भाखड़ा के पानी का हरियाणा का हिस्सा देने के लिए पानी को तुरंत छोड़ने के आदेश दिए हैं। हरियाणा के हिस्से का भाखड़ा का पानी छोड़े जाने के पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले को लागू करवाने गए बीबीएमबी के चेयरमैन को पंजाब सरकार के मंत्री द्वारा बंधक बनाने की इनेलो पार्टी कड़े शब्दों में निंदा करती है। पंजाब के मंत्री को तुरंत बर्खास्त किया जाए। उन्होंने सूचना देते हुए कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालातों के चलते हमने पार्टी के सभी राजनीतिक कार्यक्रमों को आगे स्थिति बहाल होने तक स्थगित कर दिया है। आगे जैसे ही हालात सामान्य होंगे तो इनेलो पार्टी दोबारा से हरियाणा के लोगों के हकों के लिए लड़ाई लडनी जारी रखेगी।

## सिविल डिफेंस के किए जाए पुख्ता प्रबंध- उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह

### किसी भी आपात स्थिति से निपटने को लेकर की समीक्षा

एजेंसी

**रोहतक।** उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने भारत-पाक के बीच युद्ध की आशंकाओं के मद्देनजर जिला में पुख्ता सुरक्षा प्रबंध करने के निर्देश जारी किए है। उपायुक्त आज सिविल डिफेंस (नागरिक सुरक्षा) को लेकर अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए अलग-अलग विभागों के अधिकारियों से तैयारी के बारे में जानकारी ली और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के पास सभी विभागों की वस्तुस्थिति सूची उपलब्ध रहनी चाहिए ताकि आपात स्थिति में तुरंत प्रभाव से संसाधनों का प्रयोग किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने आपात स्थिति के मद्देनजर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर के अलावा सभी शहरी व




ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी के हिसाब से सायरन की स्थापना सुनिश्चित की जाए और सायरन को ऑन करने के लिए समर्पित स्टाफ तैनात किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन के पास प्रमुख समाजसेवी व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के भी मोबाइल नंबर उपलब्ध रहने चाहिए ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनकी सहायता ली जा सके। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी करते हुए उन्होंने उपलब्ध एंबुलेंस के बारे में जानकारी ली और दिशा-निर्देश जारी किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि क्षेत्र वाइज ऐसे निजी अस्पतालों की सूची भी उपलब्ध रहनी चाहिए जिनका उपयोग आपातकालीन स्थिति में किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने दवाइयों की उपलब्धता बारे में निर्देश जारी किए। एसडीएम व तहसीलदारों को निर्देश जारी करते हुए उन्होंने कहा कि वह अपने-अपने एरिया में बड़े भवनों को भी चिन्हित करें। आपातकालीन संचार व्यवस्था के बारे में भी उन्होंने विस्तार से चर्चा की और निर्देश दिए।

## हिंदुस्तान पाकिस्तान का वह हाल करेगा कि जल्द उसकी अकल ठिकाने आ जाएगी : अनिल विज

एजेंसी

**चंडीगढ़।** भारत के आप्रेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के मध्य गोलाबारी बढ़ने पर हरियाणा ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जल्द पाकिस्तान की अकल ठिकाने आ जाएगी। इसके अलावा, श्री विज ने अम्बाला में ब्लैक आउट के आर्डर होने पर कहा कि सारी तैयारी रखनी चाहिए और जनता के सहयोग के बिना कुछ नहीं होता, इसीलिए ब्लैक आउट के आर्डर निकाले गए हैं। पहले की सरकारों द्वारा लिए गए कुछ फैसलों की वजह से देश के आहत होने के संबंध में श्री विज ने कहा कि लम्हों ने खता करी और सदियों ने सजा पाई। पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का हिंदुस्तान से टकराव करना आसान नहीं है। हिंदुस्तान पाकिस्तान का वह हाल करेगा कि यह कभी सोच भी नहीं पाएगा। इन्होंने पाकिस्तान में आतंकवाद की फैक्टरियां खोल रखी है जिन्हें भेज हर यह हमारे निहत्थे लोगों को मरवाते है।

**ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने लोगों से आह्वान किया, ब्लैक आउट होने पर लाइटें बंद रखे, इनवर्टर व जनरेटर भी बंद रखें**



कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने अम्बाला में ब्लैक आउट के आर्डर होने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सारी तैयारी रखनी चाहिए और जनता के सहयोग के बिना कुछ नहीं होता। इसीलिए ब्लैक आउट के आर्डर निकाले गए हैं। वह लोगों से आह्वान करते हैं कि लोग खुद भी ध्यान रखें, लाइट बंद होने पर इनवर्टर व जनरेटर को भी बंद रखे और मोमबत्ती व मशाल लेकर कोई काम न करे। इसका मकसद यही होता है कि रात्रि में दुश्मन को यह पता न चले कि रिहायशी क्षेत्र कहां है।

**पंजाब का पानी बंद करना देश हित में नहीं है: विज**

बीबीएमबी पर पानी को लेकर छिड़े विवाद पर कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि पंजाब ने जो किया है वह देश के हित में नहीं है। देश युद्ध में जा रहा है और आमने-सामने फौज खड़ी है। रोज हमले हो रहे हैं और आप अपने पड़ोसी राज्य से झगड़ा डाल रहे हैं जबकि यह सभी के एकजुट होने का समय है।

**'लम्हों ने खता करी और सदियों ने सजा पाई' : विज**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो कहा था वह करके दिखाया और आप्रेशन सिंदूर से बदला लेने के सवाल पर कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रिकार्ड है कि जो वह कहते हैं वो करते हैं। प्रधानमंत्री ने कितने कठिन काम करके दिखाए, उन्होंने राम मंदिर बनवाया, तीन तलाक खत्म करवाया, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को समाप्त करवाया जोकि उस समय के नेताओं की गलती थी और इसे हमने कितना भुगता। श्री अनिल विज ने इस पर पंक्तियां पढ़ते हुए कहा कि ÷लम्हों ने खता करी और सदियों ने सजा पाई÷, इन्होंने (विपक्ष) ऐसे काम किए जिससे देश आहत होता रहता है।

## कुरुक्षेत्र की भूमि से पूरे विश्व को दिया जा रहा है प्राकृतिक खेती का संदेश : नवीन जिंदल

### कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के सभागार में आयोजित तीन दिवसीय कृषि-तकनीकी प्रदर्शनी एवं स्टार्टअप कॉन्क्लेव का शुभारंभ

एजेंसी

**कुरुक्षेत्र।** 9 मई सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि कुरुक्षेत्र की भूमि से पूरे विश्व को प्राकृतिक खेती का संदेश दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री की पहल को गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत और पद्मश्री डा. हरिओम आगे बढ़ा रहे हैं। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा तब मिलेगा जब किसानों में जुनून होगा। खेती से दुनिया आगे बढ़ रही है। कृषि के माध्यम से किसान खुद के साथ-साथ समाज और देश को मजबूत बना सकता है। कुशल, समृद्ध एवं नया



भारत बनाने का सपना साकार होगा। सांसद नवीन जिंदल कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के सभागार में आयोजित तीन दिवसीय कृषि-तकनीकी प्रदर्शनी एवं स्टार्टअप कॉन्क्लेव के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगुनी-तीन गुनी हो। इसके लिए केंद्र व प्रदेश सरकार अनेक योजनाओं को लाकर प्रयास कर रही है। सभी काम सरकारें नहीं कर सकती, इसके लिए किसानों को भी आगे आना होगा। अपनी खेती के तरीके को बदलना होगा। उन्होंने कहा कि बहुत लोग अपने शरीर और परिवार का पूरा ख्याल रखते हैं। ऐसे लोग नेचुरल उत्पादों का प्रयोग करते हैं। जो रासायनिक उत्पादों से काफी अधिक महंगा है। किसानों को जैविक और प्राकृतिक खेती के अंतर को भी समझने की जरूरत है। सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि किसानों ने लगाए गए तीन दिवसीय सेमिनार में प्रगतिशील किसान और उन्नत किसान नई तकनीकों को लेकर आए हैं। किसानों को उनसे बात करनी चाहिए। उनसे जानकारी हासिल करके आगे बढने का काम करना चाहिए। जिन किसानों को रसायनों के प्रयोग से पैदा हुई फसल के नुकसान का पता लग जाता है, आगे उन्हें ऐसी गलती नहीं करनी चाहिए। इसके लिए किसानों को सबसे पहले अपने परिवार के लिए प्राकृतिक खेती करना शुरू करना चाहिए। इस मौके पर पूंडरी विधायक सतपाल जाम्बा, भाजपा के जिलाध्यक्ष तेजिन्द्र सिंह गोल्डी, भाजपा नेता सुभाष कलसाना, पद्मश्री डा. हरिओम, कृषि उपनिदेशक डा. कर्मचन्द, जिला परिषद चेयरमैन कंवलजीत कौर, नगर परिषद चेयरमैन माफी ढांडा, जिला परिषद कैथल चेयरमैन कर्मबीर कौल, पूर्व विधायक तेजवीर सिंह, भाजपा नेता रविंद्र सांगवान सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## भारतीय महिलाओं के लिए सिंदूर का सबसे सर्वोच्च स्थान: चेष्टा नकुल कौशिक

### महिलाओं ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर जताई खुशी

एजेंसी

**बहादुरगढ़।** भाजपा महिला मोर्चा की एक बैठक भाजपा नेता एवं विधानसभा संयोजक दिनेश कौशिक के सेक्टर-2 स्थित कार्यालय पर हुई। इसमें भाजपा महिला कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भारतीय सेना के नेतृत्व में पाकिस्तान पर किए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर खुशी जाहिर की। महिला मोर्चा जिला महामंत्री चेष्टा नकुल कौशिक ने कहा कि सेना ने शहादत का बदला लिया है। आने वाले समय में आतंकी देश पाकिस्तान को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि भारतीय महिलाओं के लिए सिंदूर का सबसे सर्वोच्च स्थान है। आतंकवादियों द्वारा महिलाओं के सामने उनके पति को गोली मारकर हत्या करके उनका सुहाग एवं सिंदूर को उजाड़ा है, जिसका भारतीय सेना ने आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब दे दिया है। उन्होंने कहा कि हमें भारतीय सेना पर गर्व है। ऑपरेशन सिंदूर नाम उन महिलाओं के प्रति सम्मान जताना है, जिन्होंने 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में अपने पतियों को खो दिया है। चेष्टा नकुल कौशिक ने कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वर्दी में हमारी महिलाएं साहस और राष्ट्रीय गौरव को एक नया अध्याय लिख रही है। महिला कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि वे देश की रक्षा के लिए सेना के साथ खड़ी है और आवश्यकता पड़ने पर राष्ट्रहित में युद्ध भूमि में उतरने को भी तैयार है। मोनी एकादशी के दिन महिलाओं ने मंदिरों में जाकर वीर सैनिकों के लिए पूजा अर्चना की और उनकी दीर्घ आयु के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि वीर सैनिक हमारी रक्षा के लिए सरहदों पर लड़ रहे है। ऐसे में हम सबका फर्ज बनता है कि हम उनके खुशहाल और दीर्घ आयु की कामना करे। इस अवसर भाजपा नेता एवं विधानसभा संयोजक दिनेश कौशिक, महिला मोर्चा शहरी मंडल अध्यक्ष मधु मित्तल, किरण बंसल, चेतना, नेहा, मंजीत, मंजू, सविता, शशि, भूमिका व बलविंद्र मित्तल सहित अन्य महिला कार्यकर्ता मौजूद रही।

## नप थानेसर की बैठक में विधायक अशोक अरोड़ा ने उठाए जनहित के अनेक मुद्दे

एजेंसी

**कुरुक्षेत्र ।** थानेसर के विधायक अशोक अरोड़ा ने आज नगर परिषद की बैठक मे शामिल होकर जनहित के अनेक मुद्दों को उठाया। स्थानीय निकाय चुनाव के पश्चात आयोजित इस बैठक मे अशोक अरोड़ा ने कहा कि कि हुड्डा के सेक्टरों मे बने हुए सामुदायिक केंद्रो की खस्ता हालत पर बोलते हुए कहा कि पहले इनकी मैंटेनेंश का कार्य प्राईवेट तौर पर दिया गया था लेकिन वह कार्य सिरे नही चढा। ऐसे मे नगर परिषद को चाहिए कि वह इनकी मैंटेनेंश करवाए ताकि ये सामुदायिक केंद्र जनता के उपयोग मे आ सकें। उन्होने कहा कि इन सामुदायिक केंद्रो की हालत बहुत खस्ता है, इसलिए इनकी मैंटेनेंश की जानी जरूरी है। इसी के साथ-साथ अशोक अरोड़ा ने कहा कि बरसात के सीजन से पहले नालों की सफाई करवाई जाए ताकि बरसात के मौसम मे बाजारों और कॉलोनियों मे पानी खड़ा न हो। उन्होने कहा कि नालों की सफाई के लिए उनके उपर बने चबूतरे और थड़े भी तोडने पड़ें तो तोड़े जाने चाहिए। उन्होने कहा कि थोडी बरसात होने पर ही शहर के बाजारों मे पानी खड़ा हो जाता है और दुकानों मे भी पानी घुस जाता है जिससे जनता व दुकानदारों को परेशानी उठानी पडती है। विधायक ने नगर की चरमराई सफाई व्यवस्था की ओर भी ध्यान दिलाया और सुचारू रूप से सफाई व्यवस्था करने के बारे मे कहा। बंदरों के आतंक से नगर वासियों को छुटकारा दिलाने की बात भी अरोड़ा ने उठाई और कहा कि बंदरों के आतंक से जनता दुखी है। इस समस्या की ओर भी नगर परिषद को ध्यान देना चाहिए। परिषद के अधिकारियों ने विधायक अशोक अरोड़ा को आश्वासन दिया कि उनके द्वारा उठाए गए मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए इन समस्याओं का निदान किया जाएगा।



## सरकार ने दिव्यांग पेंशन के लिए थैलेसीमिया सहित 21 गंभीर बीमारियों को शामिल करने का लिया निर्णय : उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा

एजेंसी

**नूंह।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा दिव्यांग पेंशन रूल्स-2025 के तहत हरियाणा सरकार की ओर से प्रदेश में अब 21 गंभीर बीमारियों को दिव्यांग पेंशन की श्रेणी में शामिल करने का निर्णय लिया है। सरकार की ओर से थैलेसीमिया, हीमोफीलिया के रोगों से ग्रस्त मरीजों के साथ ही अब मस्कुलर डिस्ट्रॉफी रोग से ग्रस्त मरीजों को भी दिव्यांग पेंशन पेंशन दी जाएगी। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से अधिक आयु के मरीज ही दिव्यांग पेंशन प्राप्त करने के हकदार होंगे। वह हरियाणा का निवासी एवं आवेदन करते समय तीन वर्ष से हरियाणा में रह रहा होना चाहिए। आवेदक की सभी स्रोतों से वार्षिक आय तीन लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। विश्वभर में विश्व थैलेसीमिया दिवस 'थैलेसीमिया मुक्त भविष्य के लिए एकजुट हों' थीम के साथ मनाया जा रहा है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि थैलेसीमिया के लिए एकजुट हों, समुदायों को एकजुट करें, रोगियों को प्राथमिकता दें।



उपायुक्त ने बताया कि सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार दिव्यांग पेंशन के लिए 21 बीमारियों को शामिल किया है। इसमें चलने-फिरने में असमर्थ दिव्यांग, कुष्ठ रोग, मस्तिष्क पक्षाघात, मांसपेशीय दुर्विकास, अंधापन, कम दृष्टि, श्रवण दोष, वाणी और भाषा दिव्यांगता, बौद्धिक दिव्यांगता, विशिष्ट अधिगम दिव्यांगता, ऑटिज्म स्पेक्ट्रम विकार, मानसिक बीमारी, दीर्घकालिक तंत्रिका संबंधी बीमारी, मल्टीपल स्क्लेरोसिस, पार्किंसंस रोग, सिकल सेल रोग, बहु विकलांगता, हीमोफीलिया, थैलेसीमिया, एसिड अटैक पीड़ित एवं बौना आदि विकार शामिल हैं। इन बीमारियों से संबंधित पात्र व्यक्तियों को दिव्यांग पेंशन का लाभ प्रदान किया जाता है। दिव्यांग पेंशन का लाभ लेने के लिए सिविल सर्जन कार्यालय से 60 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता का प्रमाण-पत्र प्राप्त करना होता है। इस दिव्यांगता प्रमाण-पत्र को परिवार पहचान पत्र में अपडेट करवाकर दिव्यांग पेंशन बनाई जा सकती है। उपायुक्त ने बताया कि दिव्यांग पेंशन ले रहे मरीज ठीक हो गए हैं या नहीं, इस संबंध में सिविल सर्जन द्वारा थैलेसीमिया और हीमोफीलिया प्रमाण पत्रों का हर साल सत्यापन किया जाएगा। राज्य सरकार से दिव्यांग पेंशन योजना का लाभ उठाने के लिए रोगी का हरियाणा का मूल निवासी होना आवश्यक है। साथ ही रोगी 3 साल से हरियाणा में रहता हुआ भी होना चाहिए।

## स्वास्थ्य सेवाओं के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध : निदेशक डॉ. वीरेंद्र यादव

एजेंसी

**नारनौल।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) पंचकूला के निदेशक (एमसीएच) डॉ. वीरेंद्र यादव ने आज जिला महेंद्रगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अटेली तथा जिला नागरिक अस्पताल का निरीक्षण किया तथा स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक ली। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध सेवाओं की गुणवत्ता, अधोसंरचना एवं प्रबंधन व्यवस्था की गहन समीक्षा की। डॉ. वीरेंद्र यादव ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के दिशा निर्देशानुसार राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक नागरिक को सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हों। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अटेली स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को शीघ्र ही एफआरयू (प्रथम रेफरल यूनिट) के रूप में सुसज्जित किया जाए ताकि ग्रामीण क्षेत्रों को भी आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं सुलभ हो सकें। डॉ. वीरेंद्र समीक्षा, अस्पताल परिसर की स्वच्छता व्यवस्था में सुधार, तथा बिजली की लटकती तारों को शीघ्र ठीक करने के भी आदेश दिए।



यादव ने जिला नागरिक अस्पताल नारनौल में नवनिर्मित ट्रॉमा सेंटर भवन, आपातकालीन विभाग, मैटरनिटी विभाग, डायलिसिस यूनिट, लैब एवं ब्लड बैंक का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को उन्होंने एक माह के भीतर सुधारने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, आयुष्मान भारत योजना के तहत आईडीएसपी स्क्रीनिंग की निरीक्षण के दौरान जिले में क्रियान्वित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों जैसे एनएचएम, रेफरल ट्रांसपोर्ट सेवा, आयुष्मान भारत योजना, टीकाकरण, गुणवत्ता नियंत्रण, पीएनडीटी, एफआरयू, परिवार नियोजन, टीबी नियंत्रण इत्यादि की समीक्षा की गई। इस अवसर पर संबंधित कार्यक्रम अधिकारियों सहित अनेक वरिष्ठ चिकित्साधिकारी उपस्थित रहे।

## उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री ने प्री-मॉनसून तैयारियों व अन्य विकास कार्यों को लेकर निगम अधिकारियों के साथ की बैठक

एजेंसी

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम शहर में इस मॉनसून आमजन को जलभराव की समस्या से राहत मिले इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर धरातल पर गंभीरता से प्रयास किए जा रहे हैं। इन प्रयासों में किसी भी स्तर पर चूक की गुंजाइश ना रहे इसके लिए प्रदेश के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह निरंतर अधिकारियों संग समीक्षात्मक बैठक कर रहे हैं। इसी क्रम में कैबिनेट मंत्री ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में निगम अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री ने बैठक में निगम अधिकारियों से स्टॉर्म वाटर ड्रेन व वार्डों के भीतर सीवरेज सिस्टम की सफाई, निगम एरिया में स्थापित एसटीपी की कार्यकुशलता व जोनवार सफाई व्यवस्था की विस्तृत रिपोर्ट लेने उपरान्त कहा कि 15 जून से पहले सभी ड्रेनों और सीवरेज लाइनों की सफाई पूरी कर ली जाए ताकि आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। राव नरबीर सिंह ने स्पष्ट किया कि सफाई कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आवश्यकतानुसार जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार लोगों को साफ-सुथरा और जलभराव रहित वातावरण देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। राव ने कहा कि जलभराव वाले पॉइंट्स पर जिन अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जा रही है। उसकी जानकारी संबंधित क्षेत्र की आरडब्ल्यूए व पार्षद के साथ जरूर साझा की जाए ताकि आपात स्थिति में वे उनसे सीधे संपर्क कर सके। राव ने निगम की इंजिनयरिंग विंग की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि निगम के समूचे क्षेत्र में सीवर के ढक्कन जलनिकासी के निर्धारित स्तर पर लगे हों।

## पाकिस्तान के आईएमएफ बेलआउट पैकेज का भारत ने किया कड़ा विरोध

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तान के लिए अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के 1.3 अरब डॉलर के बेलआउट पैकेज पर मतदान से खुद को दूर रखते हुये आईएमएफ कार्यक्रमों की प्रभावशीलता पर चिंता जताई और पाकिस्तान प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद के लिए ऋण वित्तपोषण निधि के दुरुपयोग की संभावना पर भी चिंता जताई। वित्त मंत्रालय ने यहां जारी बयान में भारत द्वारा उठाये गये मुद्दों के बारे में बताया। भारत ने पिछली वित्तीय सहायता का प्रभावी ढंग से उपयोग करने में पाकिस्तान के 'खराब ट्रैक रिकॉर्ड' का भी हवाला दिया है। भारत ने कहा कि यह एक गंभीर अंतर है जो इस बात को सुनिश्चित करने की तत्काल आवश्यकता को उजागर करता है कि वैश्विक वित्तीय संस्थानों द्वारा अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं में नैतिक मूल्यों को उचित ध्यान दिया जाए। आईएमएफ ने भारत के बयानों और मतदान से उसके दूर रहने पर ध्यान दिया। आईएमएफ ने आज पाकिस्तान को एक अरब डॉलर के विस्तारित निधि सुविधा (ईएफएफ) ऋण कार्यक्रम की समीक्षा की और उसके लिए 1.3 अरब डॉलर के एक नए लचीलापन और स्थिरता सुविधा (आरएसएफ) ऋण कार्यक्रम पर भी विचार किया। एक सक्रिय और जिम्मेदार सदस्य देश के रूप में, भारत ने पाकिस्तान के खराब ट्रैक रिकॉर्ड को देखते हुए आईएमएफ कार्यक्रमों की प्रभावशीलता पर चिंता जताई और सरकार प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद के लिए ऋण वित्तपोषण निधि के दुरुपयोग की संभावना पर भी चिंता जताई।

## उपग्रह संचार सेवा प्रदाताओं पर वार्षिक राजस्व का चार प्रतिशत स्पेक्ट्रम शुल्क लगाने की सिफारिश

**नयी दिल्ली।** भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने उपग्रह संचार सेवा प्रदाताओं पर वार्षिक राजस्व का चार प्रतिशत स्पेक्ट्रम शुल्क लगाने की सिफारिश की। ट्राई ने दूरसंचार विभाग को दी गई अपनी सिफारिशों में कहा कि शहरी क्षेत्रों में सेवाएं देने वाले सेवा प्रदाताओं को प्रति ग्राहक 500 रुपये अतिरिक्त शुल्क देना होगा जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में सेवाओं के लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होगा। उपग्रह ब्रॉडबैंड स्पेक्ट्रम पांच साल के लिए आवंटित किये जाने और बाद में दो साल के लिए बढ़ाने की बात कही गयी है। इसमें कहा गया है कि समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) का चार प्रतिशत स्पेक्ट्रम शुल्क भू-स्थैतिक कक्षा (जीएसओ) और गैर-भूस्थैतिक कक्षा (एनजीएसओ) में स्थित उपग्रहों के जरिये सेवाएं देने वाली दोनों तरह की उपग्रह संचार कंपनियों को देना होगा। न्यूनतम वार्षिक स्पेक्ट्रम शुल्क 3,500 रुपये प्रति मेगाहर्ट्ज होगा। ट्राई के अध्यक्ष अनिल कुमार लाहोटी ने यहां संवाददाता सम्मेलन में सिफारिशें जारी करते हुए कहा कि उपग्रह संचार सेवाएं उन वंचित क्षेत्रों में संपर्क स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं, जहां दूरसंचार नेटवर्क उपलब्ध नहीं हैं। इन सेवाओं की आपदाओं, बचाव और राहत कार्यों में भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

## बैंक ऑफ इंडिया का मुनाफा 82.49 प्रतिशत चढ़ा

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया ने वित्त वर्ष 2024-25 की अंतिम तिमाही में 2626 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 1439 करोड़ रुपये के लाभ की तुलना में 82.49 प्रतिशत अधिक है। बैंक के सीईओ रजनीश कर्नाटक ने निदेशक मंडल की बैठक के बाद एक वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में वित्तीय लेखाजोखा पेश करते हुये कहा कि मार्च 2025 में समाप्त अंतिम तिमाही में बैंक की शुद्ध ब्याज आय 6063 करोड़ रुपये रही है जो मार्च 2024 को समाप्त तिमाही की 5936 करोड़ रुपये की आय की तुलना में 2.14 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 में बैंक का शुद्ध लाभ 9219 करोड़ रुपये रहा है जो इससे पिछले वित्त वर्ष के 6318 करोड़ रुपये की तुलना में 45.29 प्रतिशत अधिक है। इस अवधि में बैंक की शुद्ध ब्याज आय 24394 करोड़ रुपये रही जो इससे पिछले वित्त वर्ष की 23053 करोड़ रुपये की तुलना में 5.82 प्रतिशत अधिक है। श्री कर्नाटक ने कहा कि सकल एनपीए मार्च 2025 में 1.71 प्रतिशत सुधरकर 3.27 प्रतिशत पर आ गया मार्च 2024 में यह 4.98 प्रतिशत रहा था। इसी तरह से शुद्ध एनपीए भी 0.40 प्रतिशत सुधरकर 0.82 प्रतिशत पर आ गया जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 1.22 प्रतिशत रहा था।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.07 अरब डॉलर घटकर 686.06 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में कमी होने से 02 मई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.07 अरब डॉलर घटकर 686.06 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.98 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 688.13 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 02 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 51.4 करोड़ डॉलर की मजबूती के साथ 581.2 अरब डॉलर पर पहुंच गई। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 2.5 अरब डॉलर की भारी कमी आई और यह घटकर उछलकर 81.8 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह आलोच्य सप्ताह एसडीआर तीन करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 18.6 अरब डॉलर पर आ गया। इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि में 30 लाख डॉलर की कमी आई और यह पिछले सप्ताह के मुकाबले घटकर 4.5 अरब डॉलर रह गई।

# किसी भी संकट से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क रहें बैंकः सीतारमण

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सीमा पर तनाव से उत्पन्न सुरक्षा चिंताओं के बीच बैंकों से किसी भी संकट से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क रहने को कहा। सीतारमण ने कहा कि देश की बैंकिंग और वित्तीय प्रणाली मजबूत और लचीली बनी हुई है। पाकिस्तान के साथ चल रहे तनाव के बीच केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के बैंकों और बीमा कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) एंव प्रबंध निदेशकों (एमडी) के साथ नई दिल्?ली में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सीतारमण ने बैंकों को किसी भी स्थिति या संकट से निपटने



के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया, ताकि देशभर में नागरिकों, खासकर सीमावर्ती क्षेत्रों में बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं तक निर्बाध पहुंच सुनिश्चित हो सके। वित्?त मंत्री ने कहा, बैंकिंग सेवाएं, भौतिक और डिजिटल दोनों, बिना किसी व्यवधान और गड़बड़ी के काम करनी चाहिए और किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए आपातकालीन प्रोटोकॉल को अपडेट और परखा जाना चाहिए। वित्त मंत्री ने सीमावर्ती क्षेत्रों के आसपास की शाखाओं में काम करने वाले बैंक कर्मचारियों और उनके परिवारों की सुरक्षा के बारे में चिंता व्यक्त करते हुए बैंकों को सुरक्षा एजेंसियों के साथ प्रभावी समन्वय करके उनकी पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्?होंने कहा कि प्रायोजक बैंकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इन दिनों में आरआरबी को अच्छी तरह से सहायता मिले और उन्हें किसी भी समस्या का सामना करने में मदद मिले। वित्त मंत्रालय ने जारी बयान में कहा कि इस बैठक में वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस), वित्त मंत्रालय, सीईआरटी-इन, आरबीआई, आईआरडीएआई और एनपीसीआई के वरिष्ठ अधिकारियों ने बैठक में भाग लिया, जिसमें इंटरनेट बैंकिंग और यूपीआई जैसे डिजिटल अनुप्रयोगों सहित बैंकिंग क्षेत्र की परिचालन और साइबर सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा पर ध्यान केंद्रित किया गया।

## एलआईसी ने 'व्हाट्सएप बॉट के जरिए प्रीमियम भुगतान' के लिए ऑनलाइन सुविधा शुरू की

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम एलआईसी ने व्हाट्सएप बॉट के जरिए प्रीमियम भुगतान के लिए ऑनलाइन सुविधा की शुरुआत की है। एलआईसी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और एमडी सिद्धार्थ मोहंती के हाथों इस सुविधा का शुभारंभ किया। कंपनी ने कहा कि यह विकल्प एलआईसी ग्राहकों को प्रीमियम का ऑनलाइन भुगतान करने का एक और वैकल्पिक विकल्प प्रदान करेगा। इस अवसर पर कंपनी के प्रबंध निदेशकों एम. जगन्नाथ, तबलेश पांडे, सतपाल भानु एवं आर. दोराईस्वामी और निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों भी उपस्थित रहे। एलआईसी के पंजीकृत ग्राहक पोर्टल उपयोगकर्ता भुगतान के लिए देय पॉलिसियों का पता लगाने के लिए व्हाट्सएप नंबर 8976862090 का उपयोग कर सकते हैं और सीधे व्हाट्सएप बॉट के भीतर यूपीआई/नेट बैंकिंग/कार्ड के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं। कंपनी के मुताबिक देय पॉलिसियों की पहचान करने से लेकर भुगतान और रसीद बनाने तक का पूरा ग्राहक सफर व्हाट्सएप बॉट के भीतर होता है। इस अवसर पर भारतीय जीवन बीमा निगम के सीईओ और एमडी सिद्धार्थ मोहंती ने कहा कि यह विकल्प एलआईसी के ग्राहकों के लिए परिचालन को आसान बनाएगा और व्हाट्सएप के तेजी से बढ़ते माध्यम के माध्यम से कहीं से भी, कभी भी एलआईसी प्रीमियम का भुगतान किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि एलआईसी के ग्राहक पोर्टल पर 2.2 करोड़ से अधिक पंजीकृत पॉलिसीधारक हैं, जिनमें से 3 लाख से अधिक ग्राहक विभिन्न ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठाने के लिए हर दिन लॉग इन करते हैं।

## मॉर्निंगस्टार डीबीआरएस ने भारत की रेटिंग को 'स्थिर' प्रवृत्ति के साथ 'बीबीबी' में अपग्रेड किया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** वैश्विक सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग एजेंसी डीबीआरएस मॉर्निंगस्टार ने भारत की रेटिंग को 'स्थिर' प्रवृत्ति के साथ 'बीबीबी' में अपग्रेड किया है। एजेंसी ने भारत की अल्पकालिक विदेशी और स्थानीय मुद्रा जारीकर्ता रेटिंग को भी 'स्थिर' प्रवृत्ति के साथ 'आर-2 (मध्य)' से बढ़ाकर 'आर-2 (उच्च)' कर दिया है। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वैश्विक सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मॉर्निंगस्टार डीबीआरएस ने भारत की दीर्घकालिक विदेशी और स्थानीय मुद्रा, जारीकर्ता रेटिंग को बीबीबी (कम) से बढ़ाकर स्थिर प्रवृत्ति के साथ बीबीबी कर दिया है। मॉर्निंगस्टार डोमिनियन बॉन्ड रेटिंग सर्विस (डीबीआरएस) ने भारत की अल्पकालिक विदेशी और स्थानीय मुद्रा जारीकर्ता रेटिंग को भी 'स्थिर' प्रवृत्ति के साथ 'आर-2 (मध्य)' से बढ़ाकर 'आर-2 (उच्च)' कर दिया है। एजेंसी के मुताबिक रेटिंग उन्नयन के लिए बुनियादी ढांचे में निवेश, डिजिटलीकरण आदि के माध्यम से भारत के संरचनात्मक सुधार, राजकोषीय समेकन, व्यापक ऋण स्तरों के बावजूद, स्थानीय मुद्रा मूल्यवर्ग और लंबी परिपक्वता संरचनाओं के कारण ऋण स्थिरता के लिए जोखिम सीमित हैं। इसके




आर्थिक स्थिरता के साथ निरंतर उच्च विकास और एक स्थायी बैंकिंग प्रणाली शामिल हैं। इसके साथ ही उन्नयन के लिए बुनियादी ढांचे में निवेश, डिजिटलीकरण आदि के जरिए भारत के संरचनात्मक सुधार शामिल हैं, जिनमें से सभी ने राजकोषीय समेकन (ऋण और घाटे में कमी) और निरंतर उच्च विकास को व्यापक आर्थिक स्थिरता के साथ सुगम बनाया है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि मौजूदा सार्वजनिक अलावा, निरंतर सुधार और सार्वजनिक ऋण-से-जीडीपी अनुपात में कमी से और भी सुधार हो सकते हैं।

मॉर्निंगस्टार डीबीआरएस के लिए रेटिंग पैमाना फिच और एसएंडपी रेटिंग पैमानों के समान है। मॉर्निंगस्टार डीबीआरएस प्रत्यय के रूप में 'उच्च' और 'निम्न' का उपयोग करता है, जबकि फिच और एसएंडपी द्वारा +/- नामकरण का उपयोग किया जाता है।

## सीमा पर तनाव के कारण सस्ता हुआ सोना, चांदी की भी फीकी पड़ी चमक

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** एलओसी पर बने तनाव का असर आज घरेलू सर्राफा बाजार में भी गिरावट के रूप में नजर आया। कीमत में आज आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में सोना 610 से 660 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया। इसी तरह चांदी के भाव में भी आज 100 रुपये प्रति किलोग्राम की मामूली कमजोरी दर्ज की गई। आज कीमत घटने के कारण 24 कैरेट सोना 98,350 से लेकर 98,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार करता रहा। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 90,150 से लेकर 90,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिकता रहा। चांदी के भाव में भी आज कमजोरी आई, जिसके कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 99,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिकी। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 98,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 90,300 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। मुंबई में 24 कैरेट सोना 98,350 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना



90,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 98,400 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,200 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 98,350 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 90,150 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 98,350 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। 24 कैरेट सोना आज 98,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 90,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है।

# वॉकी-टॉकी की अवैध बिक्री के लिए 13 ई-कॉमर्स कंपनियों को सीसीपीए का नोटिस

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने वॉकी-टॉकी की अनधिकृच बिक्री को लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। सीसीपीए ने वॉकी-टॉकी की अवैध बिक्री के लिए अमेजन और फ्लिपकार्ट सहित अन्य 13 ई-कॉमर्स कंपनियों को नोटिस जारी किया है।

ये कदम ऐसे समय उठाया गया है, जब भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव और राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने अनधिकृत वॉकी-टॉकी उपकरणों की बिक्री के लिए अमेजन और फ्लिपकार्ट सहित अन्य प्रमुख ई-कॉमर्स कंपनियों के खिलाफ



निर्णायक कार्रवाई की है। मंत्रालय ने कहा कि ये कार्रवाई ई-कॉमर्स मंचों पर इन उपकरणों को सूचीबद्ध किए जाते समय उनके संचालन वाली रेडियो तरंगों के बारे में समुचित जानकारी का अभाव, लाइसेंसिंग विवरण और उपकरण प्रकार अनुमोदन (ईटीए) प्रमाण की कमी पर केंद्रित है। केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मंत्री प्रल्हाद जोशी ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा, 'नियमों का अनुपालन न करने वाले वायरलेस उपकरणों की बिक्री न केवल वैधानिक दायित्वों का उल्लंघन करती है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा संचालन के लिए भी महत्वपूर्ण जोखिम पैदा कर सकती है। जोशी ने कहा कि यह उल्लंघन उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम और वायरलेस टेलीग्राफी अधिनियम सहित कई कानूनी ढांचों के खिलाफ हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सीसीपीए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की धारा 18(2)(एल) के तहत आधिकारिक दिशा-निर्देश जारी करेगा, जिसका उद्देश्य डिजिटल बाजारों में अनुपालन और उपभोक्ता सुरक्षा उपायों को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि विक्रेताओं को उपभोक्ता अधिकारों को बनाए रखने और गैरकानूनी व्यापार प्रथाओं को रोकने के लिए सभी लागू नियामक मानकों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया गया है।

## दिल्ली में सिटीजन वॉचेज इंडिया फ्लैगशिप शोरूम का उद्घाटन, पेश किया बुलोवा वॉचेज

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सिटीजन वॉचेज इंडिया नेयहां दिल्ली में अपने फ्लैगशिप शोरूम का उद्घाटन किया। कंपनी ने बयान जारी कर बताया कि भारतीय खुदरा कारोबार में यह एक बड़ा कदम है। इस एक्सक्लूसिव शोरूम में सिटीजन का शिल्प कौशल और परिशुद्धता दिखाई देगा।

सिटीजन की इस विशेषता की दुनिया कायल रही है। यहां लोगों को खरीददारी का शानदार और यादगार अनुभव मिलेगा। इसमें प्रीमियम रिटेल के तहत बुलोवा घड़ियों का बोल्ड अमेरिकन स्पिरिट पेश किया गया है। बुलोवा रेंज में हाल में पेश उम्दा घड़ियों के स्टाइल में बारीकी और एक्युरेसी के साथ सेंकेड की सुई निरंतर चलती है। सिटीजन वॉचेस इंडिया के प्रबंध निदेशक रयोटा कवाटो ने इस शोरूम का यहां यूसुफ सराय में उद्घाटन किया। उन्होंने इस मौके पर कहा, भारतीय बाजार में हमारी पहुंच बढ़ रही है। सिटीजन में हम सभी इससे बहुत खुश हैं।

यह फ्लैगशिप शोरूम महानगर के केंद्र यूसुफ सराय, नयी दिल्ली में है और यह नवाचार की हमारी विरासत और भारत के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की मिसाल है। इस एक्सक्लुसिव शोरूम में सिटीजन का विश्व-प्रसिद्ध शिल्प कौशल और सटीक कार्य प्रदर्शन देखने को मिलेगा। राजधानी के प्रीमियम रिटेल क्षेत्र में बुलोवा का बोल्ड अमेरिकन स्पिरिट दिखेगा। यह इसकी सटीक मिसाल है कि सिटीजन किस तरह निरंतर अपने कारोबार का विस्तार कर रहा है।

# स्टार्टअप्स के लिए पूंजी पहुंच बढ़ाने को सरकार ने किया ऋण गारंटी योजना का विस्तार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने स्टार्टअप्स के लिए पूंजी तक पहुंच बढ़ाने को ऋण गारंटी योजना का विस्तार किया है। सरकार ने स्टार्टअप्स के लिए क्रेडिट गारंटी योजना (सीजीएसएस) में गारंटी सीमा का विस्तार कर दोगुना करने की अधिसूचना जारी कर दी है।

इस योजना के तहत बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों को स्टार्टअप्स को लोन देने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने जारी बयान में बताया कि उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने सीजीएसएस के विस्तार को अधिसूचित किया है, जिसके तहत योजना के तहत प्रति उधारकर्ता गारंटी कवर की अधिकतम सीमा 10



करोड़ रुपये से बढ़ाकर 20 करोड़ रुपये कर दी गई है। इसके साथ 10 करोड़ रुपये तक की ऋण राशि के लिए गारंटी कवर की सीमा को भी बढ़ा कर डिफॉल्ट राशि का 85 फीसदी और 10 करोड़ रुपये से अधिक की ऋण राशि के लिए डिफॉल्ट राशि का 75 फीसदी कर दिया है। इस योजना का विस्तार केंद्रीय बजट 2025-26 में की गई घोषणा के अनुरूप है।

उल्लेखनीय है कि स्टार्टअप के लिए क्रेडिट गारंटी योजना (सीजीएसएस) 6 अक्टूबर, 2022 को अधिसूचित किया गया था, जो 16 जनवरी, 2016 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई स्टार्टअप इंडिया पहल के व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा था। इस योजना को कार्यशील पूंजी, सावधि ऋण और उद्यम ऋण जैसे साधनों के माध्यम से संपार्श्विक-मुक्त ऋण वित्तपोषण की सुविधा के लिए डिज़ाइन किया गया है।

# स्टेट बैंक, पीएनबी सहित अन्य बैंकों ने कहा- एटीएम में पर्याप्त नकदी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बडे स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई), पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) सहित कई अन्य बैंकों ने कहा कि उनके एटीएम पूरी तरह से चालू हैं। उनमें पर्याप्त नकदी भी है। डिजिटल सेवाएं सुचारू रूप से चल रही हैं सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आई उन खबरों की पृष्ठभूमि में यह बयान जारी किया है, जिनमें दावा किया गया था कि भारत और पाकिस्तान के मध्य बढ़ते तनाव के बीच आने वाले दिन में एटीएम बंद हो सकते हैं। इस बीच केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शाम को बैंकों और वित्तीय संस्थानों की साइबर सुरक्षा तैयारियों पर समीक्षा बैठक करेंगी। एसबीआई ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा कि हमारे सभी एटीएम, सीडीएम/एडीडब्ल्यूएम और डिजिटल सेवाएं पूरी तरह से चालू हैं, जो जनता के लिए उपलब्ध हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े कर्जदाता बैंक ने अपने ग्राहकों को असत्यापित जानकारी पर भरोसा न करने की सलाह भी दी है। इसके साथ ही पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब एंड सिंध बैंक, केनरा बैंक और बैंक ऑफ इंडिया ने भी इसी तरह के संदेश जारी किए। पीएनबी ने एक्स पोस्ट में कहा, ''हमारी सभी डिजिटल




सेवाएं भी सुचारू रूप से चल रही हैं, जिससे आपको घर बैठे सहज बैंकिंग अनुभव सुनिश्चित हो रहा है।''उल्लेखनीय है कि भारत ने गुरुवार रात को जम्मू और पठानकोट सहित सैन्य स्थलों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला करने की पाकिस्तान की कोशिशों को विफल कर दिया। इससे पहले भारत ने देश के उत्तरी और पश्चिमी क्षेत्रों में 15 स्थानों पर इसी तरह की कोशिशों को नाकाम किया था। इस बीच दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है।

## जियो की छलांग, बाकी कंपनियों से कई गुना आगे - ट्राई रिपोर्ट

**एजेंसी**


**नई दिल्ली।** भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) द्वारा मार्च 2025 के लिए जारी की गई मासिक सब्सक्रिप्शन रिपोर्ट में एक बार फिर से जियो ने अपनी मज़बूत पकड़ साबित की है। देश की टेलीकॉम इंडस्ट्री में जियो ने न केवल सबसे ज़्यादा नए सब्सक्राइबर जोड़े, बल्कि लगभग हर श्रेणी में बाकी कंपनियों को कड़ी टक्कर दी। मार्च महीने में इंडस्ट्री में कुल 29.3 लाख नए ग्राहक जुड़े, जिनमें से अकेले जियो ने 21.7 लाख ग्राहकों को अपने साथ जोड़ा। यह आंकड़ा कुल नए सब्सक्रिप्शन का 74त्न से भी अधिक है, जिससे साफ होता है कि जियो ग्रोथ का मुख्य इंजन बना हुआ है। जियो की यह ग्रोथ एयरटेल के मुकाबले लगभग दोगुनी रही – चाहे वो वायरलेस हो, वायरलाइन हो, एक्टिव सब्सक्राइबर्स हों या 5त्न एयरफाइबर। एक्टिव ग्राहकों यानी वीएलआर के मामले में भी जियो ने बाज़ी मारी। मार्च 2025 में इंडस्ट्री में जुड़ने वाले एक्टिव ग्राहकों में से 86त्न से भी ज़्यादा यानी 50.3 लाख ग्राहक जियो के साथ जुड़े। सबसे तेज़ी से बढ़ते सेगमेंट 5त्न फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस (एफ़डबल्यूए) में भी जियो का दबदबा बरकरार है। इस कैटेगरी में जियो के पास 82फीसदी से अधिक मार्केट शेयर है।

# सीमा पर तनाव की आशंका से गिरा शेयर बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।**भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव की आशंकाक वजह से घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट का शिकार हो गया। ?आज के कारोबार की शुरुआत मामूली बढ़त के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद हुई मामूली खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों में थोड़ी तेजी भी आई, लेकिन कुछ मिनट बाद ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण दोनों सूचकांकों ने लाल निशान में गोता लगा दिया। दिन के कारोबार में बिकवाली का दबाव इतना अधिक था कि इंट्रा-डे में सेंसेक्स ऊपरी स्तर से 940 अंक से ज्यादा टूट गया। कारोबार के आखिरी मिनट में हुई खरीदारी के कारण शेयर बाजार निचले स्तर से काफी हद तक रिकवर करने में सफल रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.51 प्रतिशत और निफ्टी 0.58 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। आज दिन भर के कारोबार के दौरान आईटी सेक्टर को छोड़ कर शेष सभी सेक्टोरल इंडेक्स गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। आज ऑटोमोबाइल, बैंकिंग रियल्टी और मीडिया सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक बिकवाली होती रही। इसी तरह एफएमसीजी, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्युरेबल्स, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, ऑयल एंड गैस और टेक इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.90 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने आज 1.05 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई मजबूती कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 5 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 418.10 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 423.50 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 5.40 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,032 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,350 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,547 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 135 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,542 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 674 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,868 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 7 शेयर बढ़त के साथ और 23 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 13 शेयर हरे निशान में और 37 शेयर लाल निशान में बंद हुए।बीएसई का सेंसेक्स आज 165.56 अंक की मजबूती के साथ 80,912.34 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही खरीदारी के सपोर्ट से यह सूचकांक उछल कर 80,927.99 अंक तक पहुंचा, लेकिन इसके बाद बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से इस सूचकांक ने लाल निशान में गोता लगा दिया। लगातार हो रही बिकवाली के दबाव में सेंसेक्स ऊपरी स्तर से 940 अंक से अधिक टूट कर 759.17 अंक की कमजोरी के साथ 79,987.61 अंक तक गिर गया। हालांकि, कारोबार के आखिरी वक्त में खरीदारों ने जोर लगाया, जिसके कारण सेंसेक्स निचले स्तर से करीब 350 अंक की रिकवरी करके 411.97 अंक की कमजोरी के साथ 80,334.81 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 17.10 की तेजी के साथ 24,431.50 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही खरीदारी के सपोर्ट से यह सूचकांक 24,447.25 अंक स्तर तक पहुंच गया।

## 40 की उम्र में भी ग्लोइंग स्किन! इन 5 एंटी एजिंग ड्रिंक्स को करें डाइट में शामिल



**आजकल के खराब खानपान और बिना सोचे-समझे कोई भी स्किनकेयर प्रोडक्ट चेहरे पर लगा लेने से स्किन खराब हो जाती है. चेहरे पर दाग-धब्बे, मुंहासे, अनइवन स्किन टोन, पिगमेंटेशन होना अब आम बात हो गई है. कम उम्र से ही चेहरा खराब होने लगता है. अब ऐसे में आप घर पर कुछ ड्रिंक्स बना सकते हैं जो आपके स्किन को नेचुरली हील करने में हेल्प करेंगी.**

धूप, धूल-मिट्टी और प्रदूषण ये तीन मुख्य कारण हैं जिनकी वजह से आपकी स्किन कम उम्र में ही डल दिखने लगती है. आप भले ही चेहरे पर कितने मंहगे प्रोडक्ट्स लगा लें पर जब तक आप अपनी डाइट में सुधार नहीं करेंगे तो आपके चेहरे पर इसका असर दिखने लगेगा और आपकी स्किन का ग्लो कम हो जाएगा. बढ़ती उम्र में चेहरे पर झुर्रियां हो जाना या पिगमेंटेशन होना लाजमी है पर अगर आप अपने खानपान में सुधार कर लें तो आपकी स्किन ज्यादा उम्र में भी क्लीन एंड क्लीअर रहेगी.

तो इस आर्टिकल में जानते हैं कि आप कैसे स्किन का नेचुरल ग्लो बरकरार रख सकते हैं. उम्र बढ़ना जीवन का सत्य है पर बढ़ती उम्र के साथ त्वचा का निखार भी कम होने लगता है. इसलिए अगर आप चाहते हैं कि आपकी उम्र से ज्यादा जवां आपकी स्किन दिखे तो इसके लिए आपको अपनी लाइफस्टाइल को चेंज करने की जरूरत है.

आप क्या खा रहे हैं. क्या पी रहे हैं और चेहरे पर क्या लगा रहे हैं ये बातें ही बता देती हैं कि आपकी स्किन ग्लोइंग होगी या नहीं. पर्याप्त मात्रा में पानी पीने के साथ-साथ अपनी डाइट में अगर आप कुछ होममेड ड्रिंक्स को शामिल कर लें तो आपकी त्वचा हाइड्रेटेड, सॉफ्ट और स्मूद लगेगी.

अपनी डाइट में शामिल करें ये एंटी एजिंग ड्रिंक्स

रोजाना पिएं ग्रीन टी

ग्रीन टी के बहुत ही बेहतरीन एंटी एजिंग ड्रिंक्स में से एक है. इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स आपकी स्किन को नेचुरल ग्लो देने में हेल्प करते हैं और इसका रोज सेवन करने से आपकी त्वचा का निखार बरकरार रहता है.

चुकंदर का जूस भी है लिस्ट में

क्या आपको भी पिंकिश ग्लो चाहिए. तो अपनी डाइट में चुकंदर के जूस को शामिल करना न भूलें. चुकंदर में मौजूद पोषक तत्व जैसे विटामिन सी, आयरन, मैग्नीशियम न केवल आपकी स्किन को ग्लोइंग बनाते हैं पर आपके कॉप्लेक्शन को भी बेटर बनाते हैं.

अनार के रस से मिलेगी हेल्दी स्किन

अनार में एंटी एजिंग प्रॉपर्टीज होती है जो स्किन के लिए काफी फायदेमंद होता है. रोजाना इसका सेवन करने से आपको सन डैमेज से भी राहत मिलती है और शरीर में कोलेजन बूस्ट होता है जो स्किन को सॉफ्ट और स्मूद बनाने में मदद करता है.

हल्दी वाला दूध से रहेगी स्किन जवां

हमारी दादी-नानी भी रात को सोने से पहले हल्दी का दूध जरूर पीती थी. तभी तो उनकी स्किन इतनी बेदाग और चमकदार लगती थी. हल्दी में एंटी बैक्टीरियल, एंटीऑक्सीडेंट्स गुण होते हैं जो स्किन में निखार लाने में हेल्प करते है और स्किन प्रॉब्लम्स जैसे एक्ने, एक्जिमा और सोरायसिस जैसी समस्याओं से भी राहत दिलाते हैं.

# अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता 9 मई से स्विट्ज़रलैंड में होगी शुरू




चीनी स्रोतों ने घोषणा के बाद कहा कि चीन की स्थिति सुसंगत है। चाहे टकराव हो या बातचीत, चीन का अपने विकास हितों की रक्षा करने का संकल्प कभी नहीं डगमगायेगा, न ही अंतरराष्ट्रीय निष्पक्षता और न्याय तथा वैश्विक आर्थिक और व्यापार व्यवस्था को बनाये रखने में उसका रुख और उद्देश्य कभी डगमगायेगा।अब यह आधिकारिक हो गया है। डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा चीन के लिए अमेरिकी टैरिफ दरों को कम करने, वार्ता के लिए अपने इरादे की घोषणा करने, और उसके बाद कुछ दिनों तक प्रतीक्षा करने के बाद, चीन ने बुधवार की सुबह पुष्टि की कि एक उच्च स्तरीय चीनी वार्ता दल 9 मई से चार दिनों के लिए स्विट्जरलैंड का दौरा करेगा, जहां वह ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट के नेतृत्व में अमेरिकी उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ वार्ता करेगा। यह राष्ट्रपति ट्रम्प और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के दो कार्यालयों द्वारा पिछले कुछ दिनों में की गयी बैक चैनल चर्चाओं का परिणाम था।अमेरिका और चीन के बीच चल रहे टैरिफ युद्ध में, राष्ट्रपति ट्रम्प ने पिछले महीने के अंत में सबसे पहले तब कदम उठाया जब उन्होंने कुछ चीनी वस्तुओं पर दरें कम कीं और कहा कि वह राष्ट्रपति शी से बात करेंगे और मामले को सुलझा लेंगे। इसके तुरंत बाद उन्होंने कहा कि उन्होंने चीनी राष्ट्रपति से बात की। उन्हें बढ़ा-चढ़ाकर बात करने की आदत है। उन्होंने सीधे राष्ट्रपति शी से बात नहीं की, लेकिन उनके सलाहकार चीनी राष्ट्रपति के अधिकारियों के संपर्क में थे। इस तरह से ट्रंप ने शी के साथ अपनी बैठक के बारे में जो कहा, वह आधा सच था। दोनों राष्ट्रपतियों के अधिकारी बात कर रहे थे।अब कुछ बुनियादी बातों पर चर्चा के बाद, दोनों प्रतिनिधिमंडल चार दिनों के लिए तीसरे देश स्विट्जरलैंड में बैठक करेंगे, ताकि विस्तार से चर्चा की जा सके। व्यापार वार्ता इस बार निर्णायक नहीं हो सकती है, लेकिन इससे आगे की बैठकें आयोजित करने की प्रक्रिया आसान हो जायेगी, ताकि ट्रंप और शी आखिरकार मिल सकें और समझौते पर हस्ताक्षर कर सकें। यह याद रखना होगा कि व्यापार वार्ता उस समग्र समझौते का केवल एक हिस्सा है, जिसे ट्रंप अपने वैश्विक आख्यान के हिस्से के रूप में शी जिनपिंग के साथ करने की कोशिश कर रहे हैं। इसमें समय लगेगा और अगर जरूरत पड़ी तो इसे अलग-अलग हिस्सों में बांटा जायेगा, ताकि अन्य क्षेत्र प्रभावित न हों।चीनी स्रोतों ने घोषणा के बाद कहा कि चीन की स्थिति सुसंगत है। चाहे टकराव हो या बातचीत, चीन का अपने विकास हितों की रक्षा करने का संकल्प कभी नहीं डगमगायेगा, न ही अंतरराष्ट्रीय निष्पक्षता और न्याय तथा वैश्विक आर्थिक और व्यापार व्यवस्था को बनाये रखने में उसका रुख और उद्देश्य कभी डगमगायेगा। अगर हमें लड़ना होगा तो हम लड़ेंगे। अगर अमेरिका बात करना चाहता है तो हमारे दरवाजे खुले हैं। संवाद और बातचीत समानता, सम्मान और आपसी लाभ पर आधारित होनी चाहिए, प्रवक्ता ने आगे कहा।सेंटर फॉर चाइना एंड ग्लोबलाइजेशन के वरिष्ठ फेलो ही वेइवेन ने बुधवार को ग्लोबल टाइम्स को बताया कि स्विट्जरलैंड में चीनी और अमेरिकी अधिकारियों के बीच होने वाली आगामी बैठक एक सकारात्मक विकास को दर्शाती है। %यह तथ्य कि दोनों पक्ष मिलेंगे, एक अच्छा संकेत है, लेकिन कुंजी अमेरिकी पक्ष में है,% ही वेइवेन ने कहा, इस बात पर जोर देते हुए कि कोई ठोस परिणाम निकलता है या नहीं, यह वाशिंगटन की अपनी अन्यायपूर्ण और अवैध टैरिफ नीति को सही करने की इच्छा पर निर्भर करेगा-चीन पर बिना किसी पूर्व शर्त के या किसी मांग के। उन्होंने कहा, केवल तभी सार्थक बातचीत हो सकती है जब अमेरिका अपनी गलतियों को बदल दे।

वैश्विक व्यापार विशेषज्ञों ने उल्लेख किया है कि ट्रम्प जल्दी बातचीत में अधिक रुचि रखते थे क्योंकि उनके सलाहकारों ने उन्हें बताया था कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग अमेरिका के कई व्यापार भागीदारों से बात कर रहे हैं और यदि ट्रम्प अभी भी चीन और अन्य देशों पर अपने मजबूत टैरिफ रुख पर कायम रहते हैं, तो शी जिनपिंग इस समय का उपयोग कुछ और देशों को अमेरिका के खिलाफ खड़े होने के लिए प्रभावित करने के लिए करेंगे। अमेरिका के 180 देशों के साथ व्यापार भागीदारी है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण 50 से 75 देश हैं, जिनके साथ अमेरिकी राष्ट्रपति 90 दिन के विराम के भीतर व्यापार वार्ता शुरू करने की उम्मीद करते हैं, जो इस साल जुलाई के पहले सप्ताह में समाप्त हो रहा है।केवल कुछ ही दिन पहले 4 मई को इटली के मिलन में आयोजित 28वीं आसियान प्लस थ्री वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों की बैठक के दौरान, चीन, जापान और दक्षिण कोरिया सहित आसियान सदस्यों ने जारी एक संयुक्त बयान में बढ़ती संरक्षणवाद और अस्थिर वैश्विक वित्तीय स्थितियों सहित बढ़ती अनिश्चितताओं को दूर करने के लिए क्षेत्रीय एकता और सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया था।संयुक्त बयान, जिसमें अमेरिका का नाम नहीं लिया गया था, ऐसे समय में आया जब अमेरिका द्वारा लगाये गये नये टैरिफ दक्षिण पूर्व एशिया को बुरी तरह प्रभावित करने का खतरा पेश कर रहे हैं, निक्केई एशिया ने रिपोर्ट की। चीनी वित्त मंत्री लैनफोआन ने बैठक में भाग लिया और कुछ सत्रों की सह-अध्यक्षता की। लैन ने जोर देकर कहा कि- वैश्विक अर्थव्यवस्था गहन समायोजन से गुजर रही है, वैश्वीकरण के सामने चुनौतियां हंक और एकतरफावाद और संरक्षणवाद बढ़ रहा है। अस्थिरता और अनिश्चितताएं उल्लेखनीय रूप से बढ़ी हैं। 10+3 क्षेत्रीय अर्थव्यवस्थाएं मजबूत लचीलापन प्रदर्शित करती हैं और उनमें महत्वपूर्ण विकास क्षमता है, लेकिन वे जटिल और गंभीर आंतरिक और बाहरी चुनौतियों का भी सामना करती हैं।लैन ने कहा कि चीन 10+3 ढांचे में सभी पक्षों के साथ काम करने के लिए तैयार है ताकि खुलेपन और समावेशिता को बनाये रखा जा सके, एकजुटता और सहयोग को बढ़ावा दिया जा सके और इस क्षेत्र की स्थिरता और निश्चितता के साथ वैश्विक अस्थिरता और अनिश्चितता को संबोधित करने के लिए क्षेत्रीय वित्तीय सहयोग को लगातार गहरा किया जा सके। बैठक के बाद आसियान वेबसाइट पर जारी संयुक्त बयान में कहा गया कि बढ़ते व्यापार संरक्षणवाद से वैश्विक व्यापार पर भार पड़ता है, जिससे वैश्विक अस्थिरता और अनिश्चितता को बढ़ावा मिलता है। आर्थिक विखंडन के कारण व्यापार, निवेश और पूरे क्षेत्र में पूंजी प्रवाह प्रभावित हो रहा है। निकट भविष्य की संभावनाएं अन्य बाहरी जोखिमों से भी प्रभावित हो सकती हैं, जिसमें सख्त वैश्विक वित्तीय स्थितियां, प्रमुख व्यापारिक साझेदारों में विकास में मंदी और निवेश प्रवाह में कमी शामिल है।अमेरिका जापान और आसियान देशों के साथ सबसे अधिक मित्रवत है, फिर भी शिखर सम्मेलन के बाद जारी किये गये बयान के लहजे से पता चलता है कि ट्रंप के एकतरफा टैरिफ वृद्धि कदम के खिलाफ उसे दिशा देने में चीन का प्रभाव है। व्यापार कूटनीति में अमेरिका को मात देने के लिए चीन अब जो कर रहा है, वह यह है कि राष्ट्रपति शी खुद को अमेरिका के घोर संरक्षणवाद के खिलाफ नियम आधारित वैश्वीकरण के नायक के रूप में पेश कर रहे हैं।

अमेरिकी सलाहकारों ने इस पर ध्यान दिया है और ट्रंप से कहा है कि वे चीन को व्यापार वार्ता में शामिल करें ताकि अन्य देश भी इसका अनुसरण करें।वैश्विक टैरिफ युद्ध ने कुछ क्षेत्रों में चीन को भी प्रतिकूल रूप से प्रभावित किया है। हालांकि चीन यह स्वीकार नहीं करता है कि कुछ क्षेत्रों में उत्पादन पैमाने को कम किया गया है, जो नवीनतम टैरिफ युद्ध में अत्यधिक प्रभावित हुए हैं।

चीनी अर्थव्यवस्था में लचीलापन है, लेकिन यह अमेरिकी बाजार को निर्यात पर इतना अधिक निर्भर है कि अगर ट्रंप अपनी दरों में बदलाव नहीं करते हैं तो उसके पास बहुत सीमित विकल्प हैं। इसी तरह ट्रम्प के पास भी चीन के साथ जल्द से जल्द व्यापार समझौता करने की मजबूरी है। लेकिन भू-राजनीति भी इसमें बहुत बड़ी भूमिका में है क्योंकि दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं वर्चस्व के लिए लड़ रही हैं। 9 मई से होने वाली स्विटजरलैंड वार्ता दोनों देशों के बीच विकसित हो रहे व्यापार संबंधों के रुझान का संकेत देगी।

संपादकीय

## युद्ध जैसे हालात में सरकार से अपेक्षा

मंगलवार की आधी रात को पाकिस्तान पर किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद सीमा पर स्थित जम्मू-कश्मीर के पुंछ में पाकिस्तान की तरफ से भयंकर गोली बारी शुरु की गई, जिसमें कम से कम 16 लोगों के मारे जाने की खबर है, साथ ही लांस नायक दिनेश कुमार शहीद भी हुए हैं। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक पाकिस्तान ने इसके अलावा भारत के अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ़, नल, फलौदी, उत्तरलाई और भुज सहित उत्तरी और पश्चिमी भारत में कई सैन्य ठिकानों पर हमला करने की कोशिश की। हालांकि पाकिस्तान के इन हमलों को एकीकृत काउंटर यूएएस ग्रिड और एयर डिफेंस सिस्टम ने बेअसर कर दिया। भारत के रक्षा मंत्रालय के बयान में कहा गया कि पाकिस्तानी ड्रोनों के मलबे अब कई स्थानों से बरामद किए जा रहे हैं जो इस बात को साबित करते हैं कि पाकिस्तान ने हमला किया था।

जाहिर है हमारी सेना और मजबूत रक्षा तंत्र ने इस तरह देश की रखवाली की कि व्यापक तौर पर नागरिकों को पाकिस्तान की तरफ से हुए हमलों का पता ही नहीं चला। इस साहसिक कृत्य के लिए सेना की जितनी सराहना की जाए, कम है। इस समय सारा देश यही कर भी रहा है। गुरुवार को जब सरकार ने सभी दलों की बैठक फिर से बुलाई, तब भी तमाम दलों ने एकजुटता का भरोसा सरकार को दिलाया।युद्ध के मुहाने पर खड़े इस कठिन दौर से गुजरते हुए भारत का हर विपक्षी दल और नागरिक अपने परस्पर विरोधों को भुलाकर सरकार और सेना के साथ खड़ा है लेकिन यह बेहद दुखद और आश्चर्यजनक बात है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जो देश का नेतृत्व करते हैं, इस विषय पर गुरुवार को दिल्ली में बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में पुन- अनुपस्थित रहे। पुन- शब्द का इस्तेमाल इसलिये किया जा रहा है क्योंकि पहलगाम हमले के बाद 24 अप्रैल को बुलाई गई ऐसी ही बैठक में मोदी नहीं आये थे। हालांकि उन्होंने आतंकवादियों को धरती के आखिरी छोर से भी पकड़ लाने का वादा देश से किया था। सेना ने संयुक्त ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देकर पाकिस्तान व पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में दहशतगर्दों द्वारा चलाये जा रहे आतंकी कैंपों को उड़ा दिया। लेकिन इस दौरान सरकार को कम से कम सीमावर्ती इलाकों से नागरिकों को सुरक्षित जगहों पर ले जाने का इंतजाम कर लेना चाहिए था। अगर ऐसा होता तो शायद पुंछ में जो नुकसान हुआ, वह न होता। पुंछ इलाके में मारे गये नागरिक ज्यादातर किसान हैं। एक तरह से देखें तो ये सर्जिकल स्ट्राइक हो या सीमा के आर-पार की बम वर्षा के कारण लगभग युद्ध की स्थिति है।ऐसे में सर्वदलीय बैठक में प्रधानमंत्री का न आना यह बतलाता है कि वे लोगों से मिल रहे जनसमर्थन के कारण विपक्ष ही नहीं, नागरिकों व यहां तक कि संसद को भी काफी हल्के में ले रहे हैं। याद हो कि 22 अप्रैल को हुए बैसरन कांड के वक्त मोदी सऊदी अरब के दौरे पर थे जिसे छोड़कर वे भारत लौटे थे। इससे यह महसूस किया गया था कि वे स्थिति की गम्भीरता को देखते हुए लौटे हैं। इसके विपरीत उन्होंने न तो राष्ट्र के नाम संदेश दिया और न ही कोई ऐसा बड़ा कदम उठाया जिससे महसूस हो कि वे किसी बड़े फैसले को लेने या उसे क्रियान्वित करने के लिये उद्धत हैं बिहार चले गये जहां उन्होंने वहां के मुख्यमंत्री नी कुमार के साथ एक रैली की। यहां इस साल के अंत विधानसभा के चुनाव होने हैं। मंच पर उनकी नीतीश बाबू के बीच होती हंसी-ठिठौली की तस्वीं वीडियो लोगों को चकित करते रहे। उन्होंने सर्वद बैठक में हिस्सा नहीं लिया और न ही सरकार ने स का विशेष सत्र बुलाया जिसकी सम्पूर्ण विपक्ष मांग रहा था। जनता को भी इसकी अपेक्षा थी।मोदी कहानी दोहराते नज़र आ रहे हैं- न तो सर्वदलीय बै में जाना, न राष्ट्र के नाम संदेश प्रसारित करना और संसद का विशेष अधिवेशन बुलाने की पेशकश सुनना। गुरुवार की बैठक में शामिल लगभग सभी ने एक बार फिर से इस बात की घोषणा की कि वे तरह से सरकार के साथ हैं और वह जो भी कदम उ वे उसका समर्थन करते हैं। सेना से जुड़ी गोपनीय का जिक्र नहीं करना है, इसलिए बैठक से बाहर अ किसी नेता ने कोई ऐसा बयान नहीं दिया.

# हिंद की सेना का जवाब कि, 'हां तुम एक विफल राष्ट्र हो!'

पिछले दिनों पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर का द्वि-राष्ट्रवाद के सिद्धांत का उल्लेख भी यही बताता है कि कैसे एक विफ़ल राष्ट्र को जब-तब अपने किए-धरे को उचित बताने की नाकाम कोशिश करनी पड़ती है। इससे पहले मुनीर ने एक अन्य कार्यक्रम में कश्मीर को पाकिस्तान के गले की नस बताया था।

पाकिस्तान एक विफल राष्ट्र है क्योंकि इसका जन्म ही नफ़रत की बुनियाद पर हुआ है। अंग्रेजों से आज़ाद होते ही भारत का बंटवारा हुआ और मानवता ने जिस वीभत्स मंज़र को देखा, उसकी मिसाल कम मिलती हैं। कई कलाकार, लेखक और पॉलिटिशियन मज़हब के आधार पर बंटे पाकिस्तान में चले तो गए लेकिन उम्र भर सिर्फ हिंदुस्तान को ही याद करते रहे, अपने दोस्तों से मिलने के लिए तड़पते रहे जैसे उन्हें यह अहसास हो गया था कि ग़लती हो चुकी है और समय का पहिया अब पीछे नहीं खींचा जा सकता। जो लिख सकते थे, उनके शब्दों में यह दर्द बयां हुआ और बाक़ी अपने दिलों में इस टीस के साथ ज़िंदा रहे। मशहूर और बेहतरीन कहानीकार सआदत अली हसन मंटो(दो दिन बाद उनकी सालगिरह है) उन्हीं में से एक थे। उन्होंने विभाजन के समय हुए दंगों की त्रासदी को भीतर तक उतारा और फिर पन्नों पर। टोबा टेकसिंह और खोल दो उनकी ऐसी ही महान रचनाएं हैं। मंटो दोस्तों को अक्सर लिखा करते थे कि, च्यार मुझे वापस बुला लो!ज् उन्होंने खुदकुशी की कोशिश भी की थी।

वे बहुत कम (43 साल) जी पाए। जैसे चिंता और जीवन का कोई गहरा रिश्ता हो। यूं तो मंटो के बारे में कहने को इतना कुछ है कि मंटो पढ़ाई-लिखाई में कुछ ख़ास नहीं थे, कि मंटो कॉलेज में उर्दू में ही फ़े ल हो गए थे, कि शायर फैज़ अहमद फ़र्ज़ मंटो से केवल एक साल बड़े थे, कि उन्हें भी चेखोव की तरह टीबी था, कि वे बेहद निडर थे, कि उनकी कई कहानियों पर अश्लीलता के मुक़दमे चले और उनकी कहानियां तो बस इंसान को चीर के ही रख देती हैं। विभाजन से पहले के बॉम्बे में उनके किस्से-कहानियां फिल्म इंडस्ट्री की जान हुआ करते थे। बेशक मंटो का फिर पैदा होना मुश्किल है लेकिन अफ़सोस यह भी कि एक बेहतरीन कथाकार नफ़रत की भेंट चढ़ गया और असमय मौत की नींद सो गया।

ऐसे ही एक शायर रईस अमरोही थे जो जॉन एलिया के बड़े भाई थे। वे भी बंटवारे को बर्दाश्त नहीं कर पाए। उनका परिवार उत्तर प्रदेश के अमरोहा का था जो 1947 में पाकिस्तान चला गया। उनकी मेटाफिजिक्स, ध्यान और योग पर कई किताबें प्रकाशित हुईं। उनका भी दिल केवल भारत के लिए धड़कता रहा। वे लिखते हैं-

हिन्द की बहारों, तुम को सलाम पहुंचे
बिछड़े हुए नज़ारों, तुम को सलाम पहुंचे
भारत के चांद तारों, तुम को सलाम पहुंचे
बरसों के बाद यारों तुम को सलाम पहुंचे
ये नामा-ए -मोहब्बत यारों के नाम ले जा
ओ हिंद जाने वाले मेरा सलाम ले जा।

उनकी ऐसी कई नज़्मों का ज़िक्र और प्रकाशन विदेश सेवा के अधिकारी और सांसद रहे मणिशंकर अय्यर ने अपनी किताब पाकिस्तान पेपर्स में किया है। रईस अमरोही की 1988 में एक कट्टरपंथी समूह ने उनकी लाइब्रेरी में ही हत्या कर दी। कट्टरपंथी केवल किसी धर्म के ख़िलाफ़ नहीं होते। वे हर उस व्यक्ति के ख़िलाफ़ होते हैं जो उदारता की बात करता है, तरक्क़ी की बात करता है, शांति की बात करता है। वे ख़ुद में एक ज़िंदा बम होते हैं। ऐसे बीमार जिन्हें ताज़ा हवा कभी छूकर भी नहीं गुज़री होती। शक और डर में जीने वाले हैवानों का कुनबा जो निर्दोषों का खून बहाना जानता है। वे ही 22 अप्रैल को पहलगाम आए थे और कई स्त्रियों के सिंदूर उजाड़ गए। खुद मोहम्मद अली जिन्ना, जिन्हें पाकिस्तान का जनक और क़ायदे आज़म बताया जाता है, वे भी अपनी ज़िन्दगी में ही अनुभूत कर चुके थे कि पाकिस्तान का बनाना उनकी ग़लती थी। वे पाकिस्तान बनने के बाद केवल एक साल ज़िंदा रहे। मज़हब के आधार पर एक देश बनाने वाले ने कहा था- %पाकिस्तान कोई ईश्वर शासित राज्य नहीं होगा जहां पीर-पुज्जे किसी खास मक़सद से राज करेंगे। देश में कई गैर मुस्लिम भी हैं जिन्हें समान अधिकार होंगे और वे मिलकर पाकिस्तान की तरक्की में शामिल होंगे। अफ़सोस ऐसा हो न सका क्योंकि बुनियाद ऐसी नहीं थी।



पिछले दिनों पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर का द्वि-राष्ट्रवाद के सिद्धांत का उल्लेख भी यही बताता है कि कैसे एक विफ़ल राष्ट्र को जब-तब अपने किए-धरे को उचित बताने की नाकाम कोशिश करनी पड़ती है। इससे पहले मुनीर ने एक अन्य कार्यक्रम में कश्मीर को पाकिस्तान के गले की नस बताया था। इस बार वे खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत के काकुल इलाके में पाकिस्तान सैन्य अकादमी में कैडेट की पासिंग आउट परेड को संबोधित कर रहे थे। मुनीर ने कहा- द्वि-राष्ट्र सिद्धांत इस बुनियादी मान्यता पर आधारित था कि मुसलमान और हिंदू दो अलग-अलग मुल्क हैं, एक नहीं। मुसलमान जीवन के सभी पहलुओं- धर्म, रीति-रिवाज, परंपरा और सोच में हिंदुओं से अलग हैं।%% तब सवाल यही है कि बांग्लादेश क्यों पाकिस्तान से अलग हुआ? पाक सेना के प्रमुख यहां बुरी तरह फेल हुए हैं और फ़ेल हुआ है उनका मज़हब के आधार पर दो राष्ट्र बनाने का सिद्धांत। अगर जो भारत के सियासी दल धर्म को सियासत में शामिल करते रहे तब पाकिस्तान ज़रूर बांग्लादेश से सांठगांठ कर बड़ा नुकसान पहुंचा सकता है।

साफ़ है कि एक विफल राष्ट्र का सेनाध्यक्ष कैसे अपनी सोच को सही बताने के इरादे से कुतर्क का सहारा लेने लगता है, जबकि भारत का सच दुनिया के सामने है। इसकी वजह जिन्ना के समकालीन हमारे नेताओं की दृष्टि और सोच है। पाकिस्तान के मज़हबी आधार पर निर्माण के बावजूद उन्हें कोई दुविधा नहीं थी कि वे भविष्य में कैसा भारत बनाएंगे। उन्होंने विश्व का बेहतरीन संविधान गढ़ा। देश जहां हर वर्ग, धर्म के नागरिक समान और मौलिक अधिकारों के दायरे में होंगे। कोई भेदभाव नहीं होगा। आज भारत और पाकिस्तान दोनों कहां खड़े हैं? उसके पीछे 1947 की भीषण त्रासदी के बावजूद हमारे नेताओं की सर्वधर्म समभाव की सोच रही। इस सोच का परिचय भारतीय सेना ने बुधवार को तब भी दिया जब दो महिला अधिकारियों ने ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दुनिया से साझा की। उन्होंने भारतीय सेना और वायु सेना की संयुक्त प्रेस ब्रीफिंग की। विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कर्नल सोफिया कुरैशी ने विदेश सचिव मिस्री के साथ ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देते हुए मंगलवार रात एक बजे से डेढ़ बजे तक पाकिस्तान में निशाना बनाए गए ठिकानों के नाम और विवरण साझा किए।

सिग्नल कोर की अधिकारी सोफिया कुरैशी ने हिंदी में बात की, जबकि विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने अंग्रेजी में बात कही। कर्नल सोफिया ने 2016 में बहुराष्ट्रीय क्षेत्र प्रशिक्षण अभ्यास में सेना के प्रशिक्षण दल का नेतृत्व भी किया था। उनके परिवार की पृष्ठभूमि सेना में सेवा देने की रही है। सोफिया कुरैशी के पिता ताज मोहम्मद कुरैशी ने कहा- %हमें बहुत गर्व है। हमारी बेटी ने हमारे देश के लिए बहुत बड़ा काम किया है। पाकिस्तान को नष्ट कर देना चाहिए। मेरे दादा, मेरे पिता और मैं सभी सेना में थे। अब वह भी सेना में है। ऑपरेशन सिंदूर के साथ यह काफ़ी है पाकिस्तान को भारत के अब तक के सफर और सोच को बताने के लिए।उधर पाकिस्तान की सूचना मंत्री और पूर्व विदेश मंत्री हिना रब्बानी खर ने कई विदेशी चैनलों को साक्षात्कार दिए लेकिन आतंकवादियों को पनाह देने के ख़िलाफ़ उनके पास कोई जवाब नहीं था क्योंकि पूरी दुनिया जानती है कि अमेरिका ने ओसामा बिन लादेन को पाकिस्तान में घुसकर मारा था। भारत के ख़िलाफ़ आतंक का प्रयोग पाकिस्तान की सेना और शासन दोनों के लिए खाद-पानी का काम करता रहा। उनका लोकतंत्र हमेशा सेना की बैसाखियों पर सवार रहा। पहलगाम नरसंहार के बावजूद भारतीय सेना ने सुरक्षात्मक रवैया अपनाया है। कोई सैनिक और नागरिक ठिकानों को निशाना नहीं बनाया क्योंकि युद्ध खुद एक मसला होता है किसी मसले का हल नहीं।



# सेल्फ एम्प्लॉयमेंट का जरिया ऑर्गेनिक खेती



देश की लगभग 70 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है, वहीं यह सेक्टर पचास फीसद से ज्यादा आबादी को रोजगार भी उपलब्ध कराता है। इसके अलावा हाल के वर्षों में जिस तरह से कृषि क्षेत्र में आधुनिकीकरण हुआ है, इसमें नई टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल बढ़ा है, पारंपरिक खेती के साथ-साथ ऑर्गेनिक और इनोवेटिव फार्मिंग हो रही है, उसने एग्रीकल्चर के प्रति समाज और खासकर युवाओं का नजरिया काफी हद तक बदला है। यही कारण है कि बीते कुछ समय में आईआईटी और आईआईएम से पास-आउट कई युवाओं ने मल्टीनेशनल कंपनियों की जॉब छोड़कर एग्रीकल्चर और एग्रीबिजनेस की ओर रुख किया है। इनके अलावा भी दूसरे सेक्टरों में काम करने वाले युवा हॉर्टिकल्चर, डेयरी, ऑर्गेनिक और पोल्ट्री फार्मिंग जैसे पेशे से जुड़ रहे हैं। उन्हें गर्व है कि वे देश और किसानों के लिए कुछ सकारात्मक कर पा रहे हैं। ऑर्गेनिक खेती का जिक्र तो आजकल बहुत हो रहा है, लेकिन सवाल यह है कि अगर किसी को इसमें करियर बनाना है, तो वह क्या करे। गौरतलब है कि यह ऐसी खेती है, जिसमें सिंथेटिक खाद, कीटनाशक आदि जैसी चीजों के बजाय तमाम ऑर्गेनिक चीजें जैसे गोबर, वर्मी कंपोस्ट, बॉयोफर्टिलाइजर्स, क्रॉप रोटेशन तकनीक आदि का इस्तेमाल किया जाता है। कम जमीन में, कम लागत में इस तरीके से पारंपरिक खेती के मुकाबले कहीं ज्यादा उत्पादन होता है। यह तरीका फसलों में जरूरी पोषक तत्वों को संरक्षित रखता है और नुकसानदेह केमिकल्स से दूर रखता है। साथ ही यह पानी भी बचाता है और जमीन को लंबे समय तक उपजाऊ बनाए रखता है। यह पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में मददगार है।

## कैसे करें शुरूआत?

अगर आपको ऑर्गेनिक खेती शुरू करनी है, तो सबसे पहले आपको इसका प्रोजेक्ट या ब्लू प्रिंट बनाना होगा। यह तय करना होगा कि कितनी जमीन पर यह खेती करेंगे। जमीन की लोकेशन क्या है? जमीन किस फसल के लिए अच्छी है? आपका बजट कितना है? यह प्रोजेक्ट किसी भी चार्टर्ड एकाउंटेंट से बनवा सकते हैं। इसके बाद आपको फॉर्म 1 ए-1, 1 ए-3, 1जी और फॉर्म 11 भरकर रजिस्ट्रेशन फीस के साथ अपने राज्य के डिपार्टमेंट ऑफ ऑर्गेनिक सर्टिफिकेशन में जमा करना होगा।

## सरकार देती है सब्सिडी

कृषि वैज्ञानिक आपकी जमीन की जांच करेंगे और यह तय करेंगे कि इसकी मिट्टी किस फसल की खेती के लिए अच्छी है। इसके बाद आपका प्रोजेक्ट कृषि विभाग में पास होने के लिए भेज दिया जाएगा। ऑर्गेनिक फार्मिंग के लिए तकरीबन हर राज्य में सरकार 80 से 90 फीसद तक सब्सिडी देती है। मतलब यह आपको पूरे प्रोजेक्ट में 10 से 20 फीसद ही इनवेस्ट करना होगा। प्रोजेक्ट पास होने के बाद ऑर्गेनिक फार्मिंग टेक्निक वाली कंपनियां सेटअप लगाने के लिए आपसे खुद संपर्क करती हैं। सरकार से मिले पैसों से ये कंपनियां आपकी जमीन पर ग्रीन हाउस और ऑर्गेनिक फार्मिंग के लिए सेटअप लगाती है। साथ ही आपको ट्रेनिंग भी देती हैं।

## पूरे देश में चल रहा प्रोजेक्ट

सरकार की ओर से नेशनल ऑर्गेनिक फार्मिंग प्रोजेक्ट भी चलाया जा रहा है। इसके सेंटर की वेबसाइट से आप और भी जानकारी ले सकते हैं। दिल्ली स्थित पूसा इंस्टीट्यूट से भी पूरी जानकारी और ट्रेनिंग ले सकते हैं।

## सिर्फ मानसून पर निर्भर नहीं कृषि

कृषि अब पूरी तरह से मानसून पर निर्भर नहीं है। वैज्ञानिक तरीके से अगर खेती की जाए, तो फसल भी अच्छी होती है और पानी भी कम लगता है। पहले जैसे सूखे के हालात अब नहीं पैदा होते। अब बारिश के पानी का स्टोरेज भी बेहतर तरीके से किया जाता है। इससे बारिश कम होने पर भी फसलों को पर्याप्त पानी मिल जाता है। एग्रीकल्चर स्वरोजगार का सबसे अच्छा साधन है। इससे अब अच्छी कमाई भी की जा सकती है। बहुत से प्रोफेशनल फार्मर साइंटफिक फार्मिंग के जरिये न सिर्फ अच्छा पैसा कमा रहे हैं, बल्कि दूसरों को भी रोजगार दे रहे हैं। यही नहीं, प्राइवेट और गवर्नमेंट दोनों सेक्टरों में एग्रीकल्चर का स्कोप तेजी से बढ़ रहा है।





# फाइन आर्ट्स में लीजिए डिग्री मिलेंगे बेहतरीन कॅरियर विकल्प

**ललित कला स्नातक एक स्नातक की डिग्री है जो आपको दृश्य, ललित या प्रदर्शन कला में एक पेशेवर कॅरियर के लिए तैयार करती है। आपका कोर्सवर्क आपके फाइन आर्ट्स मेजर पर निर्भर करता है। कुछ प्रमुख जो आप ललित कला स्नातक के साथ कर सकते हैं उनमें फोटोग्राफी, कला इतिहास और नृत्य शामिल हैं।**

क्या आप स्केचिंग, ड्राइंग और रचनात्मकता करना पसंद करते हैं? यदि हां, तो फिर ललित कला में अध्ययन आपके लिए अनुकूल होगा। ललित कला कला का एक अच्छा संग्रह है जो सुंदर चीजों को बनाने के लिए किया जाता है। ललित कला में स्नातक आपको ललित कला में कॅरियर के लिए सर्वश्रेष्ठ रूप से तैयार कर सकता है।

ललित कला में स्नातक क्या है?

ललित कला स्नातक एक स्नातक की डिग्री है जो आपको दृश्य, ललित या प्रदर्शन कला में एक पेशेवर कॅरियर के लिए तैयार करती है। आपका कोर्सवर्क आपके फाइन आर्ट्स मेजर पर निर्भर करता है। कुछ प्रमुख जो आप ललित कला स्नातक के साथ कर सकते हैं उनमें फोटोग्राफी, कला इतिहास और नृत्य शामिल हैं।

अधिकांश कार्यक्रमों में रचनात्मक अभ्यास के घंटों के साथ-साथ कक्षा निर्देश शामिल हैं। अंततः, बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स की डिग्री आपको कला में विभिन्न प्रकार के करियर विकल्पों के साथ एक अच्छी तरह से शिक्षा प्रदान करती है। मुख्य ललित कलाएं फिल्म, नृत्य, पेंटिंग, फोटोग्राफी, वास्तुकला, मिट्टी के बर्तन, वैचारिक कला, मूर्तिकला, संगीत, प्रिंटमेकिंग, इंटीरियर डिजाइन और नाटक हैं। यह छात्रों को कलाकार बनने और कला के निर्माण से जुड़ी अन्य प्रथाओं का पालन करने के लिए सिखाता है और तैयार करता है। अरस्तू के अनुसार, ''कला का मुख्य उद्देश्य चीजों की बाहरी उपस्थिति का प्रतिनिधित्व नहीं करना है, बल्कि उनके आंतरिक महत्व का भी प्रतिनिधित्व करना है''।

## पाठ्यक्रम और अवधि

ललित कला पाठ्यक्रमों में बड़ी संख्या में प्रमाणपत्र, डिप्लोमा और डिग्री स्तर के पाठ्यक्रम हैं जो विभिन्न संस्थानों द्वारा पेश किए जाते हैं। आप ललित कला में स्नातकोत्तर और पीएचडी पाठ्यक्रम भी कर सकते हैं। पाठ्यक्रमों की अवधि 1 से 5 वर्ष तक होती है।

## डिप्लोमा कोर्स

**ललित कला में डिप्लोमा**: यह एक वर्षीय पाठ्यक्रम है। यह कोर्स 12वीं के बाद किया जा सकता है।

**स्नातक के अंतर्गत का पाठ्यक्रम:**

**बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स (बीएफए) या बैचलर ऑफ विजुअल आर्ट्स (बीवीए)**: इस कोर्स की अवधि 4 से 5 साल है।

**ललित कला में कला स्नातक (बीए)**: यह तीन साल की अवधि का कार्यक्रम है।

## परास्नातक पाठ्यक्रम

- मास्टर ऑफ फाइन आर्ट (एमएफए) या मास्टर इन विजुअल आर्ट्स (एमवीए): यह दो साल की अवधि का कार्यक्रम है।
- ललित कला में मास्टर ऑफ आर्ट्स (एमए): इस पाठ्यक्रम की अवधि आम तौर पर दो वर्ष की होती है।
- कुछ संस्थान पत्राचार और दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से स्नातक पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं। दो प्रसिद्ध संस्थान इग्नू, दिल्ली और दिल्ली विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग पत्राचार में ललित कला पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं।

## ललित कला में आवश्यक कौशल

- आपके द्वारा बनाई गई ड्राइंग आगंतुक की नजर में यथार्थवादी होनी चाहिए।
- आपको कला सामग्री और उनका उचित उपयोग कैसे करना है, इसकी जानकारी होनी चाहिए।
- अपने काम की प्रस्तुति और प्रदर्शन उचित तरीके से और सटीक होना चाहिए।
- आपके पास रचनात्मकता होनी चाहिए।
- रंग और रंग सिद्धांत के साथ प्रयोग की जाने वाली तकनीकें होनी चाहिए।
- संचार और पारस्परिक कौशल आपके भीतर मौजूद होनी चाहिए।
- आपको कुछ नवीनतम तकनीकों के साथ उपयोग किए जाने वाले सभी डिजिटल मीडिया का ज्ञान होना चाहिए।

### प्रमुख जॉब प्रोफाइल इस प्रकार हैं:

- आर्ट थेरेपिस्ट
- मल्टीमीडिया प्रोग्रामर
- ड्राइंग टीचर
- सेट डिजाइनर
- प्रोडक्शन आर्टिस्ट
- म्यूजिक टीचर
- रचनात्मक निदेशक
- संपादक
- फर्नीचर डिजाइनर
- कला निर्देशक
- 3डी कलाकार
- एनिमेटर

### रोजगार के क्षेत्र:

- विज्ञापन कंपनियां
- बुटीक
- कला स्टूडियो
- थियेटर
- सिलाई की दुकानें
- फैशन हाउस
- शिक्षा संस्थान
- टेलीविजन उद्योग
- एनीमेशन
- शिक्षण
- वस्त्र उद्योग
- स्कल्पचर

### सैलरी पैकेज

वेतन नौकरियों के आधार पर अलग-अलग होते हैं। ललित कला में स्नातक 2 से 3 लाख रुपये प्रति वर्ष के बीच कमा सकता है। हालांकि यह उनकी प्रतिभा के आधार पर निर्भर करता है। अनुभव और ज्ञान के साथ-साथ सैलरी पैकेज में भी बढ़ोतरी होती रहती है। जो लोग विज्ञापन एजेंसियों और पब्लिशिंग हाउसेस में काम करना चाहते हैं, वे लगभग 4 से 5 लाख रुपये प्रति वर्ष का आकर्षक वेतन कमा सकते हैं।

## एडमिशन

- आप किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से उच्च माध्यमिक शिक्षा (12वीं) की परीक्षा पूरी करने के बाद डिप्लोमा या डिग्री कोर्स कर सकते हैं। आप कुछ बीएफए संस्थानों द्वारा आयोजित योग्यता परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं।
- यदि आप मास्टर प्रोग्राम में शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं तो आपको ललित कला में स्नातक की डिग्री प्राप्त करनी होगी।

कुछ प्रसिद्ध कॉलेज जो ललित कला में यूजी और पीजी पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं:

- हैदराबाद विश्वविद्यालय
- दिल्ली विश्वविद्यालय
- अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय
- कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय
- एमिटी विश्वविद्यालय
- इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स, दिल्ली

## कॅरियर और नौकरियां

आज विभिन्न क्षेत्रों में ललित कला के अवसर तेजी से बढ़ रहे हैं। उत्कृष्ट वेतन, लोकप्रियता और प्रतिष्ठा प्राप्त करने के लिए, भारत की युवा आबादी इस क्षेत्र में आकर्षित हो रही है।

- स्नातक पूरा करने के बाद छात्रों के पास एक कला शिक्षक, सरकारी कार्यालयों में कलाकार या फोटोग्राफर के रूप में काम करने का विकल्प होता है। आप एक स्वतंत्र कार्यकर्ता के रूप में भी अपना करियर शुरू कर सकते हैं और निर्देशन, कपड़े, फोटोग्राफी, टेलीविजन और फैशन के लिए जा सकते हैं।
- आप अकादमिक, वास्तुकला और फिल्म उद्योग में भी करियर बना सकते हैं। आप प्रकाशन या कपड़ा उद्योग में पत्रिकाओं, विज्ञापन एजेंसियों और समाचार पत्रों के रचनात्मक विभागों में शामिल हो सकते हैं।
- ललित कला स्नातक मुख्यधारा के स्नातक रोजगार और उद्योगों की एक विस्तृत श्रृंखला में प्रशिक्षण के लिए भी आवेदन कर सकते हैं, उदाहरण के लिए, बैंकिंग, आर्ट गैलरी, बीमा, मीडिया और जनसंपर्क।
- उम्दा कलाकार विभिन्न प्रकार के मीडिया और तकनीकों का उपयोग करके कलाकृति का निर्माण करने का काम करते हैं।
- आप अपने काम को संग्रहालयों, निजी दीर्घाओं में प्रदर्शित कर सकते हैं या निजी संग्रह रख सकते हैं और अपने काम के लिए पुरस्कृत हो सकते हैं। आपके द्वारा बनाई गई वस्तुएं स्टूडियो, नीलामी, स्टोर या कला और शिल्प शो में बिकेंगी।
- फाइन आर्ट्स में स्कोप काफी अच्छा है, आप इस प्रोफेशनल कॅरियर के तहत सम्मान और पैसा दोनों कमा सकते हैं। मल्टीमीडिया कलाकार और एनिमेटर मोशन पिक्चर या वीडियो गेमिंग उद्योगों में काम करते हैं।





# पेट्रोलियम टेक्नोलॉजी में गोल्डन करियर

**ऊर्जा का अहम स्त्रोत होने के नाते पेट्रोलियम की उपयोगिता से सभी वाकिफ हैं। भारत पेट्रोलियम पदार्थों की अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा विदेश से आयात करता है। अगर आंकड़ों की मानें तो पेट्रोलियम पदार्थों के उपयोग में भारत विश्व का आठवां बड़ा देश है। एचपीसीएल, बीपीसीएल, रिलायंस, इंडियन ऑयल जैसी कंपनियों से सरकार को भारी-भरकम राजस्व मिलता है।**

### संभावनाएं

पहले इस क्षेत्र में जियोलॉजिस्ट की काफी मांग थी, समय बदलने के साथ मैकेनिकल क्षेत्र के विशेषज्ञों ने इस इंडस्ट्री में अपनी धाक जमाई। करियर की अनेक संभावनाओं को देखते हुए इस क्षेत्र में प्रबंधन से लेकर इंजीनियरिंग तक के कोर्स शुरू हुए हैं।

### कोर्स

पेट्रोलियम यूनिवर्सिटी ने बीबीए, एमबीए, एमटेक, बीटेक, एमएससी जैसे कोर्स शुरू किए हैं। इसके अलावा देश के चुनिंदा संस्थानों ने पेट्रोलियम के क्षेत्र में बीई, बीटेक, एमई, एमटेक, एमएससी और बीएससी जैसे कोर्स शुरू किए हैं। ये सभी कोर्स पेट्रोकैमिकल इंजीनियरिंग, पेट्रोटेक्नोलॉजी, गैस इंजीनियरिंग, पेट्रोमार्केटिंग आदि में शुरू किए हैं।

### योग्यता

बारहवीं की परीक्षा भौतिक विज्ञान, गणित और रसायन विज्ञान से 50 प्रतिशत अंकों से पास करने के बाद आप इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकते हैं। कैमिकल और पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में बीई और बीटेक कर चुके छात्र पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में एमटेक के लिए आवेदन कर सकते हैं। बीबीए में प्रवेश के लिए बारहवीं किसी भी संकाय से उत्तीर्ण होना जरूरी है।

### स्टडी कोर्स

पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में छात्र जियोलॉजी, भौतिकी और इंजीनियरिंग के सिद्धांतों द्वारा पेट्रोलियम की रिकवरी, डेवलपमेंट और प्रोसेसिंग के बारे में जानते हैं। इसके अलावा ड्रिलिंग, मैकेनिक्स, पर्यावरण संरक्षण और पेट्रोलियम जैसे विषयों पर छात्रों की पकड़ बनाई जाती है। पेट्रोलियम इंडस्ट्री को मुख्य तौर पर दो भागों में बांट कर देख सकते हैं- अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम सेक्टर। अपस्ट्रीम सेक्टर में खोज, उत्पादन व तेल और प्राकृतिक गैसों का दोहन कैसे किया जाए, इसकी शिक्षा व ट्रेनिंग दी जाती है। डाउनस्ट्रीम सेक्टर में रिफाइनिंग, मार्केटिंग और वितरण से संबंधित पूरी जानकारी दी जाती है। पेट्रोलियम के क्षेत्र में टीम की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होती है। एक पेट्रोलियम इंजीनियर को जियोलॉजिस्ट, अन्वेषणकर्ता, इंजीनियर, पर्यावरण क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ काम करना पड़ता है।

### अवसर

पेट्रोलियम टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में नौकरी की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। लगभग आठ लाख लोगों को रोजगार देने वाला यह क्षेत्र अवसरों से भरा पड़ा है। हिन्दुस्तान पेट्रोलियम, भारत पेट्रोलियम, रिलायंस, ओएनजीसी, पेट्रोनेट जैसी नामी-गिरामी कंपनियों के द्वार आपके लिए खुले हैं। जिस तरह पेट्रोल के नए भंडार और क्षेत्र मिल रहे हैं, उससे यह क्षेत्र आने वाले समय में बड़ा लाभकारी साबित होगा।

### संस्थान

- यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम स्टडीज, देहरादून, उत्तराखंड
- डिब्रूगढ़ यूनिवर्सिटी, असम
- इंडियन स्कूल ऑफ माइंस, धनबाद
- अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, इंस्टीटयूट ऑफ पेट्रोलियम स्टडीज एंड कैमिकल इंजीनियरिंग, अलीगढ़, उत्तर प्रदेश
- यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडीज, दिल्ली
- अन्ना यूनिवर्सिटी, चेन्नई, तमिलनाडु
- डॉ. हरिसिंह गौर यूनिवर्सिटी सागर, मध्य प्रदेश
- महाराष्ट्र इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नोलॉजी, यूनिवर्सिटी ऑफ पुणे, महाराष्ट्र



# रोज खाएं फाइबरयुक्त आहार



- पालक में बीटा कैरोटीन अच्छी मात्रा में पाया जाता है जिससे कैंसर और दिल की बीमारी नहीं होती
- ग्रीन-टी पीने से रक्त अंदर से साफ होता है व त्वचा निखरती है
- शिमला मिर्च इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाती है, यह फेफड़े के इंफेक्शन, अस्थमा आदि से बचाव करती है
- बींस पेट साफ रखती हैं, हड्डियां मजबूत बनाती हैं तथा वजन घटाती हैं, यह शरीर के दर्द को दूर करने में भी सहायक होती हैं

*हमे* अपनी रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने के लिए भाग-दौड़ करनी ही पड़ती है। ऐसा नहीं है कि हमारा शरीर अपने आप ही सारे प्रोटीन प्राप्त कर ले, इसके लिए हमें कुछ आहार बाहर और कुछ विटामिन रोज ही लेने चाहिए अन्यथा हमारा शरीर जल्द ही बूढ़ा और कमजोर होने लगेगा। अगर आप यह जान लें कि कौन से ऐसे आहार रोज खाने से आप फिट रह सकते हैं, तो आप कई सारी बीमारियों से बच सकते हैं। कहते हैं कि आप जैसा खाते हैं वैसे ही बन जाते हैं। इसलिए अपनी डाइट पर विशेष ध्यान दीजिए। जबकि भाग-दौड़ वाली जिंदगी में न तो खाने का कोई समय है और न ही सोने का। इसलिए अधिकतर लोग अपनी बीमारी का इलाज करवाने के लिए रोज डॉक्टरों की क्लीनिक के चक्कर काटते नजर आते हैं। इसलिए आज हम आपको कुछ ऐसे आहारों के नाम बताएंगे जिन्हें रोजाना खाने से आप स्वस्थ तन-मन के मालिक बन सकते हैं।




**ये आहार रोज खाने से आप रहेंगे तरो-ताजा व फिट**

1. **ग्रीन-टीः** इसके अंदर एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है जो वजन को कम करने के लिए एक जरूरी सामग्री है। यह शरीर के मेटाबॉलिज्म को बढ़ा कर भूख को कम करता है। अगर आप ग्रीन-टी पिएंगे तो यह आपके रक्त को अंदर से साफ करेगी जिससे आप पाएंगे बेदाग और निखरी त्वचा।
2. **बादाम :** बादाम न केवल दिमाग तेज करता है बल्कि दिल को भी सुरक्षित रखता है। बादाम में काफी फाइबर और प्रोटीन होता है जो कि अन्य मेवों से कहीं अधिक होता है।
3. **शिमला मिर्च :** शिमला मिर्च में विटामिन ''सी' और ''ई' काफी मात्रा में होते हैं, जो खराब स्वास्य को ठीक करते हैं। यह इम्यून सिस्टम को भी मजबूत बनाती है। इसके साथ ही यह सांस संबंधि समस्याएं जैसे फेफड़े का इंफेक्शन, अस्थमा आदि से बचाव करती है।
4. **दहीः** इसमें प्रोटीन, कैल्शियम, राइबोफ्लेविन, विटामिन ''बी-6' और विटामिन ''बी-12' जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। दही को अपने खानपान में शामिल करने से खूबसूरती और स्वास्य दोनों ही बनते हैं।
5. **दूधः** दूध एक संपूर्ण आहार है जिसमें मिनरल, प्रोटीन, वसा, कार्बोहाइड्रेट और विटामिन उच्च मात्रा में पाया जाता है। इसे या तो दही या पनीर के रूप में खाया जा सकता है या फिर केवल दूध ही पिया जा सकता है। यह दोनों ही प्रकार से लाभ पहुंचाएगा।
6. **फलः** आपको रोज सुबह शाम एक फल जरूर खाना चाहिए। आप हर प्रकार के फल खाएं क्योंकि हर फल में अपने ही गुण होते हैं। फल खाने से पेट साफ रहता है और शरीर में शक्ति बनी रहती है। यह आपको उर्जावान बनाए रखते हैं।
7. **पालकः** पालक में बीटा कैरोटीन अच्छी मात्रा में पाया जाता है जिससे कैंसर और दिल की बीमारी नहीं होती। पालक खाने से हीमोग्लोबिन बढ़ता है। यह रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि करने के अलावा हृदय संबंधी बीमारियों से लड़ने में भी मददगार होता है। यह आंखों के लिए भी अच्छा माना जाता है।
8. **बींसः** बींस में काफी फाइबर होता है जो कि शरीर से कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को घटाने में मदद करता है। यह पेट को साफ रखती हैं, हड्डियों को मजबूत बनाती हैं तथा वजन घटाने में भी सहायक हैं। यह शरीर के दर्द को दूर करने में भी सहायक होती है।

# चुटकी भर नमक जिंदगी में ला सकता है बदलाव

**नमक** के बिना कोई भी खाना स्वादिष्ट नहीं लगता.. लेकिन क्या आप एक चुटकी नमक की कीमत जानते हैं। सिर्फ एक चुटकी नमक आपके अंदर ला सकता है कई बदलाव।वैज्ञानिक तौर पर ये बात कभी साबित नहीं हुई कि नमक का सेवन करने से हाइपरटेंशन बढ़ती है। हां रिसर्च में ये जरूर साबित हो चुका है कि कम सोडियम डायट लेने से कई हेल्थ प्रॉब्लम्स हो सकती हैं। एक रिसर्च में ये बात भी सामने आई थी रोजाना 2300 मिलीग्राम से कम सोडियम लेने से मौत को खतरा बढ़ जाता है। यानी आपको रोजाना अपनी डायट में 2300 मिलीग्राम या उससे अधिक नमक रोजाना लेना चाहिए।नमक के सेवन से ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल होता है और इंसुलिन संवदेशनशीलता में सुधार आता है। कम नमक की डायट लेने से तो इंसुलिन लेवल बिगड़ जाता है। एक चुटकी नमक खाने से अस्थमा और एलर्जी से होने वाली समस्याओं को कम किया जा सकता है।नमक के सेवन से पेट का पीएच लेवल नियंत्रित रहता है। दरअसल, पाचन तंत्र को मजबूत बनाएं रखने के लिए हाइड्रोक्लोरिक एसिड का होना जरूरी है और नमक में सोडियम क्लोराइड होता है। आपको जानकर हैरानी होगी 90 फीसद अमेरकिंस में लो स्टमक एसिड पाया जाता है। एंडरलिन ऐसा जरूरी स्ट्रेस हार्मोन है जो नमक की कमी से बढ़ सकता है. नमक इस स्ट्रेस हार्मोन को कंट्रोल करता है।



> कम नमक की डायट लेने से तो इंसुलिन लेवल बिगड़ जाता है। एक चुटकी नमक खाने से अस्थमा और एलर्जी से होने वाली समस्याओं को कम किया जा सकता है।

नमक एंट्री स्ट्रेस और एंटी इक्साइट गुणों से भरपूर है जिससे की तनाव कम होता है, मेटाबॉलिक रेट अच्छा होता है। ऐसे में नींद भी बेहतर आती है। नमक के सेवन से वजन भी नियंत्रित रहता है। एक रिसर्च के मुताबिक, नमक की कमी से ब्लड शुगर लेवल कम हो जाता है और वजन भी बढ़ने लगता है। नमक थॉयरॉइड सिस्टम को कंट्रोल करता है।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-3-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। विद्यार्थियों को लाभ। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-6-7-9

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-3-4-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। संतान की उन्नति के योग हैं। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-4-8-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-6-8-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): पुराने मित्र से मिलन होगा। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। शुभांक-4-2-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-6-8-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-6-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-7-9

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। किसी कार्य विशेष के लिए यात्रा आवश्यक होगी। शुभांक-6-7-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए। सब्र का फल मीठा होता है अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। शुभांक-2-5-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सफलता मिलेगी। शुभांक-3-7-8

## हंसी के फूव्वारें

जज (चोर से) - तुम्हारी जेब में जो कुछ है, उसे निकालकर मेज पर रख दो.

चोर (जज से)- यह तो सरासर नाइंसाफी है हुजूर. माल का आधा-आधा होना चाहिए.

□ □ □

बबलू (मम्मी से) - मम्मी प्लीज ये रस्सी अपनी जीभ से काट दो.

मम्मी (बबलू से) - बेवकूफ रस्सी जीभ से कैसे कट सकती है?

बबलू (मम्मी से) - क्यों? कल ही तो पापा कह रहे थे कि आपकी जुबान कैंची की तरह चलती है.

□ □ □

युवा फिल्म अभिनेता (प्रेमिका से)- आज तक मुझसे शादी के सैकड़ों निवेदन किए जा चुके हैं.

प्रेमिका (अभिनेता से)- अच्छा, किस-किस ने निवेदन किया?

अभिनेता (प्रेमिका से) - 'मेरे मम्मी और डैडी ने.' अभिनेता मुस्कराते हुए बोला.

□ □ □


एक छाताधारी सैनिक से उनके अफसर ने पूछा, 'तुमने कितनी बार हवाई जहाज से छलांग लगाई है.'

'केवल एक बार.' सैनिक ने कहा.

'लेकिन तुम्हारे सर्विस रिकार्ड मे तो पन्द्रह बार लिखा हुआ है.'


'शेष चौदह बार तो मुझे धकेला गया था.' सैनिक ने कहा.

## काकुरो पहेली - 4050




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.


उदाहरणतः




**काकुरो - 4049 का हल**



## फिल्म वर्ग पहेली - 4050



**बायें से दायें:-**

१. अशोककुमार, नूतन, धर्मेन्द्र की 'ओ जाने वाले' गीत वाली फिल्म-३
४. गोविंदा, शिल्पा शेट्टी की 'स्पॉप दैट मेरी मर्जी' गीत वाली फिल्म-४
७. 'आज गालो मुस्कुरालो' गीत वाली राजेंद्र, धर्मेन्द्र, माला की फिल्म-३
८. फिल्म 'कभी कभीण' में ऋषिकपूर के साथ किस की जोड़ी थी-३
१०. १९७१ में आई अमिताभ, योगिता बाली का एक फिल्म-४
१३. 'कभी शाम ढले' गीतवाली फिल्म-२
१५. 'गोरी तेरा नखरा' गीत वाली बॉबी देओल, करिश्मा की फिल्म-३
१७. 'शादी के लिये रजामंद' गीत वाली फिल्म-२
१९. सैफ अली, काजोल की फिल्म-३
२१. अनिलधवन, नीतू सिंह की 'तेरी गलियों में ना' गीतवाली फिल्म-३
२३. 'तु मेरे पास भी है' गीत वाली फिल्म-२
२४. राजेंद्रकुमार, साधना की फिल्म-३
२५. अनिलकपूर, माधुरी की 'खत लिखना है' गीतवाली फिल्म-२
२७. राजीव, डिम्पल की फिल्म-२
२८. संजयदत्त, अभिषेक, जायेद, एशा, राइमा, शिल्पा की फिल्म-२
३०. 'तसवीर तेरी दिल में' गीत वाली देवआनंद, माला सिन्हा की फिल्म-२
३२. फिल्म 'हम तो मुहब्बत करेगा' में बॉबी देओल के किरदार का नाम-२
३४. 'देखें भी तो क्या' गीत वाली फिल्म-२
३५. 'चुराओ ना दिल' गीत वाली फिल्म-३
३६. दिलीपकुमार, वैजयंतीमाला की 'तेरे हुस्न की क्या' गीत वाली फिल्म-३
३७. फिल्म 'अलग-अलग' में राजेश खन्ना की नायिका कौन थी-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'तेरे नैना मेरे नेनों की' गीत वाली फिल्म-३
२. फिल्म 'खुदगर्ज' में नायिका कौन थी-३
३. अनिलकपूर, माधुरी नम्रता की फिल्म-३
५. 'सैंया दिल में आना रे' गीतवाली फिल्म-३
६. फिल्म 'बारूद' में अक्षय की नायिका-३
९. बलराज साहनी, नूतन की फिल्म-२
१०. 'जरा तसवीर से तू' गीत वाली फिल्म-४
११. 'एक दूजे के लिए' में कमल हासन के किरदार का क्या नाम था-२
१२. फिल्म 'चोर मचाए शोर' में नायक-२
१४. राजकपूर, नर्गिस की 'ये शाम की तन्हाइयाँ' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'शीशा हो या दिल हो' गीत वाली फिल्म-२
१६. सुनील शेट्टी, सोनाली की 'दिल जंगली कबूतर' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'मैं प्यार का पुजारी' गीत वाली गोविंदा, नीलम की फिल्म-२
२०. 'कमरिया लचके रे' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'और हम तुम' गीत वाली नाना पाटेकर, माधुरी दीक्षित की फिल्म-३
२३. फिल्म 'निकाह' की नायिका-३
२४. राज कपूर, नर्गिस की 'दम भर जो उधर' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'जब ना माना दिल' गीत वाली कमल सदाना, काजोल की फिल्म-३
२९. राजेश खन्ना, शर्मिला की 'जीवन से भरी तेरी आँखें' गीत वाली फिल्म-३
३१. 'मेरा पिया' गीत वाली माधुरी की फिल्म-३
३३. विक्रम, लक्ष्मी की 'दिल क्या करे जब किसी को' गीत वाली फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली -4049**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | नि | ता | | जो | र | | बे | ना | म |
| नु | | रा | का | | वी | र | ता | | म |
| म | र्द | | श | बा | ना | | ब | बी | ता |
| लि | | ता | | बू | | सु | | ना | |
| क | भी | क | भी | | सु | हा | ग | रा | त |
| | गी | त | | चि | रा | ग | | य | |
| गो | रा | | शा | | ग | | चि | | ह |
| | त | क | दी | र | | इं | त | का | म |
| ज | | री | | त | ब्बू | | चो | | रा |
| या | रा | ना | | न | | अ | र | बा | ज |

## सूडोकु 4050


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु 4049 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

## शब्द पहेली - 4050



**बाएँ से दाएँ**

1.जो आदरणीय न हो-6
5.अनुक्षेपक,अंश -4
8.साथ-2
9.छोटी तलवार-3
10.विदेशी शराब का एक प्रकार -2
11.दुश्मनी-4
12.इस जगह-2
14.अनवरत-4
16.लाचार,बेबस-3
18.धुलाई करना-4
20.न्यूनता,निम्नता-5
23.समुद्री यात्री-5
26.पूंजी,संपत्ति-4
27.असंयमी,स्वच्छंद-3
29.वन में रहनेवाला-4
30.उम्मीद,आशा-2
32.सौंठ,एक कंद-4
33.जोर,बल-2
35.बसंतकाल-3
36.जोश,उग्रता-2
37.पाताल-4
38.सभ्य,होनहार-3,3

**ऊपर से नीचे**

1.जो संवैधानिक न हो-6
2.सांप,सर्प-2
3.दानेदार-4
4.जिगर,कलेजा-3
5.प्रेम,प्यार-3
6.पंख,पराया-2
7.मरियल, निर्बल-4
11.शत्रुता,वैमनस्यता (उर्दू-4)
13.शिकार फंसाने के लिए चिल्लाना-2
15.सुस्त,उनींदा-4
17.पदक-3
18.विश्वासघात-4
19.बहुमूल्य पत्थर-2
21.रानी,शहजादी-3
22.फलों का जूस-2
24.कुतरने वाला-4
25.मानक समुद्र तल (अंग्रेजी-2,1,3)
27.अपमान,उपेक्षित-4
28.पिता की बहन-2
29.सुखद वस्तु, ईष्ट कृपा, नेमत-4
31.बलवान-3
32.प्रार्थना-3
34.तिल,मस्सा-2
36.52 पत्तों का खेल, प्लेइंग कार्ड-2

**शब्द पहेली 4049, का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | द | त | न | | ल | | वा | य | लि | न |
| | ल | | रा | | प | व | न | | ख | फा |
| ए | | | ध | व | ल | | र | | | स |
| ह | र | द | म | | पा | ल | | फ | क | त |
| सा | | म | | दा | ना | | सा | | मा | |
| न | वी | न | त | म | | अ | ज | वा | ई | न |
| | र | | वा | | स | दा | | रि | | वी |
| प | ता | का | | ह | क | | अ | स | मा | न |
| र | | | जी | | प | र | दा | | | ता |
| वा | त | | न | ल | का | | व | | द | |
| ज | रु | र | त | | ना | | त | ल | वा | र |

## पाकिस्तानी घुसपैठियों की फायरिंग में आंध्र प्रदेश के जवान का बलिदान, मुख्यमंत्री ने परिजनों को दी सांत्वना

**एजेंसी**

**अनंतपुर (गोरंटला।** जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तान के घुसपैठियों की फायरिंग के दौरान आंध्र प्रदेश के श्री सत्य साई जिले का रहने वाले एक जवान का बलिदान हो गया है। बलिदानी जवान एम मुरली नाइक (27) को दो दिन पूर्व ही सीमा पर तनाव को देखते हुए महाराष्ट्र के नासिक से कश्मीर तैनात किया गया था। राज्य के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने जवान के परिजनों से फोन पर बात की और उन्हें सांत्वना दी। राज्य के मंत्री संजीवा रेड्डी ने नाइक के घर पहुंच परिजनों को सांत्वना दी और राज्य सरकार की ओर से पांच लाख रुपये का चेक सौंपा। सुबह प्रदेश के गोरंटला मंडल के गद्दनथांडा पंचायत के कल्लिथांडा निवासी उनके परिजनों को सूचना मिली कि जवान मुरली नाइक सीमा पर घुसपैठियों की गोलीबारी में बलिदान हो गए हैं। मुरली के सर्वोच्च बलिदान की खबर से माता-पिता और परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। पूरे गांव में मातम छा गया है। अधिकारियों ने उन्हें बताया कि गुरुवार की रात मुरली नाइक वर्ष 2022 में अग्निवीर के तौर पर सेना में शामिल हुए थे। वाले मुरली नायक दो दिन पहले तक महाराष्ट्र के नासिक में तैनात थे। भारत-पाकिस्तान तनाव के मद्देनजर सेना के अधिकारियों ने उन्हें नासिक से जम्मू-कश्मीर बुला लिया था। इसी सिलसिले में घुसपैठियों की फायरिंग में मुरली नायक शहीद हो गए।

## भारत-पाकिस्तान तनाव के कारण सीए की परीक्षाएं स्थगित

**नई दिल्ली।** देशभर में तनावपूर्ण सुरक्षा स्थिति को देखते हुए इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने मई 2025 में होने वाली चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (सीए) परीक्षाओं के शेष पेपरों को स्थगित करने की घोषणा की है। यह परीक्षाएं 9 से 14 मई तक आयोजित होने वाली थीं। आईसीएआई ने एक सार्वजनिक सूचना में कहा कि 09 से 14 मई तक निर्धारित सभी परीक्षाएं, जिनमें फाइनल, इंटरमीडिएट और पोस्ट क्वालिफिकेशन कोर्स की परीक्षाएं भी हैं, उन्हें स्थगित कर दिया गया है। संशोधित तिथियों की घोषणा उचित समय पर की जाएगी। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपडेट के लिए नियमित रूप से आधिकारिक वेबसाइट icai.org देखते रहें।

## मुंबई के टाटा अस्पताल को बम से उड़ाने की झूठी धमकी से हड़कंप

**मुंबई।** मुंबई के टाटा मेमोरियल अस्पताल को बम से उड़ाने की झूठी धमकी भरा ई-मेल सुबह मिलने से हड़कंप मच गया था। पुलिस की टीम ने पूरे अस्पताल की तलाशी ली, लेकिन कहीं बम अथवा विस्फोटक न मिलने से सुरक्षाकर्मियों ने राहत की सांस ली है। इस मामले की शिकायत भोईवाड़ा पुलिस स्टेशन में अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध दर्ज की गई है और धमकी भेजने वाले के आईपी एड्रेस की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार को सुबह अस्पताल के ई-मेल पर अज्ञात व्यक्ति ने एक धमकी भरा मेल भेजा, जिसमें दावा किया गया कि अस्पताल परिसर में एक विस्फोटक उपकरण लगाया गया है , जो जल्द ब्लास्ट हो जाएगा। इसकी सूचना तत्काल अस्पताल प्रशासन ने पुलिस को दी और तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तलाशी अभियान चलाया गया, लेकिन कोई विस्फोटक या संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इसके बाद अस्पताल की सुरक्षा बढ़ा दी गई है और भोईवाड़ा पुलिस स्टेशन की टीम ने अस्पताल के पास गश्त भी बढ़ा दी है। मुंबई के परेल स्थित टाटा मेमोरियल अस्पताल देश के प्रमुख विशेषज्ञ कैंसर उपचार और अनुसंधान केंद्रों में से एक है। इस अस्पताल में रोजाना हजारों कैंसर रोगियों का इलाज होता है। अस्पताल में बम की धमकी मिलने के बाद मरीजों को एहतियातन सुरक्षित क्षेत्रों में ले जाने सहित आपातकालीन प्रोटोकॉल पूरे किए गए।

## भारत-पाक सीमा पर पंजाब सरकार

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। पंजाब सरकार ने भारत-पाकिस्तान सीमा पर एंटी ड्रोन सिस्टम लगाने और पंजाब की 13 जेलों में फाइव जी जैमर लगाने की मंजूर दी है। साथ ही युद्ध जैसे हालातों में जमाखोरी से निपटने के लिए सरकार ने छह जिलों में 12 मंत्रियों को नियुक्त करने का फैसला लिया है। कैबिनेट बैठक के बाद मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पत्रकारों को बताया कि पठानकोट से लेकर अबोहर तक कुल 532 किलोमीटर का एरिया पाकिस्तान की सीमा से सटा हुआ है। यहां आएदिन ड्रोन के माध्यम से हथियार व नशा भेजा जा रहा है। इससे छुटकारा पाने के लिए पंजाब की सीमा में एंटी ड्रोन सिस्टम को विकसित किया जाएगा। आज की बैठक में इसे मंजूरी दे दी गई है। उन्होंने बताया कि इस योजना को बीएसएफ के साथ मिलकर लागू किया जाएगा, क्योंकि बीएसएफ ने कुछ क्षेत्र में एंटी ड्रोन सिस्टम विकसित कर लिया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पंजाब सरकार ने घायलों को अस्पताल पहुंचाने तथा उनका मुफ्त इलाज करने के लिए शुरू की गई फरिश्ते योजना का विस्तार कर दिया है। अब युद्ध में घायल तथा आतंकियों एव अन्य असमाजिक तत्वों की गोली लगने से घायलों का भी इस योजना के तहत मुफ्त उपचार किया जाएगा। भारत-पाक तनाव को देखते हुए इस योजना को तुरंत प्रभाव से लागू कर दिया गया है। क्योंकि पाकिस्तान के निशाने पर पंजाब के सीमावर्ती जिले हैं।

## पाकिस्तान ने गोलाबारी कर कुपवाड़ा, उरी और पुंछ में घरों और धार्मिक स्थलों को बनाया निशाना

**एजेंसी**

**जम्मू।** भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के बीच सीमा पार से की गई भारी गोलाबारी से जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, उरी और पुंछ में घरों और धार्मिक स्थलों को सबसे अधिक नुकसान हुआ है। स्थानीय लोगों ने हमलों के बावजूद भारतीय सेना के साथ खड़े रहने की कसम खाई है। उरी में पाकिस्तान की गोलाबारी में घरों और संपत्तियों को भी भारी नुकसान हुआ है। पाकिस्तान ने नागरिक इलाकों को निशाना बनाकर हमला किया है।पुंछ में नागरिक इलाकों में घरों और पानी की टंकियों को भारी नुकसान पहुंचा है। पुंछ निवासी बलबीर सिंह ने कहा कि उनका घर क्षतिग्रस्त हो गया है। आसपास के घरों को भी नुकसान पहुंचा है। पाकिस्तान ने गुरुद्वारा, मंदिर और मस्जिद पर गोलाबारी की है। उन्होंने कहा कि लोग डरे हुए हैं जरूर हैं पर उनमें यह जज्बा है कि वह यहां रहना जारी रखेंगे और भारतीय सेना के साथ खड़े रहेंगे।



उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की तरफ से भीषण गोलीबारी जारी है। राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ), स्थानीय पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने आज जम्मू में आप शंभू मंदिर के पास के इलाके की घेराबंदी कर दी है। यहां पाकिस्तान ने हमला किया है। एसडीआरएफ कर्मियों ने पुष्टि की कि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मंदिर के पास रहने वाले एक निवासी ने कहा कि शंभू मंदिर में लोग सुबह पूजा करने आते हैं लेकिन सायरन बजने के कारण यहां कम लोग थे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

इस बीच जम्मू पुलिस और अन्य एजेंसियां घटनास्थल से प्रेक्षापास्त्र के टुकड़े बरामद करने के लिए काम कर रही हैं। जम्मू के बिश्नाह और लासजान इलाकों में प्रेक्षापास्त्र बरामद किए गए हैं। अखनूर में भी छर्रे और मलबा मिला, हालांकि कोई बड़ी संरचनात्मक क्षति की सूचना नहीं है। इस बीच आज तड़के भारतीय सेना ने पाकिस्तान के चार एयरबेसों पर हमला किया है। सूत्रों के अनुसार पाकिस्तान ने भारत में 26 ठिकानों पर हमला किया। इसके तुरंत बाद भारत ने जवाबी हमला किया। नियंत्रण रेखा पर कई जगहों पर अभी भी रुक-रुक कर गोलीबारी जारी है।

## भारत -पाकिस्तान सीमा पर बढ़े तनाव के बीच बीकानेर में मिली मिसाइलनुमा वस्तु



**एजेंसी**

**बीकानेर।** भारत-पाकिस्तान सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच रात्रि बीकानेर जिले के ग्रामीणक्षेत्र में तेज धमाकों की आवाज से एक बारगी हड़कंप मच गया। सुबह कालू गांव के गारबदेसर रोड पर एक मिसाइलनुमा वस्तु मिलने के बाद ग्रामीणों में भारी कौतूहल फैल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रात्रि करीब पौने तीन बजे तेज धमाके की आवाज कई गांवों में सुनाई दी। घटना की सूचना मिलने के बाद कालू एसएचओ धर्मवीर पहुंचे और प्रशासन को सूचित किया। मामले की जांच जारी है।

## मुख्यमंत्री उमर अबदुल्ला ने जम्मू में विस्फोट से प्रभावित आवासीय क्षेत्र का किया दौरा

**एजेंसी**

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने आज जम्मू के एक रिहायशी इलाके का दौरा किया जहां विस्फोट में एक घर और कई पार्क किए गए वाहन क्षतिग्रस्त हो गए थे। अधिकारियों ने बताया कि उमर अब्दुल्ला ने रेहाडी में विस्फोट स्थल का दौरा किया और प्रभावित परिवार से बातचीत की। पाकिस्तान के संदिग्ध ड्रोन हमलों की एक नई लहर के बीच आज जम्मू में लोग विस्फोट जैसी आवाजों से जागे रहे क्योंकि शहर में सायरन बज रहे थे। सुबह करीब 5 बजे जम्मू में विस्फोटों की गगनभेदी आवाजें सुनाई दीं। अधिकारियों ने सीमा पार से ड्रोन हमलों की एक नई लहर की पुष्टि की है। इससे लोगों में दहशत फैल गई है। अधिकारियों ने बताया कि शहर के रूप नगर इलाके में एक रिहायशी इमारत भी क्षतिग्रस्त हो गई है। पाकिस्तान द्वारा दूसरी रात जम्मू-कश्मीर से लेकर गुजरात तक भारत में 26 स्थानों को निशाना बनाकर




ड्रोन हमलों की एक लहर शुरू करने के बाद ये ताज़ा हमले हुए हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव उस समय काफी बढ़ गया जब भारतीय सशस्त्र बलों ने 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के जवाब में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर बुधवार को सटीक हमले किए।

## मप्र के छिंदवाड़ा में दो बाइक की टक्कर में पांच की मौत, अस्पताल में परिजनों का हंगामा

**एजेंसी**

**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश में एक बार फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला । यहां छिंदवाड़ा में बाइका की आमने- सामने से हुई जोरदार भिड़ंत में पांच युवाओं की मौत हो गई। हादसा की खबर सुन युवकों के परिजन अस्पताल पहुंचे और हंगामा करने लगे।

मौके पर पहुंचे पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने हंगामा कर रहे लोगों को शांत कराया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा अमरवाड़ा के चौरई रोड स्थित चौरसिया पेट्रोल पंप के पास हुआ। दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को अस्पताल लाया गया जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतकों में दो युवक एक ही परिवार के हैं। मृतकों की पहचान सुखराम यादव (21) और आयुष यादव (19) निवासी अमरवाड़ा, शहजाद खान (19), विक्रम उईके (18) और अविनाश उईके (18) निवासी लिंगपानी शामिल हैं। बताया गया है कि युवकों के परिजन और उनके परिचित अमरवाड़ा अस्पताल पहुंच



गए। एएसपी आयुष गुप्ता ने बताया कि परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में जमकर हंगामा किया। उनका कहना था कि डॉक्टरों द्वारा समय पर इलाज नहीं मिलने के कारण घायल युवकों की जान नहीं बचाई जा सकी। सूचना मिलते ही अमरवाड़ा एसडीएम हेमकरण धुर्वे, एसडीओपी रविंद्र मिश्रा, तहसीलदार राजेश मरावी और टीआई राजेंद्र धुर्वे अस्पताल पहुंचे और परिजनों को समझाया। तब वो शांत हुए।

## विश्व की सबसे बड़ी ग्राउण्ड वॉटर रिचार्ज ताप्ती बेसिन मेगा परियोजना के एमओयू पर आज होंगे हस्ताक्षर

**एजेंसी**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की उपस्थिति में आज अपराह्न तीन बजे से 'मध्य प्रदेश-महाराष्ट्र अंतरराज्यीय नियंत्रण मंडल' की 28वीं बैठक भोपाल स्थित मंत्रालय (वल्लभ भवन) में होने जा रही है। इस बैठक में विश्व की सबसे बड़ी ग्राउण्ड वाटर रिचार्ज परियोजना 'ताप्ती बेसिन मेगा रीचार्ज' के एमओयू पर मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र सरकार द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'केन-बेतवा लिंक परियोजना और पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना' के बाद यह मध्य प्रदेश की तीसरी महत्वपूर्ण अंतरराज्यीय नदी परियोजना होगी। 'ताप्ती बेसिन मेगा रीचार्ज परियोजना' विश्व की



सबसे बड़ी ग्राउण्ड रिचार्ज परियोजना है। परियोजना के जरिए हम महाराष्ट्र सरकार के साथ मिलकर ताप्ती नदी की तीन धाराएं बनाकर राष्ट्रहित में नदी जल की बूंद-बूंद का उपयोग सुनिश्चित कर कृषि भूमि का कोना-कोना सिंचित करेंगे। उन्होंने कहा कि ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज योजना को राष्ट्रीय जल परियोजना घोषित कराने के लिए केन्द्र सरकार से चर्चा की जाएगी। ताप्ती बेसिन बहुउद्देशीय परियोजना में मध्य प्रदेश के जल हितों का विशेष ध्यान रखा गया है। ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज योजना में 31.13 टी.एम.सी.जल का उपयोग होगा। इसमें से 11.76 टी.एम.सी मध्य प्रदेश को और 19.36 टी.एम.सी जल महाराष्ट्र राज्य के हिस्से में आएगा।

इस परियोजना में प्रस्तावित बांध एवं नहरों से मध्य प्रदेश कुल 3 हजार 362 हेक्टेयर भूमि उपयोग में लाई जाएगी। परियोजना के अंतर्गत कोई गांव प्रभावित नहीं होगा। इसमें पुनर्वास की भी आवश्यकता नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज परियोजना से मध्य प्रदेश के एक लाख 23 हजार 82 हेक्टेयर भू-क्षेत्र और महाराष्ट्र के दो लाख 34 हजार 706 हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की स्थाई सुविधा उपलब्ध होगी।

## पाकिस्तान की गोलीबारी में राजौरी के अतिरिक्त जिला विकास आयुक्त राज कुमार थप्पा कर्तव्य के पथ पर बलिदान

**एजेंसी**

**जयपुर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आंतकी हमले के जवाब में भारत द्वारा की गई एयर स्ट्राइक (ऑपरेशन सिंदूर) के बाद पाकिस्तान ने एक बार फिर राजस्थान के सरहदी इलाकों को निशाना बनाने की कोशिश की। सात और आठ मई की रात पाकिस्तान ने राजस्थान के नाल (बीकानेर), फलोदी और उत्तरलाई (बाड़मेर) स्थित तीन प्रमुख एयरबेस सहित कुल पांच सैन्य ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन अटैक किए।हालांकि, भारतीय सेना ने पहले से ही एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम को सक्रिय कर रखा था, जिससे सभी मिसाइलें और ड्रोन हवा में ही नष्ट कर दिए गए। पाकिस्तान ने जैसलमेर और पोकरण में भी ड्रोन (स्वार्म अटैक) से हमला किया, जिसे सेना ने सतर्कता से विफल कर दिया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह हमला भारतीय वायु क्षेत्र में गंभीर उल्लंघन था, लेकिन सेना ने तत्परता दिखाते हुए खतरे को टाल दिया। हालात को देखते हुए जोधपुर, जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर, श्रीगंगानगर और पाली में रातभर ब्लैकआउट रहा। इनमें जैसलमेर में रात नौ बजे से सुबह छह बजे तक ब्लैकआउट किया गया। जोधपुर, बीकानेर, जैसलमेर और किशनगढ़ एयरपोर्ट को बंद कर दिया गया है। बाड़मेर और जैसलमेर में कई ट्रेन सेवाएं रद्द या आंशिक रूप से रद्द की गई हैं। सरकार ने सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जोधपुर, बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर और श्रीगंगानगर के स्कूल-कॉलेज और कोचिंग संस्थानों को आगामी आदेश तक बंद कर दिया है।

## महिलाओं को बड़े उपहार की तैयारी, एक करोड़ रुपये तक की रजिस्ट्री पर मिल सकती है एक प्रतिशत स्टांप शुल्क में छूट

**एजेंसी**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्टांप एवं निबंधन विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि सर्किल रेट निर्धारण में समानता सुनिश्चित की जाए, विशेषकर एक जैसी परिस्थितियों वाले स्थानों पर। उन्होंने कहा कि रेट निर्धारण में विकास, शहरीकरण और आधारभूत संरचना की प्रगति को ध्यान में रखा जाए, ताकि आमजन को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने रजिस्ट्री प्रक्रिया से पहले दस्तावेजों और भूमि स्वामी के वेरिफिकेशन को अनिवार्य बताते हुए कहा कि इससे भूमि विवादों में कमी आएगी। उन्होंने रजिस्ट्री प्रक्रिया को सरल बनाने और तकनीकी माध्यमों का अधिकतम उपयोग करने पर बल दिया ताकि समय और संसाधनों की बचत हो



सके। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि वर्तमान में महिलाओं को 10 लाख रुपये तक की रजिस्ट्री पर एक प्रतिशत स्टांप शुल्क की छूट दी जा रही है। इसे बढ़ाकर 1 करोड़ रुपये तक की रजिस्ट्री पर लागू करने पर विचार किया जाए। उन्होंने कहा कि यह कदम महिलाओं को सशक्त बनाएगा और उनकी आर्थिक भागीदारी को बढ़ावा देगा। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि वर्ष 2016-17 में कुल 11 हजार करोड़ रुपये के स्टांप विक्रय हुए थे, जबकि 2024-25 में यह आंकड़ा 30 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। वहीं, वर्ष 2023-24 की तुलना में 2024-25 में 11.67 प्रतिशत अधिक राजस्व की प्राप्ति हुई है। विभाग ने अब तक 45 जनपदों में सर्किल रेट का पुनरीक्षण कर लिया है जबकि शेष 30 जनपदों में यह प्रक्रिया चल रही है।

इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्किल रेट का पुनरीक्षण तार्किक ढंग से किया जाए ताकि जनता को वास्तविक लाभ प्राप्त हो। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि जनपदों में रजिस्ट्री कार्यालयों का आधारभूत ढांचा सुदृढ़ किया जाए, पर्याप्त स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और सभी निर्माण कार्य समयबद्ध व गुणवत्ता युक्त हों। उन्होंने रजिस्ट्री कार्यालयों में सीसीटीवी कैमरों को सक्रिय रखने के भी निर्देश दिए।

## मप्र में सरकारी कर्मचारियों के अवकाश प्रतिबंधित, 13 विभागों के लिए आदेश जारी

**एजेंसी**

**भोपाल।** भारत-पाकिस्तान में तनाव के बीच मध्य प्रदेश में भी अलर्ट जारी किया गया है। राज्य सरकार ने हालात सामान्य होने तक नागरिक सुविधाओं की सहज आपूर्ति से जुड़े सभी विभागों के अधिकारी और फील्ड में पदस्थ कर्मचारी के अवकाश पर प्रतिबंध लगा दिए हैं। शुक्रवार की रात इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने 13 विभागों के लिए आदेश जारी किए हैं। कर्मचारियों को मुख्यालय नहीं छोड़ने के निर्देश दिए हैं। इधर, एम्स भोपाल में भी डॉक्टरों और कर्मचारियों की छुट्टियों पर रोक लगा दी गई हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय परिस्थितियों और वर्तमान परिदृश्य के दृष्टिगत शुक्रवार शाम एक उच्च स्तरीय बैठक कर वरिष्ठ प्रशासनिक



और पुलिस अधिकारियों के साथ सुरक्षा प्रबंधों पर गहन चर्चा की। बैठक में भारत सरकार से प्राप्त विस्तृत दिशा-निर्देशों की जानकारी से जिलों को अवगत करवाया गया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जिलों के कलेक्टर्स और पुलिस अधीक्षकों को भी आवश्यक निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में कहा कि सभी अधिकारी अलर्ट मोड पर रहें। अधिकारी मैदान में दिखें। जनप्रतिनिधियों को भी विश्वास में लिया जाए और आवश्यक जनसहयोग प्राप्त किया जाए। आवश्यक सेवाओं को बनाए रखने में भी वॉलिंटियर्स का आवश्यक सहयोग प्राप्त किया जाए। मुख्यमंत्री ने भी सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में चर्चा कर निर्देश दिए थे। उन्होंने प्रदेश के मैदानी अधिकारियों के साथ शाम को हुई बैठक में विभिन्न प्राथमिकताओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में रिटायर्ड फौजियों सहित सामाजिक कार्यों से जुड़े वॉलिंटियर्स की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। अपराधियों के साथ किसी तरह की नरमी नहीं बरती जाए। घटना घटित होने के पूर्व आवश्यक सावधानी बरती जाए।

## पूरी तरह परास्त होगी आतंकवादी मानसिकता : गजेन्द्र सिंह शेखावत

**एजेंसी**

**जोधपुर।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि पाकिस्तान के कायराना हरकत के बाद जिस तरह भारत की शौर्यवान सेना हौसले के साथ आतंकवादियों और उनको पालने, पोषने वाले आकाओं को माकूल जवाब दे रही है, उससे मानवता की विजय होगी और आतंकवादी मानसिकता हमेशा के लिए परास्त हो जाएगी। शेखावत अपने गृह जोधपुर पहुंचे। यहां मीडिया से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री ने दो टूक कहा कि उरी और पुलवामा हमले के बाद भी हमारी सेनाओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशन में सर्जिकल और एयर स्ट्राइक करके पूरी दुनिया को यह स्पष्ट संदेश दिया था कि नया, समर्थ और सशक्त भारत अब घर में घुसने वाला भारत है। भारत अपनी धरती पर होने वाले किसी भी गतिविधि को दुनिया की किसी भी धरती से बर्दाश्त नहीं करेगा। शेखावत ने कहा कि लंबे अंतराल से जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद समाप्त हो रहा था, लेकिन इसे चुनौती देते हुए आतंकवादियों ने जिस तरह कायराना रूप से पहलगाम में हमारे 26 निर्दोष सैलानियों और नागरिकों को मौत के घाट उतारा, वह किसी भी स्थिति में बर्दाश्त के लायक नहीं था। इस कायराना हरकत के बाद भी दंभ भरा जा रहा था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ऐलान किया कि देश की अस्मिता पर हमला करने वाले ऐसे आतंकवादियों और उनको पल्लवित और पोषित करने वाले आकाओं को उनकी कल्पना से बड़ी और कड़ी सजा मिलेगी।

## छत्तीसगढ़ः बीजापुर जिले के 38 नक्सलियों ने तेलंगाना पुलिस के समक्ष किया आत्मसमर्पण

**एजेंसी**

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के प्रतिबंधित नक्सली संगठन के 38 सदस्यों ने पड़ोसी राज्य तेलंगाना के भद्राद्री कोठागुडेम के पुलिस अधीक्षक के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। आत्मसमर्पित 38 नक्सलियों में सभी बीजापुर जिले निवासी हैं, जिसमें नक्सलियों के मिलिशिया सदस्य 16, वीसीएम 7, केएएमएस सदस्य 6, सीएनएम 3 और जीआरडी 4 कैडर के नक्सली शामिल हैं। यह जानकारी तेलंगाना के भद्राद्री कोठागुडेम की पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है। तेलंगाना पुलिस का कहना है कि तेलंगाना सरकार द्वारा आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली सदस्यों को दी जा रही पुनर्वास सुविधाओं से आकर्षित होकर यहां आत्मसमर्पण करना पसंद कर रहे हैं। वर्ष 2025 में अब तक नक्सलियों के विभिन्न कैडरों में काम करने वाले कुल 265 नक्सलियों ने कोठागुडेम पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है, जिसमें डीवीसीएम-01, एसीएम-11, पीएम-29, मिलिशिया सदस्य-92, आरपीसी समिति सदस्य-33, डीएकेएमएस-केएमएसएस-47, सीएनएम सदस्य-30 और जीआरडी-22। कैडर के नक्सली शामिल हैं। भद्राद्री कोठागुडेम पुलिस के अनुसार आत्मसमर्पित नक्सलियों में 1. सोडी जोगा उर्फ मनोज निवासी ग्राम गोमुगुड़ा, थानापामेड़ जिला बीजापुर, पद- जिला, छग पार्टी सदस्य, दक्षिण बस्तर डीवीसी की 9वीं प्लाटून, 2. नुपा पोज्जा, निवासी ग्राम गोमुगुड़ा, थाना पामेड़ जिला बीजापुर, पद-पार्टी सदस्य, पीएलजीए प्रथम बटालियन, 3. मड़कम हड़मा, निवासी ग्राम अमपुरम, जिला बीजापुर, पद- जारापल्ली आरपीसी के मिलिशिया सदस्य 4. मड़कम हिड़मा, निवासी ग्राम अमपुरम, थाना पामेड़ जिला बीजापुर, पद- जारापल्ली आरपीसी सदस्य 5. सोयम वागा पिता कोसा निवासी ग्राम अमपुरम, थाना पामेड़ जिला बीजापुर., पद- जारापल्ली आरपीसी के समिति सदस्य, 6. सुन्नम अशोक निवासी ग्राम अमपुरम, थाना पामेड़ जिला बीजापुर., पद- जारापल्ली आरपीसी जीआरडी सदस्य, 7. सुन्नम गणेश, निवासी ग्राम अमपुरम, थाना पामेड़ जिला बीजापुर, पद- जारापल्ली आरपीसी मिलिशिया सदस्य, 8. माड़वी मुकरम निवासी ग्राम अमपुरम, थाना पामेड़ जिला बीजापुर, पद- जारापल्ली आरपीसी समिति सदस्य, 9. माड़वी गंगा निवासी ग्राम अमपुरम, थाना पामेड़ जिला बीजापुर, पद- जारापल्ली आरपीसी मिलिशिया सदस्य, 10. मड़कम मंगडु निवासी ग्राम अमपुरम, थाना पामेड़ जिला बीजापुर, पद- जारापल्ली आरपीसी डीएकेएमएस सदस्य, 11. कमलू दुनेश निवासी ग्राम अमपुरम, थाना पामेड़ जिला बीजापुर, पद-जारापल्ली आरपीसी डीएकेएमएस सदस्य, 12. माड़वी मुया निवासी ग्राम अमपुरम, थाना पामेड़ जिला बीजापुर, पद-जारापल्ली आरपीसी जीआरडी सदस्य एरापल्ली आरपीसी समिति सदस्य ने आत्मसमर्पण कर दिया है।



# लेटेस्ट ट्रेंड के हिसाब से सजाएं बच्चों का कमरा

घर सजाने में भले ही कम समय लगता हो लेकिन बच्चे का कमरा डैकोरेट करते समय बहुत कुछ सोचना पड़ता है। छोटे बच्चे शरारती होते है इसलिए उनके कमरे को उनकी आदतों के अनुसार ही सजाना पड़ता है। कमरे की डैकोरेशन ऐसी होनी चाहिए जिसमे वह आसानी से छोटे-छोटे खेलों को खेल सके इसके अवाला बेड की ऊंचाई भी ध्यान में रखनी चाहिए ताकि बच्चे आराम से अपने कमरे में रह सकें। आज हम आपको बच्चों के कमरे के लेटेस्ट डिजाइन दिखाएंगे जो कि अरामदायक और देखने में खूबसूरत है। अगर आप भी बच्चों के कमरे की डैकोरेशन को लेकर परेशान हैं तो यहां से आइडिया ले सकते हैं।

अगर आपका बच्चा थोड़ा चंचल स्वभाव का है तो इस तरह से कमरे को सजा सकते हैं। बैड के इर्द- गिर्द बच्चे के पसंदीदा रंग के पर्दे लगाएं। इसके साथ ही बेड पर खिलौने भी रख सकते हैं। इस तरह से सजा कमरा बच्चे को बेहद पसंद आएगा।

कुछ बच्चे बेहद शांत स्वभाव के होते हैं। उनके लिए सिपल तरके से सजा कमरा बैस्ट ऑप्शन है। अगर आपके घर में दो बच्चे हैं तो दोनों के एक ही कमरे में अलग- अलग बेड दें ताकि उनको सोने में परेशानी न हो।

लाल, नीला और पीले रंग का कॉम्बिनेशन बच्चों को बेदह प्यारा लगता है। आप डबलबेड भी बच्चों के कमरे में लगा सकते हैं। मगर ध्यान रहें की बड़े बच्चे को ऊपर और छोटे को नीचे सोने को कहें।

बच्चे को कमरे को अलग रूप देने के लिए इस तरह के फनी रंगो से सजाएं। अगर आप चाहें तो इस पर कोई अच्छी सी चित्रकारी भी करवा सकती हैं।

जिन बच्चो को जंगली जानवर अच्छे लगते हैं उनके लिए आप जू ट्रिप थीम वाला कमरा सजा सकती हैं। इस तरह से डैकोरेट रूम बच्चे को बेहद अच्छा लगेगा।


बच्चे के कमरो को खिलौने से इस तरह से सजा सकती हैं। कमरे में इस तरह रखे खिलौने देखे में बेहद प्यारे लगेगें।

आजकल 3D आर्ट डेकोर स्टाइल बहुत चलन में है। बच्चों को भी कमरे की इस तरह की सजावट बेहद अच्छी लगती हैं।







# याद रखें ये छोटे-छोटे नुस्खे बच्चे से हर समस्या रहेगी दूर

**भले ही आप बच्चे की परवरिश में कोई कसर न छोड़ें, लेकिन लाख सावधानियां बरतने के बाद भी कोई न कोई गलती हो ही जाती है। बच्चों की परवरिश करना आसान काम नही है क्योंकि बच्चे बेहद नाजुक और संवेदनशील होते हैं। बदलते मौसम में उन्हें सर्दी, खांसी और त्वचा संबंधी कई प्रॉबल्म भी हो सकती है। ऐसे में उन्हें खास केयर की जरूरत होती है, ताकि उन्हें इन परेशानियों से बचा कर रखा जा सकें।**

अक्सर छोटे बच्चे बीमार होते है तो सबसे ज्यादा मां टेंशन में पढ़ जाती है, उनकी सेहत सुधारने में लगी रहती है, लेकिन जरूरी नही है कि छोटी-छोटी बीमारियों के लिए बच्चों को डॉक्टर के पास ले जाया जाए, बल्कि आप कुछ छोटे-छोटे नुस्खे इस्तेमाल करके भी बच्चे को इन परेशानियों से बचाए रख सकते है। आज हम आपको बच्चों की सेहत दुरुस्त रखने के कुछ टिप्स बताएंगे, जो हर मां को पता होने चाहिए।

## शरीर में खुजली

अगर बच्चे की शरीर में खुजली हो रही है तो उसके नहाने के पानी में ओट्स मिला दें। यह उन बच्चों के लिए भी काफी मददगार है, जिन्हें चिकनपॉक्स की समस्या रहती है। खुजली से राहत मिलती है।

## सर्दी भगाएं हल्दी-दूध

बच्चों को जल्दी सर्दी लग जाती है। ऐसे में उसे दूध में हल्दी मिलाकर पिलाएं। इससे बच्चों को काफी राहत मिलेगी।

## हिचकी आने पर चीनी

जब बच्चे की हिचकियां रूकने का नाम ही नहीं लेती तो मां अक्सर चिंता में पड़ जाती है। इस तरह की परेशानी में परेशान न हो बल्कि बच्चे को एक चम्मच चीनी खिला दें। चीनी खाने से डायफरग्राम की मांसपेशियों को राहत मिलती है और हिचकी रुक जाती है।

## गले में खराश

अगर बच्चे के गले में खराश और दर्द है तो उसे 1 चम्मच शहद चटाएं। इससे गले की खराश पैदा करने वाले कीटाणुओं को संमाप्त होते है और यह स्वाद में मीठा होने के कारण बच्चों को पसंद भी बेहद आता है।

## पाचन क्रिया दुरुस्त

अगर बच्चे का हाजमा खराब है तो भी बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में बच्चों को नींबू चटाएं, इससे दस्त की समस्या दूर रहेगी क्योंकि नींबू में साल्विया के निर्माण में कमी आती है और दस्त में आराम मिलता है।



# बचपन में ही बच्चे को सिखाएं बचत की अहमियत

आपको पैसे की कमी हो या न हो बच्चों को पैसे की अहमियत समझानी बहुत जरूरी बात है ताकि आगे जाकर उन्हें अपनी जिंदगी में फाइनेशियल प्रॉब्लम न आएं। उन्हें पैसे की बचत करने की आदत डालनी चाहिए। आप उन्हें यह आदत अपनी मेहनत की बातें बता कर भी डाल सकते हैं। पढ़ाने-लिखाने के साथ उन्हें यह समझाना बहुत जरूरी है कि पैसा कमाने के लिए कितनी मेहनत करनी पड़ती है। ये बातें उन्हें बचपन से ही सिखानी चाहिए ताकि आपको भविष्य में उनकी कोई परेशानी न हो। बचत की आदत से उनकी जिंदगी परफैक्ट हो सकती हैं। वह अपने हर सपने का पूरा कर सकते हैं। आइए जानिए आप उन्हें किन बातों द्वारा बचत की आदत डाल सकते हैं।

## अपनी मेहनत करने की बातें बताएं

बच्चों को बचत की आदत डालने के लिए उन्हें यह बताना बहुत जरूरी होता कि पैसा किस तरह से मेहनत करके कमाया जाता है। आप उन्हें यह जरूर बताएं कि आप किस तरह मेहनत करके एक-एक पैसा जोड़ते हैं। इसके लिए उन्हें शुरू से मेहनत करने की आदत डालें। उनसे घर के छोटे-छोटे काम करवाएं। इस तरह उन्हें भी मेहनत करने की आदत पड़ेगी और पैसे की अहमियत समझ आएगी।

## पॉकेट मनी से बचत करें

बच्चों को पॉकेट मनी से बचत करने की आदत डालें। इस आदत के लिए उन्हें यह लालच दें कि बचाए हुए पैसे से वह अपनी मनपसंद की चीज खरीद सकते हैं या फिर कभी जरूरत पड़ने पर खर्च कर सकते हैं।

## जरूरत और चाहत में फर्क बताएं

बचत करने की आदत डालने के लिए बच्चों को जरूरत और चाहत में फर्क बताना बहुत जरूरी है। उन्हें यह बताए कि जरूरत के अनुसार ही किसी भी चीज को खरीदें। चाहत तो बहुत कुछ पाने की होती है। उन्हें पैसे देकर अकेले खरीददारी करने के लिए भेजे और देखें कि वह किस तरह जरूरत के अनुसार चीजें खरीदते हैं, अगर वह कोई एक्सट्रा चीज खरीदते हैं तो उसे डांटने की बजाय समझाएं।

## बचत से हेल्प करनी सिखाएं

बचत करने की आदत बच्चे मे स्वार्थ की भावना भी पैदा कर सकती है इसलिए उसे जमा किए पैसे से किसी भी जरूरतमंद की मदद करनी सिखाएं। आपको जरूरत हो या न हो शुरू से ही उनसे कभी-कभी अपने लिए मदद लें।

## गिफ्ट दें

बच्चों को उनके बचाएं पैसे से उनके पसंदीदा गिफ्ट लाकर दें, जिसे देख कर वह खुश हो जाएंगे और उन्हें बचत करने की आदत पड़ेगी।





# बच्चों की डाइट में शामिल करें ये जूस, दिमाग होगा तेज

मां- बाप यही चाहते हैं कि उनका बच्चा पढ़ने में होशियार हो ताकि वह दुनिया के साथ कदम से कदम मिलकार चल सके। आजकल तो वैसे भी फाइनल एग्जाम चल रहें। मां- बाप इस समय बच्चों की डाइट का खास ध्यान रखते हैं ताकि उनको अच्छे से अच्छे नंबर मिलें। मगर कई बार बच्चा कोशिश करने के बाद भी पेपर के समय सब कुछ भूल जाता है। अगर आप भी चाहती हैं कि बच्चे का दिमाग तेज हो और वह अच्छे नंबरों के साथ पास हो तो उनको डाइट में ये ड्रिंक जरूर शामिल करें। इनको पीने से कुछ दिनों में बच्चे कि स्मरण शक्ति बढ़ जाएगी।

## अनार का जूस

अनार में एंटी-ऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं जो ब्रेन सेल्स को खराब होने से बचाता है।



अगर आपका बच्चा पढ़ाई लिखाई में थोड़ा सा कमजोर है तो रोजाना उसको अनार का जूस पीने को दें। लगातार अनार का जूस पीने से कुछ दिनों में आपको अपने बच्चे में फर्क दिखाई देने लेगा।

## बादाम शेक

बादाम में प्रोटीन काफी मात्रा में होता है जो ब्रेन की ग्रोथ बढ़ाने में फायदेमंद होता है। रोजाना ये शेक पीने से बच्चे का दिमाग तेज होने के साथ ही उसका पेट भी सही रहता है।

## एलोवेरा जूस

इसमें विटामिन B6 बहुत ज्यादा पाया जाता है। इसको पीने से यादाशत तेजी से बढ़ती है। ये पीने में टेस्टी नही होता मगर बच्चे के दिमाग के लिए बेस्ट टॉनिक होता है। अगर आपका बच्चे को उसका स्वाद पसंद नही आता तो आप अमरूद के जूस में एलोवेरा मिलाकर दे सकते हैं।

## ग्रीन टी

ग्रीन टी पॉलीफेनॉल्स का गुण होता है जो दिमाग को शार्प करने के साथ ही इसको फ्रेश रखने का काम भी करता है।

## संतरे का जूस

संतरे में फ्लेवोनाइट्स होते है जो दिमाग को एक्टिव रखता है। एक गिलास संतरा का जूस पीने से बच्चा को पूरा दिन उत्साह के साथ गुजरेगा।

## चुकंदर का जूस

चुकंदर का जूस पीने से ब्लड सर्कुलेशन तेजी से होने लगता है। यह जूस दिमाग को तेज करने के साथ ही डेमेंशिया यानी मेमोरी लौस से भी बचाता है।

## टमाटर का जूस

टमाटर में विटामिन डी, सी और ए की अच्छी मात्रा पाई जाती है। यह जूस त्वचा में निखार लाने के साथ ही दिमाग भी तेज करता है।

## नारियल पानी

गर्मियों के मौसम में नारियल पानी से पूरा शरीर तरोताजा रहता है। मगर बहुत कम लोगों को पता होगा कि इसको रोजाना पीने से दिमाग तेज होने के साथ ही एकाग्रता भी बढ़ती है।



## शुकरी कॉनराड दक्षिण अफ्रीका पुरुष क्रिकेट टीम का ऑल-फॉर्मेट कोच नियुक्त

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीकी पुरुष क्रिकेट टीम के कोच शुकरी कॉनराड को अब क्रिकेट के तीनों प्रारूप के लिए टीम का कोच नियुक्त कर दिया गया है। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड ने एक बयान में कहा, क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका को प्रोटियाज पुरुष टीम के सभी प्रारूपों के मुख्य कोच के रूप में शुकरी कॉनराड की नियुक्ति की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। बोर्ड ने आगे कहा कि जनवरी 2023 से टेस्ट टीम की अगुआई कर रहे कॉनराड अब जुलाई में जिम्बाब्वे और न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय त्रिकोणीय श्रृंखला से शुरू होने वाले सफेद गेंद के प्रारूपों की कमान संभालेंगे। 58 वर्षीय कॉनराड आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2027 तक सभी प्रारूपों में राष्ट्रीय टीम की देखरेख करेंगे, जिसकी मेजबानी घरेलू धरती पर की जाएगी।कॉनराड रॉब वाल्टर की जगह लेंगे, जिनका व्हाइट-बॉल की भूमिका से इस्तीफा अप्रैल के अंत में प्रभावी हो गया। कॉनराड 2027 आईसीसी वनडे विश्व कप तक प्रभारी रहेंगे, जो दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेला जाएगा।

## भारत ने श्रीलंका को 8-0 से हराया

**यूपिया (अरुणाचल प्रदेश)।** भारत ने यहां गोल्डन जुबली स्टेडियम में ग्रुप बी के अपने पहले मैच में श्रीलंका को 8-0 से हराकर सैफ अंडर19 चैम्पियनशिप खिताब की रक्षा की शानदार शुरुआत की। डैनी मेइतेई लैशराम (26', 31', 50') ने टूर्नामेंट में पहली बार शानदार हैट्रिक लगाई, जबकि प्रशान जाजो (17', 62') ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए दो गोल किए। शुक्रवार रात को एमडी अर्बाश (40'), ओमंग डोडम (48') और कप्तान सिंगमयुम शमी (81') ने एक-एक गोल किया। अरुणाचल प्रदेश में पहली बार आयोजित अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट में मेजबान टीम ने पहली सीटी बजने के साथ ही अपने इरादे दिखा दिए। शानदार पासिंग और लगातार दबाव के साथ भारत ने मैदान पर अपना जलवा दिखाया और श्रीलंका को पीछे छोड़ दिया। भारत के मिडफील्ड ने तेज पास के साथ गति को नियंत्रित किया, जबकि उनके फॉरवर्ड ने श्रीलंका की अव्यवस्थित बैकलाइन को तहस-नहस कर दिया। अर्बाश और रोहन सिंह मेहमान टीम के लिये विशेष रूप से खतरनाक साबित हुये 17वें मिनट प्रशान जाजो ने शानदार फील्ड गोल किया। इसके ठीक नौ मिनट बाद, श्रीलंका के एक गलत बैकपास ने ओमंग डोडम को आगे बढ़ने का मौका दिया और डैनी ने सही समय पर हेडर से गोल करने में कोई गलती नहीं की। भारत ने 31वें मिनट में 3-0 की बढ़त बनाई जब डैनी ने फिर से गोल किया।

## लाजोविच को हराकर अल्काराज ने इटालियन ओपन के अगले दौर में



**रोम ।** स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने चोट से वापसी करते हुए में सर्बिया डुसन लाजोविच को हराकर इटालियन ओपन के अगले दौर में जगह बना ली है। आज यहां क्ले कोर्ट पर खेले गये मुकाबले में अल्काराज ने सर्बिया के लाजोविच को सीधे सेटों में 6-3, 6-3 से हराया। अल्काराज का अगले दौर में अमेरिका के 31वें वरीयता प्राप्त एलेक्स मिशेलसन या सर्बिया के लास्लो जेरे से मुकाबला होगा। उल्लखेनीय है कि अल्काराज ने चोट के कारण पिछले महीने मैड्रिड ओपन से नाम वापस ले लिया था। इससे पहले उन्हें बार्सीलोना ओपन के फाइनल के दौरान पैर में चोट लग गई थी। मैच के बाद अल्काराज ने कहा कि शरीर बहुत अच्छा महसूस कर रहा है। मैंने आज बिना किसी दर्द के खेला। उन्होंन कहा कि मुझे लगता है कि मैंने टेस्ट पास कर लिया है। कोर्ट पर अधिक सहज महसूस कर रहा हूं।

## आयुष शेट्टी और उन्नति हुड्डा ताइपे ओपन के सेमीफाइनल में

**नयी दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी और उन्नति हुड्डा ने अपने-अपने क्वार्टरफाइनल मैचों में जीत दर्ज कर ताइपे ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। वर्तमान में विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में 44वें स्थान पर मौजूद आयुष शेट्टी ने एक घंटा 11 मिनट तक चले पुरुष मुकाबले में कनाडा के वर्ल्ड नंबर 31 ब्रायन यांग को 16-21, 21-19, 21-14 से हराया। 20 वर्षीय भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने पहले गेम में शुरुआत में 5-2 से बढ़त बनाई। लेकिन कनाडाई खिलाड़ी ने आयुष को कड़ी टक्कर दी और पहला गेम 21-16 से जीत लिया। दूसरे गेम में दोनों खिलाड़ियों ने मैच में अपनी पकड़ बनाने का प्रयास किया। ब्रायन ने शुरुआत में बढ़त बनाई। लेकिन आयुष ने स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद आयुष ने मैच में वापसी करते हुए जीत दर्ज की। निर्णायक गेम में भी आयुष ने बढ़त बरकरार रखी और ब्रायन पर 21-14 से जीत कर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। वहीं, महिला एकल के क्वार्टरफाइनल मैच में उन्नति हुड्डा ने 52 मिनट तक चले मुकाबले में चीनी ताइपे की हंग यी-टिंग पर 21-8, 19-21, 21-19 से जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई। उन्नति ने शुरुआत से ही मैच पर अपनी पकड़ मजबूत करते हुए पहले गेम में 21-8 से जीता।

# तीरंदाजी विश्व कप चरण 2-भारत ने टीम स्पर्धाओं में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीता

**एजेंसी**

**शंघाई।** भारतीय कंपाउंड तीरंदाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यहां तीरंदाजी विश्व कप चरण 2 की टीम स्पर्धाओं में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीता। पदक दौड़ का मुख्य आकर्षण अभिषेक वर्मा, ओजस देवताले और ऋषभ यादव की पुरुष टीम द्वारा जीता गया स्वर्ण था, जिन्होंने एक तनावपूर्ण फाइनल में मैक्सिको को 232-228 से हराया। भारत ने पहले सेट में लगभग दोषरहित 59 अंकों के साथ 2 अंकों की बढ़त लेते हुए जोरदार शुरुआत की, जबकि मैक्सिको ने 57 अंक बनाए। दूसरे सेट में मैक्सिको ने 58 अंकों के साथ वापसी की, जबकि भारत ने 56 अंकों के साथ मैच को आधे चरण में 115-115 से बराबर कर दिया। तीसरे सेट में, भारत ने 58 अंकों के साथ फिर से बढ़त हासिल की, जबकि मैक्सिको ने 57 अंक बनाए, जिससे भारतीयों को 173-172 की मामूली बढ़त मिली।



भारतीय तिकड़ी ने अंतिम समय में अपना धैर्य बनाए रखा और शानदार 59 अंक बनाकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि मैक्सिको केवल 56 अंक ही बना सका। महिलाओं के कंपाउंड फाइनल में ज्योति सुरेखा वेन्नम, मधुरा धामनगांवकर और चिकिथा तानिपार्थी की टीम को मजबूत मैक्सिकन टीम से 221-234 से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। यह एकतरफा मुकाबला था, लेकिन भारतीय महिलाओं ने पूरे टूर्नामेंट में अपना दमखम दिखाया और पोडियम पर जगह बनाई। पदक तालिका में वर्मा और मधुरा की भारतीय मिश्रित टीम ने तीसरे स्थान के प्लेऑफ में मलेशिया को हराकर कांस्य पदक जीता। 24 वर्षीय मधुरा, जिन्होंने पहले कभी विश्व कप पदक नहीं जीता था, तीन साल बाद वापसी करते हुए प्रतियोगिता में अपनी दूसरी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। उनकी आखिरी उपस्थिति मेडेलिन में 2022 तीरंदाजी विश्व कप चरण 4 में थी। ये परिणाम विश्व मंच पर कंपाउंड तीरंदाजी में भारत की बढ़ती गहराई और निरंतरता को रेखांकित करते हैंलॉस एंजिल्स 2028 में मिश्रित टीम श्रेणी में एकमात्र इवेंट की विशेषता वाले कंपाउंड तीरंदाजी के साथ ओलंपिक में पदार्पण करने के लिए तैयार, भारत इस मेगा स्पोर्टिंग शो में तीरंदाजी में अपना पहला पदक जीतने की कोशिश करेगा।

## नोवाक जोकोविच जेनेवा ओपन में खेलेंगे, रोलां गैरां से पहले पहली क्ले खिताबी जीत का है लक्ष्य

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** नोवाक जोकोविच इस सीजन पहली क्ले कोर्ट जीत की तलाश में जेनेवा ओपन में उतरेंगे। टूर्नामेंट आयोजकों ने पुष्टि की कि सर्बियाई स्टार 17 से 24 मई तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। यह फ्रेंच ओपन से पहले खिलाड़ियों के लिए अंतिम वार्मअप टूर्नामेंट है।

**क्ले कोर्ट पर अब तक जीत नहीं**

छठे वरीयता प्राप्त जोकोविच इस साल यूरोपीय क्ले कोर्ट सीजन में अब तक जीत नहीं दर्ज कर सके हैं। वे मोंटे कार्लो और मैड्रिड ओपन में जल्दी बाहर हो गए थे। उनका रिकॉर्ड अब तक 0-2 का है। इस बार वे अपने करियर का 100वां खिताब जीतने के इरादे से उतरेंगे।

**जेनेवा की चुनौती और जन्मदिन की उम्मीद**

जेनेवा ओपन में जोकोविच को नंबर 4 टेलर फ्रिट्ज़ और गत चैंपियन कैस्पर रूड जैसे खिलाड़ियों की चुनौती मिलेगी। रूड ने पिछले चार में से तीन संस्करणों में खिताब जीते हैं। दिलचस्प बात यह है कि जोकोविच अपना 38वां जन्मदिन



(22 मई) एक बार फिर जेनेवा में मना सकते हैं।

**पिछले साल से मिली सीख**

पिछले साल जोकोविच सेमीफाइनल में टॉमस मचाक से हार गए थे और फिर रोलां गैरां में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे। हालांकि, उन्होंने कैस्पर रूड के खिलाफ मैच से पहले घुटने की चोट के कारण नाम वापस ले लिया था और उसी के चलते नंबर 1 रैंकिंग भी गंवा दी थी।

## 2031 संस्करण से 48 टीमों के साथ होगा महिला फीफा विश्व कप, फीफा ने दी मंजूरी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** महिला फुटबॉल को वैश्विक स्तर पर और बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए फीफा ने शुक्रवार को घोषणा की कि 2031 से महिला विश्व कप में अब 32 के बजाय 48 टीमें हिस्सा लेंगी। फीफा परिषद ने वर्चुअल बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी। फीफा के अनुसार, 48 टीमों के इस नए फॉर्मेट में 12 ग्रुप बनाए जाएंगे और कुल मैचों की संख्या बढ़कर 104 हो जाएगी, जो पुरुष विश्व कप 2026 के समान है।

टूर्नामेंट की अवधि भी एक सप्ताह तक बढ़ा दी जाएगी। फिलहाल 2027 महिला विश्व कप ब्राजील में आयोजित होगा, जिसमें 32 टीमें भाग लेंगी। 2023 में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में हुए विश्व कप में पहली बार 32 टीमों ने हिस्सा लिया था।

**फीफा अध्यक्ष ने कहा- यह महिला फुटबॉल के समग्र विकास का कदम**

फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फैन्टिनो ने कहा, यह सिर्फ 16 अतिरिक्त टीमों को जोड़ने की बात नहीं है, बल्कि महिला फुटबॉल के समग्र विकास की दिशा में अगला कदम है। इससे अधिक फीफा सदस्य देशों को महिला फुटबॉल के ढांचे को




विकसित करने का अवसर मिलेगा।

**अमेरिका बन सकता है 2031 विश्व कप का मेज़बान**

बताया जा रहा है कि अमेरिका 2031 महिला विश्व कप की मेज़बानी के लिए एकमात्र बोलीदाता है। अगर इसकी पुष्टि होती है तो यह तीसरी बार होगा जब अमेरिका इस टूर्नामेंट की मेज़बानी करेगा। इससे पहले वह 1999 और 2003 में यह कर चुका है। वहीं, 2035 विश्व कप की मेज़बानी के लिए अकेले यूनाइटेड किंगडम ने बोली लगाई है। हालांकि दोनों टूर्नामेंट की मेज़बानी पर अंतिम फैसला अभी नहीं हुआ है।

**एकतरफा मैचों की आशंका पर भी दी सफाई :** 48 टीमों के शामिल होने से संभावित एकतरफा मैचों की आशंका को लेकर भी इन्फैन्टिनो ने सफाई दी। उन्होंने कहा, 2023 विश्व कप ने दिखाया कि सभी कॉन्फेडरेशन की टीमें अब प्रतिस्पर्धी बन चुकी हैं। पहली बार सभी कॉन्फेडरेशन की टीमों ने कम से कम एक मैच जीता और पांच कॉन्फेडरेशन की टीमें नॉकआउट चरण में पहुंचीं।

## मो. अफजल ने तोड़ा पुरुषों के 800 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड, दुबई में रचा इतिहास

**एजेंसी**

**दुबई।** एशियाड सिल्वर मेडलिस्ट मोहम्मद अफजल ने दुबई में आयोजित यूएई एथलेटिक्स ग्रां प्री में पुरुषों के 800 मीटर दौड़ में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बना डाला। अफजल ने 1 मिनट 45.61 सेकंड में रेस पूरी कर 2018 में जिन्सन जॉनसन द्वारा बनाए गए 1:45.65 सेकंड के रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

**केन्याई धावक ने मारी बाज़ी, अफजल रहे दूसरे**

29 वर्षीय अफजल ने यह कारनामा वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर के ब्रॉन्ज लेवल मुकाबले में किया, जो दुबई पुलिस स्टेडियम में आयोजित हुआ था। हालांकि वे रेस में केन्या के निकोलस किप्लागट से पीछे रह गए, जिन्होंने 1:45.38 सेकंड में रेस जीत ली।

**वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए क्वालिफिकेशन समय नहीं छू सके:** हालांकि अफजल ने नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड तो बनाया, लेकिन वह 2025 वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए ऑटोमैटिक क्वालिफिकेशन टाइम 1:44.50 सेकंड को पार नहीं कर सके। इससे पहले उन्होंने 2023 हांगझो एशियन गेम्स में 800 मीटर में सिल्वर मेडल जीता था, जहां




उनका समय 1:48.43 सेकंड था।

**200 मीटर में अनिमेष कुजुर का जलवा**

दूसरी ओर, राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी अनिमेष कुजुर ने 200 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए 20.45 सेकंड में जीत दर्ज की। कुजुर इससे पहले 2025 फेडरेशन कप में 20.40 सेकंड का समय लेकर अमलान बोर्गोहेन का तीन साल पुराना रिकॉर्ड (20.52 सेकंड) तोड़ चुके हैं। बोर्गोहेन रहे पांचवें स्थान पर इस प्रतियोगिता में बोर्गोहेन 21.08 सेकंड का समय लेकर पांचवें स्थान पर रहे।

# रोहित शर्मा, बुमराह और सूर्यकुमार यादव ने भारतीय सेना को किया सलाम

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के मध्य बढ़ते तनाव के बीच भारतीय क्रिकेटर्स रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह ओर सूर्यकुमार यादव ने भारतीय सेना की बहादुरी और समर्पण को सलाम किया है। तीनों खिलाड़ियों ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए जवानों के साहस और देश की रक्षा में उनकी भूमिका की सराहना की। भारतीय तेज़ गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह ने अपने एक्स (पूर्व ट्विटर) अकाउंट पर लिखा, हमारे सशस्त्र बलों की बहादुरी और साहस के लिए आभार। हम उन्हें सलाम करते हैं और हमेशा उनके ऋणी रहेंगे, जो हमें सुरक्षित रखने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं। वहीं, स्टार बल्लेबाज़ सूर्यकुमार



यादव ने लिखा,हमारी सेनाओं पर बेहद गर्व है और उनके साहस व संयम को सलाम। आप ही हैं जिनकी वजह से हम अपने घरों में सुरक्षित हैं। सीमाओं पर आपकी शक्ति और समर्पण को नमन। जय हिंद! इस बाबत भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने भी भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना को सलाम करते हुए भावुक पोस्ट किया है। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों को तबाह किए जाने के बाद रोहित ने सुरक्षा बलों की वीरता की सराहना की। रोहित ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा , हर एक क्षण के साथ, हर एक निर्णय के साथ, मुझे हमारी भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना पर अत्यधिक गर्व महसूस होता है। हमारे वीर योद्धा देश की शान के लिए मजबूती से खड़े हैं। हर भारतीय की जिम्मेदारी है कि वह किसी भी फेक न्यूज को फैलाने या उस पर विश्वास करने से बचें। सभी सुरक्षित रहें!जय हिन्द। रोहित के इस संदेश ने देशवासियों को सुरक्षाबलों पर गर्व करने के साथ-साथ सोशल मीडिया पर सतर्कता बरतने का भी संदेश दिया है।

## नीरज चोपड़ा क्लासिक 2025 अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** 24 मई को बेंगलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम में प्रस्तावित नीरज चोपड़ा क्लासिक 2025 को मौजूदा भारत-पाकिस्तान तनाव के मद्देनजर अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। आयोजकों ने यह घोषणा की।

**खिलाड़ियों और समुदाय की सुरक्षा सर्वोपरि**

आयोजन समिति ने बताया कि यह निर्णय विचार-विमर्श और सभी पक्षों से बातचीत के बाद लिया गया है। खिलाड़ियों, साझेदारों और व्यापक समुदाय की सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है।

**'राष्ट्र सर्वोपरि, खेलों की एकता की शक्ति पर विश्वास'**

नीरज चोपड़ा क्लासिक की आयोजन समिति ने अपने बयान में कहा, हम खेल की एकता की शक्ति में विश्वास रखते हैं, लेकिन इस नाजुक समय में राष्ट्र के साथ खड़े रहना ज्यादा ज़रूरी है। हमारी पूरी श्रद्धा और भावनाएं इस समय हमारे सशस्त्र बलों के साथ हैं, जो देश की रक्षा में अग्रिम पंक्ति में डटे हुए हैं।

**नई तारीख जल्द होगी घोषितः** यह प्रतियोगिता वर्ल्ड एथलेटिक्स गोल्ड लेबल मीट का



हिस्सा है। आयोजन समिति ने बताया कि इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की नई तारीख की घोषणा जल्द की जाएगी।

# पंजाब और दिल्ली के खिलाड़ियों को कड़ी सुरक्षा के बीच जालंधर से ट्रेन से किया रवाना

**एजेंसी**

**धर्मशाला।** 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बने युद्ध के हालातों के चलते धर्मशाला में वीरवार बीती रात पंजाब और दिल्ली के बीच आईपीएल मैच को एकाएक बीच में रोक कर रद्द करने के बाद दोनों टीमों सहित अन्य स्टाफ सदस्यों को जालंधर से ट्रेन के माध्यम से दिल्ली के लिए रवाना किया। सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षा कर्मियों के कड़े पहरे में गाड़ियों के माध्यम से दोनों टीम के खिलाड़ियों को कांगड़ा पुलिस ने पंजाब की सीमा होशियारपुर तक छोड़ा। उसके बाद पंजाब पुलिस ने सुरक्षा का जिम्मा उठाते हुए इन्हें जालंधर रेलवे स्टेशन तक पंहुचाया। गौर हो कि युद्ध के हालात के चलते कांगड़ा का गगल एयरपोर्ट भी बंद कर सेना के हवाले कर दिया गया है। एएसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि



सभी टीम के खिलाड़ियों सहित अन्य स्टाफ और ब्रॉडकास्ट सदस्यों को धर्मशाला से करीब 40 से 50 छोटे वाहनों के जरिये पंजाब की सीमा होशियारपुर तक कड़ी सुरक्षा के बीच छोड़ा गया। वहां से आगे पंजाब पुलिस ने उन्हें जालन्धर रेलवे स्टेशन पंहुचाया। जालंधर से विशेष ट्रेन के माध्यम से उन्हें दिल्ली के लिए रवाना किया गया। गौरतलब है कि भारत पाकिस्तान के बीच बीती रात हुए दरों व मिसाइल हमलों के चलते धर्मशाला में पंजाब और दिल्ली के बीच खेले गए मैच को बीच मे ही रोकना पड़ी था। अचानक मैच रुकने के बाद पुलिस कर्मियों ने महज 20 मिनट में ही स्टेडियम को खाली करवा दिया और सभी दर्शकों को जल्द स्टेडियम से बाहर जाने को कहा। वहीं इससे पूर्व धर्मशाला में रात नौ बजकर 28 मिनट पर पंजाब किंग्स-दिल्ली कैपिटल्स के बीच चल रहे मैच के दौरान ब्लैकआऊट कर दिया गया और मैदान में लगी फ्लड लाइट्स को एक के बाद एक को बंद करवा दिया गया। मैदान से सबसे पहले पंजाब व दिल्ली के खिलाड़ियों को शांतिपूर्वक बाहर निकालकर होटलों में सुरक्षित भेजने के लिए रवाना किया गया था। इसके साथ ही पुलिस व अन्य सुरक्षा एजैंसियों की ओर से दर्शकों को धीरे-धीरे सभी स्टैंड से शांतिपूर्वक तरीके से बाहर निकालने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी।

## रेखा गुप्ता ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनिशप की तैयारियों पर की चर्चा

**नयी दिल्ली।** भारतीय पैरालंपिक समिति के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात कर आगामी विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 की तैयारियों को लेकर चर्चा की। आज यहां दिल्ली सचिवालय में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष, तमिलनाडु में कोयंबटूर की विधायक और भारतीय पैरालंपिक समिति की मुख्य संरक्षक वनथी श्रीनिवासन के साथ भारतीय पैरालंपिक समिति के प्रतिनिधिमंडल ने सितंबर-अक्टूबर 2025 में नई दिल्ली में आयोजित होने वाली आगामी विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप की तैयारियों और रणनीतिक योजना पर चर्चा की।

## एशिया पेसिफिक स्प्रिंट कप 2025: मप्र के खिलाड़ी प्रिंस गोस्वामी ने जीता स्वर्ण पदक

**एजेंसी**

**भोपाल।** जापान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता एशिया पेसिफिक स्प्रिंट कप 2025 में मध्य राज्य खेल अकादमी के कयाकिंग केनोइंग खिलाड़ी प्रिंस गोस्वामी में अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने प्रिंस के खेल प्रदर्शन की सराहना कर उन्हें इस गौरवान्वित उपलब्धि की बधाई दी है। दरअसल, जापान स्थित कीबा लेक कोमस्तु इशिकावा में एशिया पेसिफिक स्प्रिंट कप 2025 का आयोजन 9 से 11 मई तक किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता की शुरुआत हुई, जिसमें मप्र क्याकिंग केनोइंग अकादमी के खिलाड़ी प्रिंस गोस्वामी ने सी-1 की 1000 मीटर पुरुष स्पर्धा में 04:30.198 मिनट का समय लेकर स्वर्ण पदक अपने नाम कर देश और प्रदेश को गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में इस





स्पर्धा में जापान के कोटारो सवाटा ने 04:32.378 का समय लेकर रजत और कांस्य पदक जापान के ही खिलाड़ी फुमिया अंडो ने 04:33.818 का समय लेकर हासिल किया।

# हार्दिक, मनप्रीत और हरमनप्रीत ने मेरी काफी मदद की: मिडफील्डर राजिंदर सिंह

**एजेंसी**

**बेंगलुरु।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के युवा मिडफील्डर राजिंदर सिंह ने अक्टूबर 2024 में जर्मनी के खिलाफ दो मैचों की सीरीज़ से सीनियर टीम में कदम रखा था। अब आठ महीने बाद, वह टीम के मुख्य खिलाड़ियों में से एक बन चुके हैं। वर्तमान में वह बेंगलुरु स्थित साई केंद्र में चल रहे सीनियर नेशनल कैंप में आगामी एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 के यूरोप चरण की तैयारियों में जुटे हुए हैं। कैंप की तैयारी पर बात करते हुए राजिंदर ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, तैयारियां काफी अच्छी चल रही हैं। कुछ खिलाड़ी फिटनेस पर ज्यादा काम कर रहे हैं, तो कुछ स्टिक और बॉल स्किल्स पर। इस बार दोनों पर समान फोकस है। इससे पहले जो कैंप हुआ था, उसमें पूरी तरह फिटनेस पर ध्यान दिया गया था। भारत ने एफआईएच प्रो लीग 2024/25 के घरेलू चरण में भुवनेश्वर में आठ मुकाबलों में से पांच जीते और 15 अंक अर्जित किए। टीम फिलहाल अंकतालिका में तीसरे स्थान पर है। स्पेन, जर्मनी और इंग्लैंड से हार झेलने के बाद भारतीय टीम ने इन सभी टीमों को रिवर्स फिक्स्चर में हराया। राजिंदर ने प्रदर्शन पर बात करते हुए कहा, भुवनेश्वर में हमारे कुछ मैचों में



उतार-चढ़ाव जरूर रहे, लेकिन उनसे काफी कुछ सीखने को मिला। हम अभी भी उन मैचों के वीडियो सेशन कर रहे हैं ताकि यूरोप लेग की तैयारियों में कोई कमी न रह जाए। उन्होंने आगे कहा, उस चरण में हमने देखा कि हम सर्कल में एंट्री तो कर रहे थे, लेकिन गोल नहीं कर पा रहे थे। इस समय हम सर्कल के अंदर के खेल पर खासा ध्यान दे रहे हैं ताकि फील्ड गोल को ज्यादा से ज्यादा बदला जा सके और पेनल्टी कॉर्नर पर निर्भरता कम हो। 22 वर्षीय राजिंदर हरियाणा से हैं और जूनियर टीम के लिए सुल्तान जोहोर कप 2022 और जूनियर एशिया कप 2023 जैसे टूर्नामेंट जीत चुके हैं। सीनियर खिलाड़ियों के साथ खेलने के अनुभव पर उन्होंने कहा, ÷सीनियर खिलाड़ियों से मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला है। वे जब भी हमसे कोई गलती होती है, तो हमें समझाते हैं कि कैसे संयम में रहकर खेलना है। राजिंदर ने खासतौर पर हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह और कप्तान हरमनप्रीत सिंह का आभार जताते हुए कहा, ÷हार्दिक पाजी और मनप्रीत पाजी मिडफील्ड में मेरे साथ खेलते हैं, तो मुझे बहुत गाइड करते हैं। हरमन पाजी पीछे से आवाज़ लगाकर मेरी पोजिशनिंग सुधारते हैं। हीरो हॉकी इंडिया लीग 2024/25 में राजिंदर ने हैदराबाद तूफान्स की ओर से खेलते हुए टीम को उपविजेता बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने प्रो लीग के पहले चरण में भारत के आठ में से सात मैचों में हिस्सा लिया। अब जून में होने वाले यूरोपीय चरण में भारत को नीदरलैंड्स, अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया और बेल्जियम जैसी मजबूत टीमों का सामना करना है। राजिंदर ने कहा,जिन टीमों से हम खेलने जा रहे हैं, वे बेहद आक्रामक और शारीरिक खेल खेलने वाली हैं। मेरा व्यक्तिगत लक्ष्य है कि मैं अपने डिफेंस पर ध्यान दूं और कोई खिलाड़ी मुझसे डॉज न कर सके या मेरी लाइन को न तोड़ सके।

# साई पल्लवी

## नहीं, रणबीर कपूर की 'रामायण' के लिए 1200 करोड़ी फिल्म देने वाली ये एक्ट्रेस थी पहली पसंद, यश की वजह से छोड़ दी फिल्म





रणबीर कपूर की अपकमिंग फिल्म रामायण को लेकर काफी बज बना हुआ है. इस फिल्म में केजीएफ स्टार रावण का रोल प्ले करेंगे. इस फिल्म में सीता का रोल साई पल्लवी निभा रही हैं, जो कि पहली बार रणबीर कपूर के अपोजिट नजर आएंगी. नितेश तिवारी की डायरेक्शन में बन रही इस फिल्म की स्टार कास्ट को काफी पसंद किया जा रहा है. हालांकि, माता सीता के रोल के लिए मेकर्स की पहली पसंद साई पल्लवी नहीं बल्कि कोई और एक्ट्रेस थीं.रामायण फिल्म दो पार्ट में आएगी, हालांकि अभी तक ऑफिशियल तौर पर फिल्म के किसी कास्ट का लुक सामने नहीं आया है. हाल ही में एक इंटरव्यू में खुलासा हुआ है कि फिल्म में माता सीता के रोल के लिए साई पल्लवी नहीं बल्कि साउथ की दूसरी एक्ट्रेस मेकर्स की पसंद थीं. खास बात ये है कि जिस एक्ट्रेस को मेकर्स ने पसंद किया था, वो केजीएफ एक्टर यश की को-स्टार हैं. हम जिसकी बात कर रहे हैं, वो है श्रीनिधि शेट्टी जो केजीएफ में यश के अपोजिट थीं.

**मिला था अच्छा रिएक्शन**

हाल ही में सिद्धार्थ कनन के साथ हुए एक इंटरव्यू में श्रीनिधि ने बताया कि उन्होंने फिल्म के लिए ऑडिशन दिया था. बातचीत के दौरान एक्ट्रेस ने कहा कि अब जब फिल्म की शूटिंग चल रही है, तो इसके बारे में बात की जा सकती है. एक्ट्रेस ने कहा कि मैंने फिल्म में माता सीता के रोल के लिए स्क्रीन टेस्ट दिया था और तीन सीन भी तैयार किए थे. उन्होंने बताया कि ऑडिशन पर उन्हें लोगों से काफी अच्छा रिएक्शन भी मिला था. एक्ट्रेस ने कहा कि जि वक्त उन्होंने ऑडिशन दिया था उस वक्त यश के साथ केजीएफ में उनकी जोड़ी को काफी पसंद किया जा रहा था.

**क्यों छोड़ दी फिल्म ?**

श्रीनिधि ने कहा कि केजीएफ के 1,2 महीने के अंदर ही रामायण का ऑडिशन हो गया था. इस फिल्म में यश के रावण के किरदार निभाने को लेकर एक्ट्रेस ने फिल्म को लेकर विचार बनाया. एक्ट्रेस ने कहा, मैं सीता का किरदार निभाऊंगी, हम एक-दूसरे के खिलाफ खड़े होंगे. इसलिए लोग शायद हमें एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा न कर पाएं. इसलिए मैंने कहीं न कहीं सोचा कि ऐसा हो भी सकता है और नहीं भी. हालांकि, इस वजह से बाद में फिल्म में साई पल्लवी को चुना गया. श्रीनिधि ने कहा कि माता सीता के रोल के लिए साई पल्लवी एक बेहतरीन एक्ट्रेस हैं.

## मुझ पर अटैक किया गया...भारत के सुपरस्टार संग जुड़ा माहिरा खान का नाम, तो पाकिस्तान के लोगों ने लगाई थी फटकार



भारत और पाकिस्तान के बीच जंग शुरू हो चुकी है. भारत पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देता हुआ नजर आ रहा है. वहीं पाकिस्तानी सितारे ऑपरेशन सिंदूर के खिलाफ जहर उगलते हुए नजर आ रहे हैं. भारत की फिल्मों में काम करने का मौका तलाशने वाले पाकिस्तानी सितारे अब जुबान चलाते हुए दिखाई दे रहे हैं. खासतौर पर एक्ट्रेस माहिरा खान, जिनका बचपन का सपना ही भारत के सुपरस्टार शाहरुख खान के साथ फिल्म में काम करना था. उनका ये सपना भी पूरा हुआ, लेकिन आज हम बात करेंगे माहिरा के पाकिस्तान की, जिसके लिए आज वो प्यार लुटाती हुई नजर आ रही हैं, एक वक्त था जब उनके खुद के लोगों ने उन्हें काफी ट्रोल किया था.

दरअसल माहिरा खान की एक तस्वीर काफी वायरल हुई थी, जिसमें वो इंडिया के सुपरस्टार रणबीर कपूर के साथ सिगरेट पीती हुई नजर आईं थीं. न्यूयॉर्क में रणबीर और माहिरा को एक साथ स्पॉट किया गया था. रात के समय दोनों सितारों को एक साथ सिगरेट पीते हुए भी कैप्चर किया गया था, जिसके बाद दोनों की तस्वीरों ने इंटरनेट पर हलचल मचा दी थी. माहिरा को पाकिस्तान के फैन्स ने काफी ट्रोल किया था और उन्हें उनके संस्कार याद दिलाए थे.

**पैनिक अटैक आया और डिप्रेशन का हुई शिकार**

खुद माहिरा खान ने भी इस बात को माना था कि जब रणबीर के साथ उनकी फोटो वायरल हुई तो वो डिप्रेशन में चली गई थीं. लोगों के ताने और बातें सुन-सुनकर पाकिस्तानी एक्ट्रेस काफी तनाव में चली गईं थीं. माहिरा ने कहा था कि वह मेरे लिए मुश्किल वक्त था. मुझे लगा कि मुझ पर अटैक किया गया है. उन्होंने कहा था कि मुझे इतनी टेंशन हो गई कि एक दिन मुझे पैनिक अटैक आया और मैं बेहोश हो गई. यह पहली बार था जब मैं थेरेपी के लिए गई थी. लेकिन इससे कोई फायदा नहीं हुआ, क्योंकि मैं कई डॉक्टरों के पास गई. वह साल काफी मुश्किल था( मुझे नींद नहीं आती थी, मेरे हाथ कांपते थे.

**मुझे लगा सबकुछ खत्म हो गया - माहिरा खान**

माहिरा को ये भी लगा था कि उनका करियर अब खत्म हो जाएगा. माहिरा ने इसपर कहा था, 'जब एक आर्टिकल के जरिए फोटो आई, जिसमें मैंने छोटी सफेद ड्रेस पहनी थी तो मुझे लगा सबकुछ खत्म. उस आर्टिकल में मेरे लिए बहुत कुछ लिखा था. बाद में दूसरे मीडिया में भी वो तस्वीरें आईं और फिर इंटरनेट पर तेजी से वायरल होती गईं.' माहिरा ने कहा था कि उनकी उस तस्वीर का असर उनके परिवार पर भी पड़ा था, जब वो बाहर निकलती थीं तो उन्हें लगता था कि सब उन्हें देख रहे हैं.

## राजकुमार राव की फिल्म को लेकर मेकर्स ने लिया ऐसा फैसला, भड़क गए एक्जीबिटर्स



राजकुमार राव और वामिका गब्बी की फिल्म 'भूल चूक माफ' 9 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तय थी. हालांकि, अब मेकर्स ने ऐसा फैसला किया है कि ये फिल्म थिएटर्स में रिलीज नहीं होगी बल्कि सीधा 16 मई को ओटीटी पर आएगी. मेकर्स ने ओटीटी के लिए प्राइम वीडियो के साथ डील की है. ये फैसला फिल्म रिलीज के एक दिन पहले 8 मई को लिया गया है. इस फैसले से फिल्म एक्जीबिटर्स नाराज हैं.बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट में बताया गया कि नाम न छापने की शर्त पर एक एक्जीबिटर ने इस बदलाव पर रिएक्ट किया और कहा, हमें बहुत बड़ा झटका लगा. हमने तरण आदर्श के ट्वीट में फिल्म की रिलीज कैंसिल होने के बारे में पढ़ा. डेढ़ घंटे के बाद डिस्ट्रीब्यूटर ने हमें मेल किया. तब तक हमने रिफंड जारी करना और प्रोग्राम को चेंज करना शुरू कर दिया था.

**मेकर्स के फैसले से एक्जीबिटर हैरान**

एक्जीबिटर ने ये भी कहा, महामारी के दौरान ये बात समझ आती है कि फिल्म सीधा ओटीटी पर रिलीज हो रही, लेकिन इस केस में ऐसा करने की क्या जरूरत थी. इससे हम सभी हैरान हैं.रिपोर्ट में एक ट्रेड सोर्स के हवाले से लिखा गया, फिल्म ने नेशनल चेन में 5 हजार टिकट बेच दिए थे. इसकी 3 करोड़ रुपये की ओपनिंग होती और अगर कंटेंट मजबूत होता तो वीकेंड तक 15 करोड़ का कलेक्शन हो सकता था. 6 जून तक कोई भी हिंदी फिल्म से बॉक्स ऑफिस पर इस पिक्चर का मुकाबला नहीं था. 'भूल चूक माफ' अच्छा परफॉर्म कर सकती थी.

**मेकर्स ने क्या कहा ?**

थिएटर रिलीज कैंसिल करने को लेकर मेकर्स का एक बयान भी सामने आया है. मेकर्स ने सोशल मीडिया के जरिए बताया कि 'भूल चूक माफ' सीधा ओटीटी पर आएगी. ये भी बताया गया कि ये फैसला भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव को देखते हुए लिया गया है. मेकर्स ने पोस्ट में लिखा, हालिया घटना को देखते हुए सुरक्षा के लिहाज से मैडॉक फिल्म्स और अमेजन स्लाष्ट स्टूडियो ने फिल्म को डायरेक्ट प्राइम वीडियो पर रिलीज करने का फैसला किया. फिल्म 9 मई को सिनेमाघरों में रिलीज नहीं होगी. रिलीज को कैंसिल किया गया है. अब फिल्म 16 मई को प्राइम पर रिलीज होगी.



## देशद्रोही... ऑपरेशन सिंदूर पर

# स्वरा भास्कर

## का आया ऐसा जवाब, भड़ उठे लोग

22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से भारत-पाकिस्तान के बीच जंग जैसी स्थिति बनी हुई है. आतंकी हमले में कई मासूम लोगों ने अपनी जान गंवा दी, जिसके बाद से भारत की तरफ से 7 मई को जवाबी कार्रवाई की गई. ये हमला पाकिस्तान में स्थित 9 आतंकी ठिकानों पर किया गया और उसे तबाह कर दिया गया. जहां अभी की स्थिति को लेकर लोग भारत के साथ खड़े हैं, तो वहीं एक्ट्रेस स्वरा भास्कर अपनी पोस्ट के जरिए दोनों देशों के बीच छिड़ी जंग को प्रोपेगेंडा बताया है.स्वरा भास्कर अक्सर लोगों के बीच किसी न किसी विवाद को लेकर चर्चा में रहती हैं. हाल ही में उन्होंने भारत-पाक के बीच बढ़ती टेशन में एक्ट्रेस ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया पर क्रिप्टिक पोस्ट शेयर की है. जिसके बाद से उनको लेकर चर्चा काफी ज्यादा बढ़ गई है. एक्ट्रेस ने एक पोस्ट शेयर की है, जिसमें उन्होंने वॉर को प्रोपेगेंडा बताया है. एक्ट्रेस ने जार्ज ओरवेल का एक कोट शेयर किया है, जिसमें लिखा है कि हर वॉर प्रोपेगेंडा है. सारी चीख-पुकार, झूठ-नफरत हमेशा उन लोगों से आती है, जो असल में नहीं लड़ते हैं. इसके साथ ही उन्होंने दो और स्टोरी शेयर की है. जिसमें से एक में उन्होंने एक इंस्टाग्राम यूजर की पोस्ट शेयर की है.



**'मूर्खता की अंत कब होगा'**

इस पोस्ट में वॉर चाहने वाले सभी लोगों के लिए मैसेज लिखा गया है. इसमें लिखा है कि, जो कोई भी जंग की चाहत रखता है वो एक बार अपनी फैमिली की तरफ देखें, और सोचे कि वो इनमें से किसे खोने के लिए तैयार है. क्योंकि, अगर आप युद्ध में उतरेंगे, तो ये सिर्फ बॉर्डर पर नहीं बल्कि आपके घर के बाहर ही लड़ा जाएगा. साथ ही स्वरा ने एक फोटो भी शेयर की है, जिसमें लोग हैदराबाद के कराची बेकरी पर तिरंगा लगा रहे है, जिस पर उन्होंने लिखा है कि मूर्खता की अंत कब होगा.

**लोग कह रहे हैं देशद्रोही**

स्वरा भास्कर ने युद्ध को लेकर दिए गए अपने बयान से एक नई बहस शुरू कर दी है. ऐसे माहौल में एक्ट्रेस की इस तरह की टिप्पणी पर सोशल मीडिया पर लोगों के मिले-जुले रिएक्शन देखने को मिल रहे हैं. जहां कई सारे लोगों को उनकी बातें सही लग रही हैं, तो वहीं कई यूजर्स उन्हें देशद्रोही कहकर ट्रोल कर रहे हैं. स्वरा के अलावा बॉलीवुड के कई सारे सितारों ने भारत की तरफ से शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर को सपोर्ट किया है.